खबरें छुपाता नहीं, छापता है
# शाह टाइम्स
मेरठ, बुधवार 17 दिसम्बर 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 197 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम : 20°C
न्यूनतम : 07°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | पौष कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 | 25 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बांग्लादेश मुक्ति संघर्ष के दौरान भारतीय सेना की वीरता प्रेरणादायकः मोदी पेज 2



IPL ऑक्शनः प्रशांत वीर और कार्तिक शर्मा 14.20-14.20 करोड़ में बिके, ग्रीन सबसे महंगे विदेशी खेल टाइम्स



प्रकृति ने कैंसर वापस करना शुरू कर दिया सम्पादकीय



तेलंगाना से जुड़े ऑस्ट्रेलिया आतंकी हमले के तार पेज 12

# कोहरे के चलते भीषण हादसा, 7 बसें व 3 छोटे वाहन टकराए, लगी भयंकर आग, 13 की मौत

## 150 से अधिक लोग घायल, 4 शवों का डीएनए कराया जा रहा, दो मृतकों की पहचान, पुलिस की ओर से एफआईआर दर्ज



शाह टाइम्स ब्यूरो

**मथुरा।** मंगलवार सुबह करीब 4 बजे यमुना एक्सप्रेसवे के थाना बलदेव क्षेत्र के माइलस्टोन 127 गांव खड़ेहरा पर आगरा से नोएडा जा रही लाइन पर भयानक सड़क हादसा हो गया। यहां विजुअलिटी कम होने के कारण कोहरे में वाहन आपस में टकरा गए। इससे वाहनों में आग लग गई। बताया जाता है कि सात बसें और तीन कारों में भीषण आग लगी।

वाहन क्षतिग्रस्त व राख हो गए। हादसा इतना भयानक था की 13 लोगों की जलकर मौत हो गई जबकि लगभग 150 से अधिक घायलों को उपचार के लिए लगभग 20 एम्बुलेंसों के जरिये चिकित्सालय पहुंचाया गया। एक्सप्रेस-वे पर घटना की सूचना पर इलाका पुलिस व पुलिस प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग से जुड़े लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना से यात्रियों में चीख पुकार मच गई। एक्सप्रेस वे पर सुबह-सुबह हुई दुर्घटना की सूचना मिलते ही डीएम सीपी सिंह व एसएसपी श्लोक कुमार घटनास्थल पर पहुंचे। बताया जाता है अग्निकांड इतना भीषण था की चारों ओर आग ही आग दिखाई दे रही थी। आंख की लपटें काफी ऊंची ऊंची उठ रही थी जो किलोमीटर तक देखी गईं। लोग बचने के लिए इधर-उधर भाग रहे थे। डीएम-एसएसपी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर संबंधित अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। घटना से मार्ग अवरुद्ध हो गया। वाहनों की लाईन लग गई। पुलिस ने क्षतिग्रस्त हुए वाहनों को क्रेन से हटवा कर साइड से किया। आग इतनी भीषण थी लगभग एक दर्जन दमकलों ने आग पर काबू पाया। हादसे में कानपुर के लोग ज्यादा घायल हुए हैं। एक ही परिवार के कई लोग हैं। वहीं पुलिस प्रशासन ने हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। एसएसपी श्लोक कुमार ने भीषण हादसे में 13 लोगों की जलकर मृत्यु होने की पुष्टि की है। एसएसपी ने बताया लोगों को सरकारी वाहनों से उनके गंतव्य तक पहुंचाया गया है। रूट डायवर्जन कर वाहनों को निकाला गया। दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई है। लोगों को रेस्क्यू कर लाया गया है। घटना स्थल से मिले मलबे व अन्य सामान को मोर्चरी में रखवाया गया है। 4 शवों का डीएनए कराया जा रहा है जिससे उनके परिजन आए तो मिलान हो सके। शवों की शिनाख्त कराने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की ओर से एफआईआर दर्ज कराई गई है जो भी तथ्य प्रकाश में आएंगे कड़ी विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने दो मृतकों की पहचान रामपाल पुत्र पहोड़ीराम निवासी आजमगढ़ व अजिलेंद्र यादव पुत्र बंशीधर निवासी मुद्दीनपुर थाना सराय ममरेज जिला प्रयागराज के रुप में हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्सप्रेस वे पर हुए सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए अधिकारियों को घायलों का तत्काल समुचित एवं नि:शुल्क उपचार सुनिश्चित करते -शेष पृष्ठ दो पर

- **मुख्यमंत्री योगी ने जताया शोक**
- **मृतकों को 2-2 लाख व घायलों को 50- 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि की घोषणा**

## संक्षिप्त समाचार

### रुपया पहली बार 91 प्रति डॉलर से नीचे उतरा

**मुंबई।** रुपये में मंगलवार को भी भारी गिरावट देखी गई और अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में पहली बार एक डॉलर की कीमत 91 रुपये से ऊपर पहुंच गई। रुपया मंगलवार को नौ पैसे टूटकर 90.87 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और लगातार लुढ़कता हुआ दोपहर से पहले 91.14 रुपये प्रति डॉलर तक उतर गया। खबर लिखे जाते समय यह 22 पैसे नीचे 91 रुपये प्रति डॉलर पर था। भारतीय मुद्रा सोमवार को बीच कारोबार में 90.80 रुपये प्रति डॉलर तक उतरने के बाद 28.50 पैसे की गिरावट में 90.78 रुपये प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर पर बंद हुई थी। रुपये में लगातार आ रही गिरावट के बारे में रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने दिसम्बर के पहले सप्ताह में कहा था कि केंद्रीय बैंक ने रुपये का कोई दायरा और न ही कोई स्तर तय किया है जहां वह हस्तक्षेप करेगा।

### दिल्ली हवाई अड्डे पर 126 उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मंगलवार सुबह 126 उड़ानें रद्द रहीं। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि दोपहर 12 बजे तक दिल्ली से जाने वाली 49 घरेलू उड़ानें और दिल्ली आने वाली 77 उड़ानें अब तक रद्द रही हैं। मंगलवार को हालांकि सोमवार की तरह घना कोहरा नहीं छाया रहा, लेकिन सोमवार को हुई देरी और रद्द रही उड़ानों का असर परिचालन पर देखने को मिला। इसके अलावा, कुछ असर कम दृश्यता का भी रहा है। सोमवार को 228 उड़ानें रद्द रही थीं, जिनमें 131 जाने वाली और 97 आने वाली उड़ानें थीं। इसके अलावा पांच उड़ानों को दूसरे शहरों के लिए डायवर्ट करना पड़ा था।

# जज कैश कांडः सुप्रीम कोर्ट का लोकसभा अध्यक्ष को नोटिस

## न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ पैनल गठन को चुनौती देने वाली याचिका पर जारी किया नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो



- **पूछा: राज्यसभा में महाभियोग प्रस्ताव नामंजूर फिर जांच पैनल क्यों बनाया, संसद में यह कैसे हुआ**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के अंतर्गत गठित संसदीय समिति की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर नोटिस जारी किया। इस समिति का गठन न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के आधिकारिक आवास पर बेहिसाब नकदी मिलने के बाद शुरू की गई महाभियोग कार्यवाही के संबंध में उनके खिलाफ लगे आरोपों की जांच के लिए किया गया था।


इस मामले में न्यायमूर्ति वर्मा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी, पेश हुए, जिन्होंने एक्स के नाम से गुमनाम रूप से याचिका दायर की है। यह पेशी न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ के समक्ष हुई। समिति के गठन की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए न्यायमूर्ति वर्मा ने तर्क दिया कि हालांकि लोकसभा और राज्यसभा दोनों में महाभियोग नोटिस पेश किए गए थे, लेकिन लोकसभा अध्यक्ष ने राज्यसभा अध्यक्ष के प्रस्ताव को स्वीकार करने के निर्णय की प्रतीक्षा किए बिना और कानून के अंतर्गत अनिवार्य संयुक्त परामर्श के बिना एकतरफा रूप से समिति गठन किया। न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के प्रावधानों का हवाला देते हुए श्री रोहतगी ने कहा कि अगर संसद के दोनों सदनों में एक ही दिन किसी प्रस्ताव की सूचना दी जाती है, तो वहां कोई समिति तब तक गठित नहीं की जा सकती जब तक कि प्रस्ताव दोनों सदनों में स्वीकार न हो जाए। उन्होंने तर्क दिया कि ऐसी स्थिति में समिति का गठन लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा अध्यक्ष द्वारा संयुक्त रूप से किया जाना चाहिए। अधिनियम की धारा 3(2) के प्रावधान का हवाला देते हुए श्री रोहतगी ने इस बात पर बल दिया कि वैधानिक भाषा अनिवार्य है और प्रस्ताव देने और स्वीकार करने के बीच स्पष्ट रूप से अंतर करती है। उन्होंने कहा कि यद्यपि अलग-अलग तिथियों पर स्वीकार हो सकता है, लेकिन वर्तमान मामले में प्रस्ताव दोनों सदनों में एक ही दिन प्रस्तुत किए गए थे इसलिए संयुक्त रूप से गठित समिति की आवश्यकता थी। श्री रोहतगी ने स्पष्ट किया कि जहां कोई प्रस्ताव केवल एक सदन में स्वीकार किया -शेष पृष्ठ दो पर

# नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया-राहुल को राहत

- **दिल्ली कोर्ट ने ईडी की शिकायत खारिज की, कहा: मामला FIR नहीं, बल्कि निजी आरोप से जुड़ा**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने मंगलवार को पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और पार्टी नेता राहुल गांधी को राहत देते हुए नेशनल हेराल्ड धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के आरोप पत्र पर संज्ञान लेने से इन्कार कर दिया।

इस आदेश से मामले में नामित अन्य पांच आरोपियों को भी राहत मिली है। अदालत ने हालांकि कहा कि यदि ईडी चाहे, तो अपनी जांच जारी रखने के लिए स्वतंत्र है। अदालत ने टिप्पणी की कि पंजीकृत प्राथमिकी के अभाव में धन शोधन की जांच और उसके आधार पर दायर की गई अभियोजन शिकायत कायम नहीं रह सकती। अदालत ने कहा कि इस तरह की शिकायत के आधार पर धन शोधन के लिए कानूनी कार्यवाही भी स्वीकार्य नहीं है।




## गोवा अग्निकांड: लूथरा ब्रदर्स को थाईलैंड से दिल्ली लाया गया

### गोवा पुलिस ने एयरपोर्ट से किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** गोवा के नाइट क्लब 'बिर्च बाय रोमियो लेन' अग्निकांड मामले में मुख्य आरोपी सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को थाईलैंड से दिल्ली लाया गया है। भारतीय सुरक्षा अधिकारी दोनों भाइयों के साथ मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उतरे। दिल्ली एयरपोर्ट पर गोवा पुलिस की एक टीम ने दोनों को एयरपोर्ट पर ही गिरफ्तार कर लिया। अब उन्हें पटियाला हाउस कोर्ट में ट्रांजिट रिमांड के लिए पेश किया जाएगा। ट्रांजिट रिमांड की इजाजत मिलते ही पुलिस दोनों को लेकर गोवा जाएगी। सौरभ और गौरव लूथरा बिर्च नाइट क्लब के मालिक हैं। क्लब में 6 दिसम्बर को आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी। घटना के बाद दोनों भाई थाईलैंड भाग गए थे।

## उधमपुर में मुठभेड़, एक जवान शहीद

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में उधमपुर जिले के मजालता इलाके में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में एसओजी का एक जवान शहीद हो गया। यहां तीन आतंकियों के फंसे होने की आशंका है। सूत्रों ने बताया कि पुंछ के रहने वाले एसओजी जवान अमजद अली खान सोमवार रात मुठभेड़ के दौरान गंभीर रूप से घायल हो गए थे और उन्हें तुरंत बाहर निकाला गया, लेकिन घावों की वजह से उनकी मौत हो गई।

# लोकसभा में वीबी-जी राम जी बिल पेश, सदन में हंगामा

**नई दिल्ली।** लोकसभा में मंगलवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विकसित भारत-गारंटी फार रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) बिल, 2025' पेश किया। इसके बाद सदन में हंगामा शुरू हो गया।

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भी 'वीबी- जी राम जी' बिल का विरोध किया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी का नाम बदलना सही नहीं है। महात्मा गांधी का नाम राज्य का विजन पॉलिटिकल नहीं सामाजिक विकास का था। उनका नाम ही हटाना गलत है। राम का नाम बदनाम न करो। बिल पर चर्चा के बीच विपक्ष ने हंगामा किया।। इसके बाद कार्यवाही 2 बजे तक स्थगित कर दी। वीबी-जी राम जी बिल पास हो जाता है, तो महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून (मनरेगा) को रिप्लेस करेगा। नए बिल में कहा गया है कि इसका उद्देश्य 'विकसित भारत 2047' के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप ग्रामीण विकास का नया ढांचा तैयार करना है। काम के दिनों की संख्या 100 से बढ़ाकर 125 दिन कर दी जाएगी। राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव हारने पर ईवीएम और वीवीपैट पर सवाल उठाना और जीतने पर सब सही कहना उचित नहीं है। उन्होंने याद दिलाया कि ईवीएम की शुरुआत राजीव गांधी के समय हुई थी।

### मनरेगा का नाम बदलना मोदी सरकार की सनक : प्रियंका-राहुल

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना (मनरेगा) का नाम बदलना मोदी सरकार की सनक का परिणाम है और ऐसा कर वह गरीबों के हक मार रही है। श्रीमती वाड्रा ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि मनरेगा का नाम बदलने के पीछे की सच्चाई यह है कि मोदी सरकार रोजगार के कानूनी अधिकार को खत्म करना चाहती है। इस योजना से देश के गरीब से गरीब मजदूरों को रोजगार की गारंटी मिलती है, लेकिन मोदी सरकार को योजनाओं के नाम बदलने की सनक है।

## संक्षिप्त समाचार

### विदेशों में भारतीयों का प्रत्यक्ष निवेश नवम्बर में 31 प्रतिशत घटा

**मुंबई।** विदेशों में भारतीयों का प्रत्यक्ष निवेश नवम्बर महीने में 30.82 प्रतिशत घटकर 203.71 करोड़ डॉलर रह गया। रिजर्व बैंक द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार भारतीयों ने नवम्बर में दुनिया के अन्य देशों में कुल 203.71 करोड़ डॉलर का निवेश किया। पिछले साल नवम्बर में उनका निवेश 294.45 करोड़ डॉलर रहा था, जबकि इस साल अक्टूबर में यह 368.23 करोड़ डॉलर दर्ज किया गया था। एक साल पहले की तुलना में इस साल नवम्बर में भारतीयों ने विदेशों में इक्विटी में ज्यादा निवेश किया है, जबकि ऋण और गारंटी में उनका निवेश घटा है। इक्विटी में उन्होंने 97.84 करोड़ डॉलर का निवेश किया है, जो सालाना आधार पर 10.46 प्रतिशत अधिक है।

### डाक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की बायोमेट्रिक अटेंडेंस अनिवार्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग में अनुशासन और जवाबदेही को मजबूत करने के लिए बड़ा कदम उठाया गया है। अब सभी सरकारी अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) में तैनात डाक्टरों, नर्सों और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के लिए बायोमेट्रिक अटेंडेंस अनिवार्य कर दी गई है। महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं डा. रतन पाल सिंह सुमन ने इस संबंध में सभी इकाइयों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। अब वेतन भी बायोमेट्रिक उपस्थिति के आधार पर ही जारी किया जाएगा। डा. रतन पाल सिंह सुमन ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में अनुपस्थिति और लापरवाही की शिकायतें लंबे समय से आ रही थीं, खासकर दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों मे। इस व्यवस्था से सभी की प्रभावी निगरानी संभव हो सकेगी।

### पीएम ने विजय दिवस पर बांग्लादेश में 1971 के शौर्य और साहस को याद किया

# भारतीय सेना की वीरता पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायक

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ पीएम मोदी और रक्षामंत्री राजनाथ बोले- यह सशस्त्र बलों की ऐतिहासिक और निर्णायक जीत का प्रतीक है

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भारतीय सेना ने मंगलवार को 'विजय दिवस' के अवसर पर 1971 में सशस्त्र बलों द्वारा प्रदर्शित शौर्य और साहस को याद किया।

जन सूचना अतिरिक्त महा. निदेशालय (एडीजी पीआई) ने इस दिन को याद करते हुए एक्स पर लिखा कि विजय दिवस सिर्फ एक तारीख नहीं है, बल्कि यह 1971 के युद्ध में भारतीय सशस्त्र बलों की ऐतिहासिक और निर्णायक जीत का प्रतीक है। 'विजय दिवस: 1971 के युद्ध की शाश्वत कहानी' शीर्षक वाली इस पोस्ट में कहा गया है, यह एक ऐसी जीत थी जहां मुक्ति वाहिनी और भारतीय सशस्त्र बल कंधे से कंधा मिलाकर लड़े। यह एक ऐसी जीत थी, जिसने भारत के सैन्य इतिहास को नया आकार दिया, दक्षिण एशिया के नक्शे को फिर से खींचा और एक नए राष्ट्र-बंगलादेश को जन्म दिया। महानिदेशालय कार्यालय ने पाकिस्तानी सेना द्वारा एक पूरे समुदाय पर किए गए क्रूर अत्याचारों, उत्पीड़न और क्रूरता को समाप्त करने में युद्ध की भूमिका का उल्लेख किया कि केवल 13 दिनों में, भारतीय सशस्त्र बलों ने असाधारण साहस, अटूट संकल्प और बेजोड़ सैन्य कौशल का प्रदर्शन किया, जिसका समापन 93,000 पाकिस्तानी सैनिकों के आत्मसमर्पण में हुआ, जो वैश्विक इतिहास में सबसे बड़े सैन्य आत्मसमर्पणों में से एक है। यह दिन भारत की अपने दोस्तों के प्रति निष्ठा और अपने विरोधियों के लिए एक स्पष्ट संदेश है, तब भी और अब भी, जब भारत न्याय के लिए खड़ा होता है, तो जीत अपरिहार्य होती है। भारतीय वायु सेना ने भी इस दिन युद्ध के दौरान कार्रवाई में शामिल जेट विमानों की दुर्लभ, अनदेखी तस्वीरों और वीडियो को प्रदर्शित करते हुए एक वीडियो साझा किया। '1971 युद्ध- साहस का वृत्तांत' शीर्षक वाले इस वीडियो में 13 दिनों के युद्ध के दौरान दिन-वार किए गए अन्य कार्यों के अलावा लोंगेवाला की लड़ाई, तंगेल हमला भी शामिल है।

### खड़गे-राहुल ने विजय दिवस पर सशस्त्र बलों को दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने 1971 के युद्ध में भारत की ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित करने वाले सैनिकों की बहादुरी, बलिदान और वीरता को याद करते हुए सशस्त्र बलों को 'विजय दिवस' पर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री खरगे ने राष्ट्र के सशस्त्र बलों और मुक्ति वाहिनी की असाधारण बहादुरी और बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। खड़गे ने 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में लिखा, 1971 में इसी दिन इतिहास रचा गया था, जब भारत के बहादुर सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान को निर्णायक रूप से हराया, जिससे बंगलादेश को स्वतंत्रता मिली और दुनिया के नक्शे को एक नया आकार मिला। खड़गे ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के निर्णायक नेतृत्व को याद करते हुए कहा कि श्रीमती इंदिरा गांधी के दूरदर्शी, साहसी और दृढ़ नेतृत्व में, यह जीत मानवता और न्याय का एक महान उदाहरण बनी। कांग्रेस अध्यक्ष ने सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि हम भारत की सैन्य शक्ति और मुक्ति वाहिनी के असाधारण शौर्य, वीरता और बलिदान को सलाम करते हैं। देश मां भारती के इन वीर सपूतों के समर्पण और निस्वार्थ सेवा को हमेशा याद रखेगी। गांधी ने दक्षिण एशिया को नया आकार देने और बंगलादेश के निर्माण वाले इस दिन को याद करते हुए सशस्त्र बलों के साहस की सराहना की।

# उत्तर भारत में अभी शुष्क बना रहेगा मौसम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में कड़ाके की सर्दी का आगमन अभी कम से कम एक सप्ताह और टल सकता है। हालांकि सुबह के समय कोहरा लगातार छाया रहेगा, जिससे दृश्यता प्रभावित हो रही है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

मौसम विभाग के वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश के अनुसार आमतौर पर पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत में सर्दी को सक्रिय करते हैं, लेकिन मौजूदा पश्चिमी विक्षोभ इतना प्रभावी नहीं है कि ठंडी हवाओं को अपने साथ ला सके। उन्होंने कहा कि इस सिस्टम के कारण धूप बिना किसी बड़ी रुकावट के मिल रही है, जिससे दिन के तापमान सामान्य से अधिक बने हुए हैं। कुल मिलाकर मौसम शुष्क रहेगा और खास ठंड नहीं पड़ेगी, लेकिन सुबह के समय कोहरा बना रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को राजधानी में न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो दिसम्बर के सामान्य तापमान से अधिक है। मौसम विभाग ने पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में घने कोहरे को लेकर एलो अलर्ट जारी किया है,

■ पश्चिमी विक्षोभ का नहीं दिख रहा असर

हालांकि अभी तक कंपकंपा देने वाली ठंड का असर नजर नहीं आ रहा है। इस बीच हल्की हवाओं के चलते वायु गुणवत्ता में भी कुछ सुधार देखने को मिला है। सोमवार को लखनऊ का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 163 दर्ज किया गया, जो 'मध्यम' श्रेणी में आता है।

इससे पहले 11 से 14 दिसम्बर के बीच लगातार चार दिनों तक एक्यूआई 'खराब' श्रेणी में बना हुआ था। विशेषज्ञों का कहना है कि इन्हीं हल्की हवाओं ने शहर की हवा से प्रदूषक तत्वों को हटाने में मदद की है। हालांकि राहत सभी इलाकों में समान नहीं रही। शहर के छह वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्रों में से टॉकीटोरा और लालबाग स्टेशनों पर हवा की गुणवत्ता अब भी 'खराब' श्रेणी में रही, जहां एक्यूआई क्रमश: 239 और 216 दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि यदि तेज हवाएं या बारिश नहीं हुई, तो वायु गुणवत्ता में यह सुधार अस्थाई साबित हो सकता है। आने वाले पूरे सप्ताह तक मौसम हल्का बना रहने की संभावना है और तापमान में केवल एक-दो डिग्री की गिरावट आ सकती है, जो मध्य दिसम्बर के लिहाज से अब भी सामान्य से अधिक रहेगी।

## हिजाब मामला: नीतीश पर भड़की कैराना सांसद इकरा हसन

**नई दिल्ली।** यूपी के कैराना से समाजवादी पार्टी की सांसद इकरा हसन ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा कथित तौर पर एक महिला का हिजाब हटाने की को. शिशों पर प्रतिक्रिया दी है। शीतक. ालीन सत्र के दौरान संसद परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए इकरा ने कहा यह धार्मिक मामला नहीं है, लेकिन अगर सीएम ऐसा खुद कर रहे हैं, तो समाज के अन्य स्तरों पर क्या होगा?

सांसद इकरा हसन ने कहा कि काफी समय से, बिहार चुनाव से पहले भी, नीतीश कुमार की सेहत को लेकर चिंताएं रही हैं। वह बुजुर्ग हैं और सभी उनका सम्मान करते हैं, लेकिन सबसे जरूरी बात यह है कि जिस पद पर वह हैं, उसकी अपनी गरिमा है। इससे



■ सीएम ऐसा कर रहे, तो समाज का क्या होगा

पहले सोशल मीडिया साइट एक्स पर इकरा ने 15 दिसंबर को लिखा था - शर्मनाक! एक महिला डाक्टर का हिजाब खींचना उसकी गरिमा और धार्मिक पहचान पर सीधा हमला है। जब राज्य का मुख्यमंत्री ऐसा करे, तो महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल उठना लाजमी है।

## राम राज्य और गांधी अलग नहीं: थरूर

**नई दिल्ली, वार्ता**

मनरेगा का नाम बदलने और जी-रामजी बिल पर विवाद के बीच शशि थरूर ने राम राज्य को गांधी के सपनों का हिस्सा बताया और सरकार और कांग्रेस दोनों को संतुलित संदेश दिया। कांग्रेस नाम बदलने का जमकर विरोध कर रही है, उसका आरोप है कि जानबूझकर गांधी का अपनमान किया जा रहा है।

केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना का नाम बदलने के प्रस्ताव और नए जी-राम जी बिल को लेकर सियासी घमासान मचा हुआ है। कांग्रेस पार्टी इसे गांधी का अपमान बता रही है, लेकिन इस शोरगुल के बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर ने एक ऐसा बयान दिया है, जिसने न केवल सरकार



■ मनरेगा का नाम बदलने पर थरूर ने कांग्रेस को दिखाया आईना, सरकार को नसीहत

को जवाब दिया है, बल्कि परोक्ष रूप से अपनी ही पार्टी कांग्रेस को भी आईना दिखा दिया है। अक्सर देखा गया है कि 'राम' या 'राम राज्य' के नाम पर कांग्रेस और विपक्ष रक्षात्मक मुद्रा में आ जाते हैं, लेकिन थरूर ने खुलकर 'राम राज्य' का समर्थन किया है और इसे महात्मा गांधी के सपनों का अटूट हिस्सा बताया है। इतना ही नहीं उन्होंने सरकार को भी नसीहत दी। शशि थरूर ने 'एक्स' पर कहा- 'राम' से परहेज करना गांधीवाद नहीं है। उन्होंने तर्क दिया कि महात्मा गांधी के लिए 'राम राज्य' और 'ग्राम स्वराज' कभी भी विरोधी विचार नहीं थे।थरूर ने ट्वीट किया कि सरकार के प्रस्तावित नए जी-राम-जी बिल में मनरेगा का नाम बदलने को लेकर विवाद दुर्भाग्यपूर्ण है। ग्राम स्वराज की अवधारणा और राम राज्य का आदर्श कभी भी प्रतिस्पर्धी ताकतें नहीं थीं, वे गांधीजी की चेतना के दो पिलर्स थे। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भी इस बिल का कड़ा विरोध किया और इसे बहुत अफसोसजनक और पीछे की ओर ले जाने वाला कदम बताया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी का नाम हटाना राष्ट्रपिता के साथ अन्याय है।

### भाजपा ने गोवा विश्वविद्यालय में लोकतंत्र को कमजोर किया: एनएसयूआई

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) ने मंगलवार को होने वाले गोवा विश्वविद्यालय छात्र परिषद चुनावों को अचानक रद्द किए जाने का विरोध किया। एनएसयूआई ने बयान जारी कर कहा कि गोवा विश्वविद्यालय छात्र परिषद चुनाव को तब रद्द किया गया, जब एनएसयूआई विश्वविद्यालय में शीर्ष पदों और कार्यकारी पदों पर जीत हासिल करने के करीब थी। हार का सामना करने में असमर्थ भाजपा ने छात्रों के जनादेश का सम्मान करने के बजाय चुनावी प्रक्रिया को बाधित करने का विकल्प चुना। एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी ने कहा यह लोकतंत्र पर खुला हमला है। जब भाजपा को पता होता है कि वह हार जाएगी, तो वह लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को कुचलने के लिए प्रशासन का इस्तेमाल करती है। गोवा विश्वविद्यालय छात्र परिषद चुनाव रद्द करना भाजपा के छात्रों की आवाज और निष्पक्ष चुनावों के प्रति भय को स्पष्ट रूप से उजागर करता है।



सेंसेक्स 84679.86
निफ्टी 25860.10



सोना रु. 132136
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 191971
प्रति किलो



# कमजोर रुपये के दबाव में सेंसेक्स 533 अंक लुढ़का

**मुंबई, वार्ता**

रुपये के लगातार दबाव में रहने से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन गिरावट देखी गई और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचक. ांक सेंसेक्स 533.50 अंक (0.63 प्रतिशत) लुढ़ककर 84,679.86 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 167.20 अंक यानी 0.64 प्रतिशत गिरकर 25,860.10 अंक पर आ गया। यह दोनों सूचकांकों का 10 दिसम्बर के बाद का निचला स्तर है। भारतीय मुद्रा आज पहली बार बीच कारोबार में 91 रुपये प्रति डॉलर से नीचे उतर गई। इससे निवेश धारणा कमजोर रही। चौतरफा बिकवाली के बीच सुबह से ही बाजार पर दबाव रहा। सेंसेक्स एक समय 597 अंक लुढ़क गया था। मझौली और छोटी कंपनियों पर भी दबाव देखा गया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.86 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक



0.92 प्रतिशत की गिरावट में रहा। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और मीडिया को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों पर बिकवाली हावी रही।

रियलिटी, बैंकिंग, वित्त, आईटी और धातु समूहों से सूचकांक ज्यादा टूटे। बाजार पर दबाव इस कदर रहा कि एनएसई में जिन 3,211 कंपनियों के शेयरों में आज कारोबार हुआ, उनमें से 2,095 के शेयर गिरकर बंद हुए। वहीं 93 कंपनियों के शेयर अंतत: अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 22 के शेयर लाल निशान में बंद हुए। एक्सिस बैंक में सबसे अधिक 5.03 प्रतिशत की गिरावट रही। इटरनल का शेयर 4.69 प्रतिशत से अधिक लुढ़क गया। एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर 1.90 प्रतिशत, टाटा स्टील का 1.74, बजाज फिनसर्व और अल्ट्राटेक सीमेंट दोनों के 1.65 और बजाज फाइनेंस का 1.41 प्रतिशत टूट गया।

रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंफोसिस, एनटीपीसी, अडानी पोर्ट्स, सनफार्मा, टीसीएस, पावरग्रिड, बीईएल, एलएंडटी, भारतीय स्टेट बैंक और हिदुस्तान यूनीलि. वर के शेयर भी लाल निशान में रहे। टाइटन में 1.60 प्रतिशत की तेजी रही। भारती एयरटेल, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एशियन पेंट्स के शेयर भी बढ़त के साथ बंद हुए। अमेरिका में रोजगार के आंकड़ों से पहले वैश्विक स्तर पर शेयर बाजारों में गिरावट रही। एशिया में जापान का निक्केई 1.56 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 1.54 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.11 प्रतिशत टूट गया। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.30 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.42 प्रतिशत फिसल गया।

## सोना और चांदी के भावों में आई गिरावट

**नई दिल्ली।** मंगलवार को सोना और चांदी के दाम में गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम सोना 1,113 रुपए गिरकर 1,32,136 रुपए पर आ गया है। इससे पहले सोना 1,33,249 रुपए पर था। वहीं 1 किलो चांदी का दाम 1,446 रुपए गिरकर 1,91,971 रुपए पर आ गई है। इससे पहले चांदी 1,93,417 रुपए प्रति किलोग्राम पर थी।

इस साल अब तक सोने की कीमत 55,974 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,32,136 रुपए हो गया है। चांदी का भाव भी इस दौरान 1,05,954 रुपए बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 1,91,971 रुपए प्रति किलो हो गई है। हमेशा ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड सोना ही खरीदें। सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है।

## चावल, गेहूं, चीनी, दालें रहीं मजबूत, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ गेहूं, चीनी और दालों में भी तेजी देखी गई। खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 15 रुपये बढ़कर 3,857 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं आठ रुपये महंगा हुआ और 2,860 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत छह रुपये बढ़ गई। दाल-दलहनों में तेजी रही। उड़द दाल 27 रुपये और मूंग दाल 25 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। चना दाल की कीमत भी 25 रुपये बढ़ी, जबकि तुअर दाल 12 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गई। वहीं मसूर दाल का भाव कमोबेश गत दिवस के स्तर पर टिका रहा। विदेशों में बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा 52 रिंगिट फिसलकर 3,961 रिंगिट प्रति टन रह



गया। जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 1.02 प्रतिशत गिरकर में 49.50 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 19 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। अन्य खाद्य तेलों में तेजी रही। सोया तेल 43 रुपये और सरसों तेल 37 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सूरजमुखी तेल की कीमत 28 रुपये और वनस्पति की 22 रुपये बढ़ी। पाम ऑयल भी 12 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 13 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी सात रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**कोहरे के ...**

हुए उन्हें हर संभव मदद उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख व घायलों को पचास पचास हजार रुपये की आर्थिक राहत सहायता राशि देने की घोषणा की है। सीएम ने अधिकारियों से फोन पर जानकारी ली है। हादसे में खुशबू पुत्री लज्जाराम व आमिर पुत्र इरसाद निवासी कानपुर,डा. पीआर त्रिपाठी अपराजिता त्रिपाठी पुत्र डा. पीआर त्रिपाठी निवासी नोएडा,अमित निवासी औरैया, शाहिद व शफीक पुत्र नियामद उल्ला निवासी कानपुर, शेरू निवासी कानपुर, आदित्य पुत्र अनिल निवासी फतेहपुर , वीरेन्द्र गिरि पुत्र रामलखन व ऊषा पत्नी वीरेन्द्रगिरि निवासी बाराबंकी, शशी सिंह पुत्र कुलदीप भास्कर व कुलदीप भास्कर पुत्र रतनसिंह निवासी कानपुर, रघुवर पुत्र सामरू व हेमा देवी पत्नी राधेश्याम निवासी अंबेडकर नगर,आलोक तिवारी पुत्र विधासागर निवासी कानपुर, नरगेश पत्नी सुल्तान व राज पुत्र नियास निवासी मनकापुर गोंडा, प्रमोद पुत्र गोकुल प्रजापति निवासी महुआ,अभिषेक पुत्र कैलाश निवासी कानपुर, मुसर्रफ पुत्र नसीरूद्दीन निवासी कानपुर, हेमन्त पुत्र देवराज निवासी लखनऊ, शिखा पत्नी पीआर त्रिपाठी व गोरिका पुत्र पीआर त्रिपाठी निवासीगण कानपुर, विश्वनाथ पुत्र अंगनू निवासी अम्बेडकरनगर, अरविन्द तिवारी पुत्र आनन्द तिवारी निवासी गोरखपुर व अशोक पुत्र समसदीन निवासी बहराइच घायल हुए हैं। डीएम सीपी सिंह ने बताया कोहरे की दृष्टिगत लो विजिबिलिटी होने के कारण गाड़ियों का एक्सीडेंट हुआ है। घायलों को बेहतर उपचार दिया जा रहा है। डीएम ने आगे बताया कि कोहरा अधिक होने के कारण मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि वाहनों की स्पीड कम कराई जाए कानबाई बनाकर चलाई जाए और ओवरटेकिंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। एडीएम प्रशासन, अपर पुलिस अधीक्षक देहात सुरेश चंद , अधिशासी अभियंता लोक निर्माण खंड एक व सहायक संभागीय अधिकारी प्रवर्तन 48 घंटे में जांच कर घटना की रिपोर्ट सौंपेंगे।

**जज कैश कांड:**

जाता है, वहां समिति का गठन केवल उसी सदन द्वारा किया जा सकता है, लेकिन वर्तमान मामले में ऐसी स्थिति नहीं है। उन्होंने तर्क दिया कि चूंकि दोनों सदनों का संवैधानिक दर्जा समान है, इसलिए जब प्रस्ताव एक साथ पेश किए गए हैं, तो एक संयुक्त समिति अनिवार्य है। न्यायमूर्ति दत्ता ने सुनवाई के दौरान सवाल किया कि अगर दो प्रस्ताव एक ही दिन दोनों सदनों में प्रस्तुत किए जाते हैं, तो एक ही दिन में स्वीकृति कैसे संभव हो सकती है। श्री रोहतगी ने जवाब दिया कि उनका तर्क एक ही दिन में स्वीकृति पर आधारित नहीं है, बल्कि इस तथ्य पर आधारित है कि प्रस्ताव एक ही दिन प्रस्तुत किए गए थे, जो कानून के अंतर्गत एक संयुक्त समिति की आवश्यकता को जन्म देता है। जुलाई में लोकसभा के 145 सदस्यों और राज्यसभा के 63 सदस्यों ने महाभियोग नोटिस क्रमश: लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा अध्यक्ष जगदीप धनखड़ को सौंपा था।

लोकसभा अध्यक्ष ने अगस्त में उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति अरविंद कुमार, मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएम श्रीवास्तव और कर्नाटक उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता वासुदेव आचार्य की एक जांच समिति के गठन की घोषणा की थी। यह मामला 14 मार्च को आगजनी के बाद आग बुझाने के दौरान दिल्ली उच्च न्यायालय के तत्कालीन न्यायाधीश न्यायमूर्ति वर्मा के आधिकारिक आवास के एक बाहरी कमरे में बड़ी मात्रा में करेंसी नोटों के बरामदगी से संबंधित है। इसके बाद, तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने एक आंतरिक जांच समिति का गठन किया था, जिसमें न्यायमूर्ति शील नागू (तत्कालीन पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश), न्यायमूर्ति जीएस संधावालिया (तत्कालीन हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश) और न्यायमूर्ति अनु शिवरामन (कर्नाटक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश) शामिल थे। जांच लंबित रहने तक, न्यायमूर्ति वर्मा को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में वापस भेज दिया गया और उन्हें न्यायिक कार्यभार से मुक्त कर दिया गया। समिति ने मई में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें प्रथम दृष्ट्या उन्हें दोषी पाया गया। सलाह दिए जाने के बावजूद न्यायमूर्ति वर्मा द्वारा इस्तीफा देने से इन्कार करने के बाद तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश ने रिपोर्ट को राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेज दिया था। इससे पहले शीर्ष अदालत ने न्यायमूर्ति वर्मा द्वारा आंतरिक जांच कार्यवाही के साथ-साथ मुख्य न्यायाधीश द्वारा उन्हें पद से हटाने की सिफारिश को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया था।

## सीएम योगी ने डा. वेदांती को दी श्रद्धांजलि

### बोले- राम काज और राष्ट्र सेवा को किया जीवन समर्पित

**अयोध्या, वार्ता**

पूर्व सांसद और श्री राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन के अग्रणी नायक डा. रामविलास वेदांती महाराज के निधन के बाद मंगलवार को अयोध्या में अंतिम यात्रा निकाली गई। इससे पहले सीएम योगी हिंदू धाम पहुंचे और श्रद्धांजलि दी। सीएम योगी ने उनके निधन को सनातन जगत की अपूरणीय क्षति बताते हुए कहा कि राम काज और राष्ट्र सेवा के लिए उनका संपूर्ण त्यागमय जीवन हम सभी के लिए सदैव स्मरणीय और प्रेरणाप्रद रहेगा।

मंगलवार सुबह ही बड़ी संख्या में भक्त और राम मंदिर आंदोलन से जुड़े नेता, मंत्री, विधायकों का सुबह से ही जमावड़ा रहा। दोपहर 12 बजे के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ



श्रद्धांजलि देने पहुंचे। मौसम खराब होने के कारण सीएम योगी का हेलीकाप्टर अंतर्राष्ट्रीय महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर उतरा। यहां से सड़क मार्ग से पहले राम मंदिर पहुंचे, फिर हनुमान गढ़ी में दर्शन पूजन किया।

इसके बाद हिंदू धाम पहुंचे सीएम योगी ने डा. राम विलास दास वेदांती के पार्थिव शरीर का दर्शन कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। सीएम योगी ने कहा कि श्री राम जन्मभूमि मुक्ति अभियान में वशिष्ठ भवन के श्री महंत डा. रामविलास वेदांती महाराज आज हमारे बीच में नहीं रहे। उनका पूरा जीवन अयोध्या धाम श्री रामलला के मंदिर निर्माण और विकास के लिए समर्पित रहा, यह संजोग ही है कि रामकथा का वाचन करते हुए उनकी भौतिक देह भी काया से मुक्ति ली है।

सीएम ने कहा कि श्री राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन को प्रारंभ होते समय उसमें मूर्तरूप लेते हुए आंदोलन का जो परिणाम था, उस सुखद अवसर को देने का योग प्राप्त हुआ था और 25 नवंबर को श्री राम जन्मभूमि पर बने भव्य मंदिर पर ध्वजारोहण में भी शामिल हुए। एक ऐसा संत सदैव राम जन्मभूमि अभियान के साथ मिलकर काम किया। आज उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए आया हूं, गोरखधाम से उनका पुराना नाता रहा।

### यूपी में नाम बदलने का तरीका दिल्ली भी आ गया: अखिलेश

**नई दिल्ली।** लोकसभा में मनरेगा की जगह विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन अधिनियम पेश कर दिया गया है। जिस पर विपक्ष की ओर से जमकर हंगामा किया, समा. जवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाए जाने पर नारा. जगी जताई और कहा कि ये सरकार बस नाम ही बदलना जानती है। सपा सांसद अखिलेश यादव ने कहा कि जी राम जी, बस नाम बदला गया है, योजना में किसान को ऐसा कोई खास लाभ नहीं मिलने जा रहा है, न बड़ा रोजगार मिलने जा रहा है। ये पहली बार हो रही है कि यूपी में जो तरीका था नाम बदलने का, अब वो दिल्ली में भी आ गया है। अखिलेश यादव ने कहा कि सच्चाई ये हैं इस सरकार के पास किसानों और मजदूरों को दिखाने के लिए कुछ नया नहीं है।

### हाई कोर्ट बेंच की मांग को लेकर पूरे दिन किया प्रचार

# आज मेरठ रहेगा बंद, अधिवक्ताओं ने झोंकी ताकत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बीते काफी वर्षो से हाई कोर्ट बैंच की मांग चली आ रही है। केंद्रीय संघर्ष समिति की ओर से आज यानी बुधवार को मेरठ बंद का जोरदार एलान किया गया है। जिसकों लेकर काफी दिनों से अधिवक्ताओं की बैठक आयोजित हो रही है। अधिवक्ता मेरठ के बाजारों में माइक के द्वारा लोगों को अपनी दुकानें बंद करने पर जोर भी दे रहे है। वहीं अधिवक्ताओं का एक बहुत बड़ा ग्रुप इसी काम में लगा है। हाईकोर्ट बैंच की मांग अधिवक्ताओं की ही नहीं पश्चिम की जनता की भी है लेकिन आज तक किसी भी सरकार से इस ओर ध्यान नहीं दिया। मेरठ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि बुधवार का बंद ऐतिहासिक होगा और यह बंद सरकार को हाई कोर्ट बैंच लाने के लिये मजबूर भी कर देगा। बुधवार को अधिवक्ता कमिश्नरी चौराहा बेगमपुल व अन्य चौराहों पर प्रदर्शन भी करेंगे। हाई कोर्ट बैंच के लिए केन्द्रीय संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने पास जगह-जगह से समर्थन पत्र आ रहे है। वहीं व्यापारी भी इस बंद में अधिवक्ताओं का पूरा साथ देने को तैयार है। अब देखना है कि यह बंद कितना सफल होता है।




मेरठ बंद का आह्वान करतीं महिला अधिवक्ता, मेरठ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष को समर्थन देते व्यापारी।




भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष कालू प्रधान व वाल्मीकि समाज के लोग मेरठ बंद को अपना समर्थन पत्र सौंपते।

## पश्चिम उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल ने बंद का किया समर्थन

पश्चिम उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने अपने संगठन से जुड़े बाजार को पुर्ण रूप से बंद करने का आह्वान किया है। पंडित आशू ने कहा कि संगठन हाई कोर्ट बेंच की मांग का समर्थन करता रहा है व्यापार मंडल हमेशा अधिवक्ताओं के साथ इस आंदोलन को मजबूती प्रदान करता रहा है, जनहित की लगभग 50 वर्षो पुरानी इस मांग को केंद्र सरकार को मान कर हाईकोर्ट बैंच की घोषणा करनी चाहिए। व्यापार मंडल के सभी पद अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि बुधवार को मेरठ बंद का पूर्ण रूप से पालन करवाया जाए।

## भाकियू अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष ने सौंपा समर्थन पत्र

पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना की मांग को लेकर चल रहे मेरठ बंद को व्यापक जनसमर्थन प्राप्त हो रहा है। इसी क्रम में जिला अध्यक्ष कालू प्रधान एवं प्रदेश प्रभारी युवा मेराज मलिक ने आंदोलन को अपना पूर्ण समर्थन देते हुए एक समर्थन पत्र सौंपा और न्याय की इस लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर साथ रहने की घोषणा की। प्रदेश प्रभारी युवा मेराज मलिक ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के करोड़ों लोगों को न्याय पाने के लिए वर्षों से लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। मेरठ में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना से न केवल आम जनता को राहत मिलेगी, बल्कि न्याय व्यवस्था और अधिक सुलभ, सशक्त एवं प्रभावी बनेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन किसी एक वर्ग का नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के सम्मान और अधिकार की लड़ाई है। इस अवसर पर फरमान, अयूब, गालिब, जुल्फिकार, नैन, अभिलाष, नीरज राठी, तालिब एवं प्रधान परवेज सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता एवं युवा साथी उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना की मांग को न्यायसंगत बताते हुए आंदोलन को हर स्तर पर समर्थन देने का संकल्प लिया। उन्होंने सरकार से मांग की कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की वर्षों पुरानी यह जायज मांग पूरी की जाए।

# ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन ने हाई कोर्ट बेंच के समर्थन में दिया पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बेंच की स्थापना के समर्थन में मंगलवार को समर्थन पत्र सौंपा। बताते चलें मेरठ बार एसोसिएशन एवं केंद्रीय संघर्ष समिति के द्वारा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बेंच को लेकर बुधवार को मेरठ बंद का आह्वान किया जा रहा है जिसका ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन ने समर्थन करते हुए निर्णय लिया कि हाई कोर्ट बैंच से संबंधित सभी समाचारों को संस्था से जुड़े पत्रकार अपने-अपने समाचार पत्रों में प्राथमिकता से स्थान देंगे।

मंगलवार को क्षेत्रीय अध्यक्ष यशपाल सिंह के नेतृत्व में जिला बार कार्यालय में पहुंचकर बार काउंसिल के अध्यक्ष संजय शर्मा को समर्थन पत्र सौंपते हुए संगठन के क्षेत्रीय अध्यक्ष यशपाल सिंह और राष्ट्रीय सचिव अशोक सोम ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बेंच की स्थापना अवश्य होनी चाहिए, जिससे कि लंबित मुकदमों का निपटारा जल्दी हो सके और मुवक्किल को परेशानियों का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष संजीव तोमर एवं जिला महामंत्री शिवकुमार शर्मा ने केंद्रीय संघर्ष समिति से कहा कि मेरठ में हाई कोर्ट बेंच अब समय की मांग है।

इस समय हाई कोर्ट इलाहाबाद में स्थित है जिसकी दूरी पाकिस्तान स्थित लाहौर से भी अधिक है, इस कारण मुवक्किल को आने जाने में परेशानी होती है और खर्चा भी अधिक लगता है। ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन का समर्थन पत्र मिलने पर मेरठ बार काउंसिल के अध्यक्ष संजय शर्मा ने संगठन को धन्यवाद देते हुए कहा कि बुधवार को केंद्रीय संघर्ष समिति के द्वारा आहुत बंद सफल रहेगा और हमें विश्वास है कि जल्दी ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश को हाईकोर्ट की बैंच मिलेगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से दयाचंद वर्क, यशपाल चौधरी, अशोक सोम, रामबाबू दुबे, दीपक अग्रवाल, शाहवेज खान, संजीव तोमर, शिवकुमार शर्मा, पंकज शर्मा आदि उपस्थित रहे।



## आज महिला आयोग की सदस्या सुनेंगी शिकायतें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुपम यादव ने बताया कि महिलाओ के प्रति भेदभाव मूलक व्यवस्था स्थिति और प्रावधानो को समाप्त करने, महिलाओ की गरिमा व सम्मान सुनिश्चित करने, हर क्षेत्र में उन्हें विकास के समान अवसर दिलाने, महिलाओ पर होने वाले अत्याचारो एवं अपराधो पर त्वरित कार्यवाही करने एवं महिला उत्पीड़न की रोकथाम करने के उद्देश्य से उ.प्र. राज्य महिला आयोग की सदस्या मीनाक्षी भराला व मनीषा अहलावत बुधवार को 11 बजे सर्किट हाउस मेरठ में जनसुनवाई की जायेगी। पीडित महिलाएं अपनी समस्या के समाधान हेतु उक्त जनसुनवाई में लिखित शिकायत के साथ उपस्थित हो। बतादें कि महिला आयोग की सदस्या हर माह महिलाओं की समस्याओं का निस्तारण करती चली आ रही है। सर्किट हाउस में अनेकों महिलाओं की उन शिकायतों का निस्तारण किया गया है जो लंबे समय से पेंडिंग पड़े थे। व महिलाए अधिकारियों के चक्कर काट रही थी।

## रामराज में महिला सहित दो लोगों के आकस्मिक निधन पर पूर्व मंत्री ने दी सांत्वना



- सपा नेता के भाई के निधन पर पहुंचे थे गणमान्य
- पूर्व मंत्री प्रभुदयाल वाल्मीकी ने दी सांत्वना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** कस्बा रामराज में सपा नेता शमीम खान के भाई मेराज खान की आकस्मिक निधन होने पर शोक प्रकट करने पहुंचे पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक हस्तिनापुर प्रभुदयाल वाल्मीकि, भाकियू संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं शिक्षक नेता चौधरी नरेशपाल सिंह, गोविंद प्रधान, संजय सिरोही, अनुज कुमार, राज. कुमार, सपा नेता खलील सलमानी, सुदेश पाल आदि ने शौकाकुल परिवार से मिलकर परिवार को ढांढस बंधाया। उसके बाद रामराज में पूर्व मंत्री सरदार अमृतपाल सिंह की ताई के निधन के उपरांत उनके आवास पर भी शोक व्यक्त करने पहुंचे। जहां पर शोक व्यक्त कर शौकाकुल परिवारों को ढांढस बनाया, और परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें और शौकाकुल परिवारों को दुख की घड़ी में सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## राष्ट्रीय लोकदल के प्रतिनिधिमंडल ने दिया अपना समर्थन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कचहरी में वर्षों से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन के क्रम में हाईकोर्ट बेंच स्थापना केंद्रीय संघर्ष समिति द्वारा बुधवार को मेरठ बंद का आह्वान किया गया है। इस बंद को राष्ट्रीय लोकदल, मेरठ ने पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की है। इस अवसर पर आयोजित बैठक कार्यक्रम में संघर्ष समिति के अध्यक्ष एडवोकेट संजय शर्मा, महामंत्री राजेंद्र सिंह राणा, जिला अध्यक्ष रालोद मतलूब गौड, अनुसूचित जाति जनजाति आयोग सदस्य नरेंद्र खजूरी, रालोद के पूर्व महासचिव चौधरी सत्येन्द्र सिंह तोमर, महानगर अध्यक्ष नईम सागर आदि उपस्थित रहे।




## 25 से तीन जनवरी तक राजकीय इंटर कालेज में लगेगी प्रदर्शनी: जिलाधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह ने बताया कि उ.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग कार्यालय, मेरठ मंडल मेरठ द्वारा 25 से तीन जनवरी 2026 तक 10 दिवसीय मंडल स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन राजकीय इंटर कालेज, निकट बेगम ब्रिज मेरठ में किया जाना है। प्रदर्शनी में विभाग द्वारा संचालित योजनाओ में उ.प्र. के विभिन्न जिलो के उत्कृष्ट कार्या करने वाली वित्त पोषित पंजीकृत इकाईयो द्वारा अपने उत्पादो के लगभग 85 स्टॉल लगाये जायेंगे। प्रदर्शनी का उद्घाटन जनपद के प्रभारी मंत्री स्थानीय जनप्रतिनिधियो से कराया जाना प्रस्तावित है। प्रदर्शनी स्थल पर प्रदर्शनी को देखने हेतु अधिक संख्या में लोग एकत्र होंगे। बतादें कि इससे पहले भी कई बार प्रदर्शनी लगाई गई है लेकिन इस बार यह प्रदर्शनी शानदार होगी।

## एनएसडीसी इंटरनेशनल और मणिपुर यूनिवर्सिटी ने जापानी भाषा ट्रेनिंग सेंटर के लिए किया समझौता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पूर्वोत्तर के स्थानीय युवाओं को जापान में रोजगार के अवसर दिलाने के लिए जरूरी कौशल के साथ सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए , राष्ट्रीय कौशल विकास निगम एनएसडीसी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एनएसडीसी इंटरनेशनल एनएसडीसीआई ने विवि परिसर में एक अत्याधुनिक जापानी भाषा ट्रेनिंग सेंटर स्थापित करने के लिए मणिपुर विवि के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस पहल का उद्देश्य मणिपुर और पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र के युवाओं के बीच उच्च गुणवत्ता वाली जापानी भाषा दक्षता विकसित करना है , जिससे उन्हें विशेष रूप से जापान के तेजी से बढ़ते कार्यबल क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय अवसरों तक पहुंचने के लिए आवश्यक कौशल से सुसज्जित किया जा सके। समारोह में बोलते हुए एनएसडीसी इंटर नेशनल के सीईओ आलोक कुमार ने कहा , यह साझेदारी मणिपुर के युवाओं के लिए वैश्विक अवसरों का विस्तार करने में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# दस दिन पूर्व किराना व्यापारी की दुकान में हुई चोरी का खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के मुख्य बाजार में दस दिन पूर्व हुई किराना व्यापारी की दुकान में चोरी का थाना पुलिस ने खुलासा करते हुए एक बदमाश को पकड़कर उसके कब्जे से कुछ नकदी व कुछ चांदी के सिक्के बरामद किये है वहीं उसका दुसरा साथी फरार है।

नगर के मुख्य बाजार में सतीश गर्ग की दुकान में 8 दिसंबर की रात को बदमाशो ने छत के रास्ते गेट तोड़कर 115000 रूपये व तीन सौ ग्राम चांदी के सिक्के चोरी कर लिए थे। घटना संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष सुधीर गर्ग के बड़े भाई की दुकान में होने के कारण व्यापारियो में भारी रोष था तथा पुलिस से शीघ्र ही घटना के खुलासे की मांग की थी। थाना अध्यक्ष सदीश सिंह सिरोही ने बताया कि पुलिस तभी से मोबाइल ट्रेंस व सीसीटीवी कैमरो की मदद से बदमाशों की तलाश कर रही थी जिसमें जोनी पुत्र लखमीचंद निवासी भीमनगर थाना हापुड़ देहात व उस्मान पुत्र निहालशाह ग्राम तरवियतपुर सुनाली थाना किठौर के नाम प्रकाश में आये थे। पुलिस ने चैंकिग के दौरान सोमवार को मध्य गंग नहर की पटरी से जोनी पुत्र लखमीचंद को पकड़ लिया तथा उसके कब्जे से 22 चांदी के सिक्के व 3250 रूपये जो चोरी किये थे बरामद कर लिए। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया। वहीं दुसरे आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस दबिश दे रही है।



# सपा कार्यालय के बाहर पीडीए प्रहरी प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार को जिला कार्यालय से जिलाध्यक्ष कर्मवीर सिंह गुमी, विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री शाहिद मंजूर, विधायक अतुल प्रधान ने गौरव चौधरी के द्वारा सिवालखास विधानसभा के लिए पीडीए प्रहरी प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखायी जिससे जनता को गणना प्रपत्र भरने के लिए जागरूक किया जा सके। और जो लोग अपना गणना प्रपत्र अभी तक नहीं भर पाए हैं उनको सूचना मिल सके ताकि वो अपना गणना प्रपत्र समय से भर सकें। इस दौरान अजय अधाना, ई. संदीप यादव, अनुज चौधरी, सुभाष यादव, अनुज प्रजापति, अंकित प्रजापति, परमेश मुकद्दम, विनीत पायला, इमरान सैफी, अय्यूब खिवाई, राहुल, जावेद महल, इनाम, अंकित आदि सपाई मौजूद रहे।

## ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर ने फैशन को फास्ट लेन में दौड़ाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर ने जयपुर में नई रफ्तार पकड़ी, जहां यह हाई-फैशन और मोटरस्पोर्ट के संगम में बदल गया। सीमाओं को आगे बढ़ाते हुए, जयपुर एडिशन में मोटर स्पोर्ट से प्रेरित डिजाइन, ग्लैमरस परफॉर्मेंस वियर और हाई-ऑक्टेन फैशन शोकेस देखने को मिला, जिसने गति और सटीकता के साथ आगे बढ़ते हुए फैशन के अगले कदम को दर्शाया। फैशन डिजाइन कौंसिल ऑफ इंडिया एफडीसीआई के साथ सहयोग में, इस शोकेस ने रनवे को स्टाइल और पावर के हाई-स्पीड सर्किट के रूप में फिर से कल्पित किया। प्रमुख डिजाइनर नम्रता जोशीपुरा और अभिषेक पाटनी ने हाई-ऑक्टेन मोटरकोर एस्थेटिक्स को नए रूप में पेश किया, और रेसिंग कल्चर को स्टेटमेंट-मेकिंग फैशन में बदल दिया। पर्नोड रिकार्ड इंडिया की सीएमओ देबाश्री दासगुप्ता ने कहा ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर हमेशा से फैशन और संस्कृति से जुड़ी बातचीत को आकार देने में सबसे आगे रहा है।



# प्रबंध निदेशक रवीश गुप्ता ने विद्युत कार्यो का किया स्थलीय निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. के प्रबंध निदेशक रविश गुप्ता (आईएएस) द्वारा, मेरठ क्षेत्र के अन्तर्गत मोहकमपुर इंडस्ट्रियल क्षेत्र मेरठ में कराए जा रहे विद्युतीकरण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मैसर्स एनपीटीआई फरीदाबाद द्वारा कराए गए थर्ड पार्टी निरीक्षण में चिन्हित की गई कमियों के निस्तारण की, गहन समीक्षा की गई। इसके अन्तर्गत दो कार्यों का स्थल पर जाकर निरीक्षण कर, यह सुनिश्चित किया गया की संबंधित क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा बताई गई कमियों का निस्तारण कर लिया गया है।

प्रबन्ध निदेशक ने मौके पर अधिकारियों को निर्देश दिए कि भविष्य में कराए जाने वाले थर्ड पार्टी निरीक्षण में पाई जाने वाली कमियों का, समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए जिससे उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराई जा सके। प्रबन्ध निदेशक ने

■ थर्ड पार्टी निरीक्षण में पाई गई कमियों के निस्तारण की हुई जांच

■ गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि निगरानी एवं गुणवत्ता नियंत्रण में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए और सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप पूर्ण कराए जाए। इस अवसर पर मुनीश चोपड़ा मुख्य अभियंता मेरठ क्षेत्र मेरठ-प्रथम, उमेश चन्द्र सोनकर अधीक्षण अभियंता (डीक्यूसी), सोनम सिंह स्टाफ आफिसर, प्रशांत सोनी अधिशासी अभियंता 11 केवी नार्थ, शोभित कुरील अधिशासी अभियंता (डीक्यूसी), धर्मवीर सिंह उपखण्ड अधिकारी, एकधर चरण अवर अभियन्ता, नेम सिंह कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि, अमित भारद्वाज एवं मैसर्स एनपीटीआई के प्रतिनिधि अजय शर्मा उपस्थित रहे।



# अनियंत्रित होकर बलेनी पुल से हिंडन नदी में गिरी कार, हेड कांस्टेबल समेत दो की मौत

■ पुलिसकर्मी समेत तीन लोग घायल

■ एसएसपी ने घटनास्थल का लिया जायजा



मृतक सिपाही





शाह टाइम्स संवाददाता

**जानी खुर्द।** जिसका डर था वही हुआ बागपत रोड आजकल इतना खतरनाक बन गया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग की अनदेखी ने एक और पुलिसकर्मी की जान ले ली। लगातार पिछले कई वर्षों से ग्रामीण बागपत से लेकर और मेरठ बाईपास तक स्पीड ब्रेकर बनाने की बात कर रहे हैं लेकिन राष्ट्रीय राजमार्ग को ग्रामीणों का विरोध भी झेलना पड़ा।

ऐसा ही मामला मंगलवार की सुबह करीब चार बजे हिंडन नदी के पास हुए सड़क हादसे में एक हेड कांस्टेबल समेत दो लोगों की मौत हो गई। सूत्रों के मुताबिक यूपी पुलिस में हेड कांस्टेबल सिंघावली थाने में तैनात राहुल कुमार पुत्र गंभीर सिंह निवासी ग्राम गंगा हरि थाना औरंगाबाद जनपद बुलंदशहर उम्र करीब 35 वर्ष और दूसरा कांस्टेबल कौशल शर्मा पुत्र श्रीपाल शर्मा निवासी ग्राम कमालपुर थाना पाली मुकीमपुर जनपद अलीगढ़ दोनों लोग वर्तमान समय में थाना सिंघावली अहीर में नियुक्त थे और उनके साथ तैयब पुत्र मूसा अजहरुद्दीन पुत्र असलम निवासी ग्राम बासौदा गुड्डू पुत्र यासीन निवासी सिंघावली अहिर बागपत सोमवार की देर रात मेरठ से दबीश देकर थाना सिंघावली अहीर जा रहे थे जैसे ही वह हिंडन नदी के बलेनी पुल पर पहुंचे तो उनकी गाड़ी अनियंत्रित हो गई। हिंडन नदी के पुराने पुल से करीब 20 फीट नीचे जा गिरी जहां गाड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई जिसमें कांस्टेबल राहुल और अजहरुद्दीन की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कौशल शर्मा तैयब और गुड्डू को मेरठ के अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनकी हालत भी नाजुक बताई गई है। करीब चार बजे की घटना से जानी थाना पुलिस सूचना फ्लैश होते ही और बलेनी पुलिस मौके पर पहुंची, घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं दिन निकलते ही बागपत के एसपी और मेरठ के एसएसपी विपिन कुमार ताड़ा ने घटनास्थल का जायजा लिया। हेड कांस्टेबल राहुल और अजहरुद्दीन का शव बागपत पुलिस अपने साथ ले गए जहां बागपत में उनका पोस्टमार्टम हुआ। वहीं दिन निकलते ही ग्रामीण घटनास्थल पर इकट्ठा हो गई और परिजन भी पहुंच गए वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। उधर हेड कांस्टेबल राहुल की पत्नी निशा ने जानी थाने में अज्ञात में मुकदमा दर्ज कराया है।

# उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान डिस्कॉम की सर्वोच्च प्राथमिकताः रवीश गुप्ता

## संभव कार्यक्रम के अन्तर्गत जन-सुनवाई में 94 प्रतिशत आवेदनों का किया गया निस्तारण

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** प्रबन्ध निदेशक रवीश गुप्ता (आईएएस) ने मंगलवार को डिस्कॉम मुख्यालय ऊर्जा भवन के सभा कक्ष में आयोजित संभव कार्यक्रम के अन्तर्गत जन-सुनवाई में विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। इस अवसर पर संजय जैन निदेशक (वाणिज्य), एनके मिश्र निदेशक (तकनीकी), आशु कालिया निद. ेशक (कार्मिक एवं प्रशासन), स्वतंत्र कुमार तोमर निदेशक (वित्त) भी उपस्थित रहे और उन्होंने भी विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याए सुनी। आज जन-सुनवाई के दौरान कुल 38 आवेदन प्राप्त हुए, प्राप्त आवेदनों में जनपद मेरठ, जनपद बुलंदशहर एवं जनपद हापुड़ के बिल संबंधी, मीटर संबंधी, विद्युत आपूर्ति संबंधित प्रकरण शामिल रहे। प्रबंध निदेशक ने सभी प्रकरणों को निर्धारित समय-सीमा में प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा की उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित एवं संतोषजनक समाधान डिस्कॉम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित एवं न्यायपूर्ण समाधान हेतु डिस्कॉम द्वारा संभव कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रत्येक मंगलवार को नियमित रूप से विद्युत उपभोक्ता सेवा शिविर एवं जन सुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। 5 अगस्त 2025 से अब तक कुल 748 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 706 आवेदनों का समाधान गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्रता से किया जबकि शेष लंबित आवेदनों के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं। इस अवसर पर देवेन्द्र चन्द्र वर्मा मुख्य अभियन्ता, सगीर अहमद मुख्य अभियंता, गुलाब सिंह मुख्य अभियंता, मुनीश चोपडा मुख्य अभियन्ता, गुरजीत सिंह मुख्य अभियंता, अरूण कुमार अधीक्षण अभियन्ता, सोनम सिंह स्टाफ ऑफिसर, प्रशांत सोनी अधिशासी अभियन्ता, सौरभ मंगला अधिशासी अभियंता आदि अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।



## लौहपुरुष की 75वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ में शिक्षा, राष्ट्रभक्ति, संस्कृति, कला और शोध के विविध आयामों को समेटते हुए अनेक महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के सरदार पटेल सुभारती इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ द्वारा भारत के लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 75वीं पुण्यतिथि पर एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# काशीराम आवास खाली करने को कब्जाधारियों को मिली मोहलत

## 15 वर्षो से प्रशासन नहीं हटा पाया कब्जा, आखिर किसके संरक्षण में डटे हुए कब्जाधारी?

शाह टाइम्स संवाददाता

**चन्दौसी।** जारई गेट स्थित काशीराम आवासों से अवैध कब्जे हटाने की कार्रवाई एक बार फिर टल गई है। आवासों पर रह रहे कब्जाधारियों ने कड़ाके की सर्दी का हवाला देते हुए प्रशासन से कुछ दिन की अतिरिक्त मोहलत मांगी, जिस पर नगरपालिका प्रशासन ने उन्हें तीन से चार दिन का समय दे दिया है।

गौरतलब है कि जारई गेट क्षेत्र में कांशीराम आवास योजना के अंतर्गत वर्ष 2009 में कुल 104 आवासों का निर्माण कराया गया था। इन आवासों का विधिवत आवंटन न होने के बावजूद कई लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया और अपने परिवारों के साथ रहने लगे। मामले को लेकर नगरपालिका द्वारा पूर्व में भी कई बार नोटिस जारी किए जा चुके हैं।

बीते 12 दिसंबर को नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम ने स्वयं मौके पर पहुंचकर आवास खाली करने के निर्देश दिए थे। उस समय भी कब्जाधारियों ने कुछ दिन की मोहलत मांगी थी। इसके बाद सोमवार को एक बार फिर कुछ कब्जाधारी तहसील पहुंचे और उपजिलाधिकारी से सर्दी का हवाला देते हुए अतिरिक्त समय देने की मांग की। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम ने बताया कि मानवीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए कब्जाधारियों को तीन से चार दिन की और मोहलत प्रदान की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित समयावधि के बाद अवैध कब्जे हटाने की कार्रवाई की जाएगी। यह भी उल्लेखनीय है कि नगरपालिका एवं प्रशासन द्वारा पूर्व में कई बार आवास खाली कराने के प्रयास किए गए, लेकिन हर बार किसी न किसी कारणवश कार्रवाई अधूरी रह जाती है। बुलडोजर व अन्य संसाधनों के साथ प्रशासन मौके पर पहुंचता है, परंतु अवैध कब्जे हटाने का मामला जस का तस बना रहता है। अब देखना यह है कि दी गई नई मोहलत के बाद प्रशासन सख्ती से कार्रवाई करता है या एक बार फिर मामला टल जाता है।



## फाईनेंस कम्पनी के बाउंसरों ने की लूटपाट व मारपीट

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** थाना देहलीगेट अन्तर्गत पटेल नगर निवासी अब्दुल वाहिद पुत्र सिराजुद्दीन ने थाना टीपी नगर में तहरीर देकर आधा दर्जन युवकों पर लूटपाट व मारपीट का आरोप लगाया है। मिली जानकारी के अनुसार अब्दुल वाहिद मंगलवार सुबह लगभग 11:30 बजे अपने दोस्त की कार लेकर निजी कार्य से बागपत जा रहे थे। उसी समय बागपत फ्लाईओवर वाले पुल से पहले दो बिना नंबरों की बाइकों पर चार लोग आए और पीड़ित की कार के आगे बाइक लगाकर पीड़ित को कार से निकालकर जबरदस्ती मारपीट करते हुए पुल के नजदीक ही पार्किंग यार्ड में ले गए जहां पर उनके 10-12 साथी पहले से मौजूद थे। इन सब ने अब्दुल वाहिद के साथ मारपीट की तथा उसकी जेब में रखे दो हजार रुपये भी छीन लिये। पीड़ित की मानें तो जिस कार को लेकर वह जा रहे थे वह कार उनके दोस्त ने एक फाईनेंस कम्पनी के माध्यम से किश्तों पर ले रखी है। आरोपियों ने पीड़ित को धमकी दी कि इस गाड़ी की किश्त जल्दी से जल्दी जमा करा दो अन्यथा ऊपर पहुंचा दिया जाएगा। अब्दुल वाहिद के अनुसार वह आरोपियों में से किसी को भी पहचानता नहीं है। अब्दुल वाहिद ने थाना टीपी नगर में प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा दर्ज कर सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस ने फिलहाल तहरीर लेकर रख ली है। सूत्रों की मानें तो यह अवैध पार्किंग पुलिस की सेटिंग से ही चल रही है जो गुंडागर्दी का अड्डा बनी हुई है।

# गोकशी की सूचना पर पहुंचे हिंदू संगठनों ने किया हंगामा

शाह टाइम्स संवाददाता

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम झब्बापुरी के जंगल में गोकशी की सूचना पर दर्जनों हिंदूवादी संगठनों के लोग जमा हो गए तथा नारेबाजी करते हुए हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस से आरोपियों को पकड़ने की मांग की पुलिस द्वारा तीन दिन में आरोपियों को पकड़ने के आश्वा. सन के बाद लोग शांत हुए। ग्राम झब्बापुरी कुंडा के बीच में नाले के किनारे कुछ लोगो ने गोकशी कर दी जिसकी सूचना विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता ने अपने उच्चपदाधिकारियों को दे दी जिसके बाद दर्जनो बजरंग दल के कार्यकर्ता वहां जमा हो गये वहीं इसी बीच गोकशी की सूचना मिलने पर थाना अध्यक्ष सुदीश सिंह सिरोही मय फोर्स मौके पर पहुंचे। हिंदूवादी संगठनों के लोगों ने पुलिस को गाय के अवशेष दिखाए। वहीं मौके पर गोमांस भी बरामद किया जिसे पुलिस ने जमीन में दबवा दिया। वहीं बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने गांव में हो रही एक शादी के लिए गोकशी करने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की तथा क्षेत्र में हो रही गोकशी पर अंकुश लगाने की मांग की। थाना अध्यक्ष सुदीश सिंह सिरोही ने तीन दिन में आरोपियों को पकड़ने का आश्वासन दिया तब जाकर कार्यकर्ता शांत हुए। पशुचिकित्साधिकारी डॉ. कपिल त्यागी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मांस गोवंश का ही दिखाई लग रहा है मगर फिर भी इसका सैंपल लैब में भेजा जायेगा जिसके बाद ही सही पता चल सकेगा। इस मौके पर अमित धामार प्रदीप प्रजापति, शानु त्यागी, अवि पोशवाल, अमित कपिल त्यागी, मनोहर ठाकुर, अमित, विशनु सुमित प्रजापति, नितिन शर्मा, आकाश सहित दर्जनो बजरंग दल कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## केवी पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल दिवस का शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**परीक्षितगढ़।** नगर के केवी पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेल दिवस का शुभारंभ मशाल प्रज्ज्वलन कर किया। सोमवार को कक्षा 6 से 12 तथा मंगलवार को नर्सरी से कक्षा पांच तक के बच्चो ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओ मे उत्साहपूर्वक भाग लिया। नव्या त्यागी ने कक्षा चार मे प्रथम स्थान प्राप्त कर नाम रोशन किया स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. विनय गुप्ता ने विजेता बच्चों को मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान किये। वहीं स्कूल की अध्यक्ष कमलेश कुमारी व मेनेजिंग डायरेक्टर इंजीनियर असीम गुप्ता ने बच्चो का उत्साह बढ़ाते हुए खेल का महत्व बताया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# श्रम न्यायालयों में पीठासीन अधिकारियों की नियुक्ति की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** इंडस्ट्रियल लॉ रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन मेरठ के पदाधिकारियों ने मंगलवार को मुख्य न्यायाधीश, उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार तथा श्रम सचिव उत्तर प्रदेश को ज्ञापन भेजकर प्रदेश के श्रम न्यायालयों में रिक्त पड़े पीठासीन अधिकारियों के पदों पर शीघ्र नियुक्ति की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि मेरठ सहित उत्तर प्रदेश के कई श्रम न्यायालयों में लंबे समय से वादों का समय पर निस्तारण नहीं हो पा रहा है। इसका मुख्य कारण श्रम कानूनों के जानकार नियमित पीठासीन अधिकारियों की नियुक्ति न होना है, जिससे वादकारी न्याय से वंचित हो रहे हैं।

एसोसिएशन ने बताया कि प्रदेश में कुल 27 श्रम न्यायालयों में से 16 न्यायालयों में पीठासीन अधिकारियों के पद वर्षों से रिक्त पड़े हैं। इनमें कानपुर में चार, मेरठ में दो, गाजियाबाद में दो तथा लखनऊ, मिर्जापुर, बरेली, रामपुर, फिरोजाबाद, गोरखपुर, इलाहाबाद और वाराणसी में एक-एक पद शामिल हैं। समय पर न्याय न मिलने से सरकार की छवि भी प्रभावित हो रही है और वादका. रियों को लगातार कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। एसोसिएशन ने मांग की है कि मेरठ सहित सभी रिक्त श्रम न्यायालयों में शीघ्र श्रम कानूनों के जानकार पीठासीन अधिकारियों की नियुक्ति की जाए तथा श्रम कानूनों के अनुभवी अधिवक्ताओं को भी पीठासीन अधिकारी के रूप में नियुक्त किया जाए, ताकि वादकारियों को सस्ता, सुलभ और समयबद्ध न्याय मिल सके। ज्ञापन देने वालों में एसोसिएशन के अध्यक्ष मुनेश त्यागी, उपाध्यक्ष नवीन भारद्वाज, मंत्री दिनेश यादव सहित निखिल दुबलिश, नरेश वर्मा, प्रवीण भारद्वाज, अनिल अरोड़ा, नवीन कुमार और सुभाष गोस्वामी समेत कई अधिवक्ता शामिल रहे।




# टीएमयू मेडिकल प्रीमियर लीग में एयरवे अवेंजर्स के सिर सजा ताज



शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में टीएमयू मेडिकल प्रीमियर लीग-टीएमपीएल टेनिस बॉल क्रिकेट पहली बार आईपीएल की तर्ज पर हुआ। बोलियां लगी और खिलाड़ी बिके, लेकिन खास बात यह रही कि टीएमपीएल का यह ऑक्शन वर्चुअली रहा। इस नीलामी में ऑलराउंडर शिवा सोलंकी और शान्तनु तोमर सर्वाधिक मंहगे बिके। इन मुकाबलों में मेडिकल स्टूडेंट्स के संग-संग फैकल्टीज ने भी अपना हुनर दिखाया।

नौ दिनी इस लीग में पांच टीमों के बीच कुल 14 मैच हुए। टीएमयू के क्रिकेट मैदान पर हुए अंतिम मुकाबले में टीएमयू एयरवे अवेंजर्स की टीम ने टीएमयू टॉक्सिन को आठ विकेट से एकतरफा मात दी। समापन समारोह में तीर्थंकर मेडिकल कॉलेज में पैथोलॉजी की एचओडी प्रो. सीमा अवस्थी ने बतौर मुख्य अतिथि विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रो. आरके कौल, डॉ. आरिफ वकार, डॉ. शाहबाज आलम, डॉ. अरसद, डॉ. सुशील कुमार, डॉ. आकाश गांधी आदि मौजूद रहे। टॉस जीतकर एयरवे अवेंजर्स के कप्तान डॉ. अंकुर सिंह ने बॉलिंग चुनी। पहले बल्लेबाजी करते हुए टॉक्सिन की टीम निर्धारित 20 ओवर में 167 रनों पर ढेर हो गई। लक्ष्य का पीछा करते हुए टीएमयू एयरवे अवेंजर्स की टीम ने 18 ओवर में ही 02 विकेट खोकर आसानी से लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। एयरवे अवेंजर्स के ऑलराउंडर डॉ. स्नेहिल देवड़िया ने 35 बॉल्स पर 42 रन ठोककर 05 विकेट भी चटकाए। इस शानदार प्रदर्शन के बूते डॉ. स्नेहिल को मैन ऑफ द मैच के संग-संग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी चुना गया। बल्लेबाज डॉ. रजत जून ने सर्वाधिक 48 गेंदों में 82 रनों की जबर्दस्त पारी खेली। डॉ. जून ने अपनी पारी में 06 छक्के और 04 चौके भी जड़े। टीएमयू टॉक्सिन की ओर से डॉ. आमिर शेख की कप्तानी में डॉ. सिमरन सिंह का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। डॉ. सिमरन ने 06 मुकाबलों में 180 रन बनाए और 09 विकेट भी चटकाए। एम्पायर की भूमिका श्री चंद्रशेखर आदि ने निभाई।

# हाईकोर्ट बेंच की मांग को लेकर जनर्लिस्ट एसोसिएशन पश्चिमांचल ने की बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

**चन्दौसी।** जनर्लिस्ट एसोसिएशन पश्चिमांचल द्वारा रामग. ंगा विहार मुरादाबाद स्थित मुख्यालय पर सम्पन्न हुई जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष नरेश भारद्वाज ने तथा संचालन जिला महासचिव दीपक कपूर ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए जनर्लिस्ट एसोसिएशन पश्चिमांचल के प्रदेश अध्यक्ष नरेश भारद्वाज ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश एडवोकेट संघर्ष समिति लंबे समय से हाईकोर्ट बेंच की मांग कर रही है।

उन्होंने कहा कि यह मांग किसी एक वर्ग या जिले तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जनता से जुड़ी है। आगरा, मेरठ, संभल और मुरादाबाद जैसे जिलों से इलाहाबाद जाकर मुकदमों की पैरवी करना आम लोगों के लिए मुश्किल होता है। इसमें समय और धन दोनों बर्बाद होते हैं, साथ ही यात्रा में कई अन्य परेशानियां भी आती हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की मांग दशकों पुरानी है। इलाहाबाद हाईकोर्ट में कुल लंबित मुकदमों में 63 प्रतिशत से अधिक पश्चिमी यूपी के हैं। यहां 10 लाख 33 हजार से ज्यादा केस पेंडिंग हैं। बैठक में सम्बोधित करते हुए जिला महासचिव दीपक कपूर ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की आम जनता को सस्ता, सुलभ और त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से उच्च न्यायालय खंडपीठ की स्थापना की मांग लंबे समय से की जा रही है। इस मांग को लेकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लगभग 22 जिलों और तहसील बार एसोसिएशनों के अधिवक्तागण, विभिन्न राजनैतिक, गैर राजनैतिक संगठन और आम जनता आंदोलनरत रही है फिर भी कोई समाधान नही निकला है उन्होंने विभिन्न व्यापारिक संगठन, राजनैतिक, गैर राजनैतिक और सामाजिक संगठनों से भी इस बंद को सफल बनाने में सहयोग की अपेक्षा की है। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष अमित गोयल, प्रांतीय कोषाध्यक्ष विनय गुप्ता, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य सतीश अग्रवाल, महासचिव दीपक कपूर, उपाध्यक्ष भावेश शर्मा, सचिव वीरभान सिंह, सुनील शर्मा, मीडिया सचिव मोहित शर्मा, अनुज विश्नोई आकाश विश्नोई, विवेक निर्मल, मनोज शर्मा, संजू गौतम, ओमकार शर्मा आदि शामिल रहे।

# हिंडन नदी अनियंत्रित होकर पलटी कार, दो की मौत

## मेरठ में दबिश देकर लौटते समय हिंडन नदी के पास हुआ हादसा, कॉन्स्टेबल सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** एक स्विफ्ट कार फिसलते हुए बालैनी पुल से हिंडन नदी में गिर गई। हादसे में एक हेड कॉन्स्टेबल समेत दो लोगों की मौत हो गई। दोनों ही मेरठ में दबिश देकर लौट रहे थे, जबकि एक कॉन्स्टेबल सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

मंगलवार तड़के करीब चार बजे जब घायल गुड्डू होश में आया तो उसने पुलिस व अपने परिजनों को हादसे की जानकारी दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो कार हिंडन नदी में एक किनारे पर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त मिली। पुलिस ने कार से लोगों को निकालकर अस्पताल भिजवाया। वहीं शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। सिंघावली अहीर थाना के हेड कॉन्स्टेबल राहुल कुमार 35वर्षीय निवासी बुलंदशहर और कॉन्स्टेबल कौशल शर्मा 30वर्षीय निवासी अलीगढ़, ग्राम बसौद के रहने वाले अजरुद्दीन, गुड्डू और तैय्यब के साथ मेरठ में दबिश देकर कार से लौट रहे थे। मेरठ-बागपत-सोनीपत हाईवे पर बालैनी पुल के पास कार अचानक नियंत्रण खो बैठी और पुल से फिसलते हुए सीधे हिंडन नदी में जा गिरी। मंगलवार तड़के करीब चार बजे घायल गुड्डू के होश में आने पर हादसे की सूचना पुलिस और परिजनों को मिली। बालैनी और सिंघावली अहीर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची।

क्षतिग्रस्त कार से सभी को निकालकर नर्सिंग होम ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने राहुल कुमार और अजरुद्दीन को मृत घोषित कर दिया। घायल कौशल शर्मा, गुड्डू और तैय्यब को मेरठ रेफर किया गया। गाड़ी में कुल पांच लोग सवार थे, जिनमें दो पुलिसकर्मी और बसौद के रहने वाले तीन लोग शामिल थे। सभी मेरठ से लौट रहे थे। बलौनी के पास नए और पुराने पुल के बीच कार अनियंत्रित होकर



मृतक का फाइल फोटो



मृतक का फाइल फोटो

नीचे गिर गई। हादसे में घायल गुड्डू को जब होश आया, तब उसने घर पर फोन कर घटना की जानकारी दी, जिसके बाद लोगों को हादसे का पता चला। बालैनी निवासी मनोज ने बताया कि हिंडन नदी के पास बहुत ही तीखा मोड है। आए दिन यहां पर हादसे होते रहते हैं। हिंडन नदी के पुल से तकरीबन 50 मीटर नीचे कार कई बार पलटे खाने के बाद नदी में गिरी है। मेरठ की ओर से आने पर कुछ सामने नहीं दिखाई देता नहीं कोई डिवाइडर है। सूचना पर एसपी सूरज कुमार राय भी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। बालैनी थाना प्रभारी शिवदत्त ने बताया कि मेरठ से दबिश देकर लौटते समय कार अनियंत्रित होकर हिंडन नदी में गिरी, जिसमें हेड कांस्टेबल समेत दो लोगों की मौत हुई है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।





# थानें मे दोनो पक्षों में रजामंदी से एक दूसरे से हुए अलग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ललियाना गांव के एक युवक नें शादी के बाद जेवरात और नगदी लेकर फरार होने का आरोप लगाया था। वही दुल्हन ने भी वीडियो बना आरोपो को निराधर बताया था। दोनों पक्ष थानें पहुंचे जहा दोनों पक्षों के बीच समझोता हो गया है। ललियाना निवासी सन्नी पुत्र यशवीर की शादी 23 अक्टूबर को किरन निवासी मजनू का टीला दिल्ली मे हुई थी। एक सप्ताह बाद दुल्हन किरन को उसके परिजन ललियाना आये और अपने साथ ले गये थे जिसके बाद नवम्बर में दुल्हा सन्नी दुल्हन लेने मजनू के टीला पहुंचा तो दुल्हन वहा नही मिली थी तब उसने गांव के लोगो को बुलाया। वही उसने एक वीडियो वायरल करते हुए बताया था की गांव के ही राजू पुत्र हरपाल ने दो लाख रूपये लेकर उसकी शादी करायच थी और दुल्हन जेवरात और नगदी लेकर फरार हो गयी है जिसके बाद 15 दिसम्बर को दुल्हन किरन ने वीडियो बना वायरल करते हुए बताया कि वह कोई जेवरात नगदी नही ले गयी थी बल्कि उससे बेकने का प्रयास चल रहा था। भंनक लगने पर उसने अपने परिजनों को बुला उनके साथ चली गयी। 16 दिसम्बर को दोनो पक्ष थानें पहुंचे जहा जमकर ड्रामा हुआ। वही दोनो पक्षों ने एक दूसरे का समान लोटाने और दोनो पति पत्नी अपनी मर्जी से अलग होने का लिखित फैसला किया गया, जिसके बाद दोनो पक्षों के बीच समझोता करा दिया गया।

# कश्यप ने लिया 25 दिसंबर को तालाब के अंदर जल समाधि लेने का निर्णय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के बड़का गांव निवासी आनंद कश्यप ने गांव में तालाब की सफाई नहीं होने पर 25 दिसंबर को तालाब के अंदर पहुंचकर जल समाधि लेने का निर्णय लिया है। एक वीडियो जारी करते हुए आनंद कश्यप ने कहा कि जनपद बागपत के बड़का गांव में काफी लंबे समय से तालाब की सफाई नहीं हो पा रही है। कई बार शासन प्रशासन को भी लिखा जा चुका है। मगर आज तक इस पर कोई भी कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई। 25 दिसंबर से पूर्व अगर तालाब की सफाई नहीं की गई तो मैं जल समाधि ले लूंगा। उन्होंने आज शासन प्रशासन को भी अवगत करा दिया है। जल समाधि को लेकर पुलिस प्रशासन में भी हड़कम मच गया है। अब आने वाला वक्त बताएगा इस मुद्दे पर कितना अमल होता है। आनंद कश्यप द्वारा बडौत एसडीएम भावना सिंह को ज्ञापन सौंपा गया है। आनंद कश्यप ने बताया कि तालाब में दलदल है। इसमें एक बार कूदने के बाद व्यक्ति की मृत्यु जरूरी है। पानी से भरा तालाब कूड़े कचरे से भी अटा हुआ है। उन्होंने कहा कि मैं अपने निर्णय पर कायम रहूंगा।



# सत्यार्थ प्रकाश परीक्षा में लाक्षागृह गुरुकुल के विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** बरनावा के लाक्षागृह स्थित महानंद संस्कृत विद्यालय गुरुकुल के विद्यार्थियों ने हरियाणा के सोनीपत गुरुकुल में हुई सत्यार्थ प्रकाश ज्ञान परीक्षा में प्रतिभा दिखाई। वरिष्ठ व कनिष्ठ वर्ग में चार पुरस्कार अपने नाम किए। विजेता विद्यार्थियों को आचार्यों ने पुरस्कृत किया।

हरियाणा के सोनीपत शहर स्थित आर्योदय गुरुकुल में 14 से 15 दिसंबर तक दो दिवसीय संस्कृत सम्मेलन व सत्यार्थ प्रकाश ज्ञान परीक्षा का आयोजन हुआ, जिसमें बरनावा लाक्षागृह गुरुकुल के 33 विद्यार्थियों ने विभिन्न वर्गों में प्रतिबद्ध किया। प्रतियोगिता के वरिष्ठ वर्ग में कक्षा नौ के अविचल आर्य प्रथम रहे। कनिष्ठ वर्ग में प्रथमा तृतीय खंड के विद्यार्थी आदित्य यादव प्रथम, इसी कक्षा के निखिल प्रजापति द्वितीय तथा कक्षा आठ के ऋतिक राठी तृतीय रहे। जबकि वंश सिरोही, प्रियांशु व आयुष्मान धीमान सांत्वना पुरस्कार के लिए चुने गए। आयोजकों ने विजेता विद्यार्थियों को नकद धनराशि व उपहार देकर पुरस्कृत किया। उधर गुरुकुल में विजेता विद्यार्थियों को प्रधानाचार्य योगाचार्य अरविंद शास्त्री व राहुल शास्त्री ने स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया।



## एक नजर

# 80 लाख रुपये की लागत से बनाई जा रही सड़क में घटिया सामग्री लगाने का आरोप, सभासदों ने हाथों से उखाड़ी सड़क



**बागपत।** नगर पालिका बागपत द्वारा 80 लाख रुपए की लागत से बनाई जा रही सड़क में घटिया सामग्री लगाने का आरोप। सभासदों ने हाथों से सड़क उखाड़ी। नगर पालिका बागपत के सभासद संजय रूहेला के मुताबिक नगर पालिका बागपत द्वारा पक्का घाट से देकर सराफा बाजार तक सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने 80 लाख रुपए की लागत से बनाई जा रही सड़क में घटिया सामग्री लगाने का आरोप लगाते हंगामा किया। साथ ही सभासदों ने हाथों से सड़क उखाड़ी। उन्होंने ठेका निरस्त कर सड़क का दोबारा निर्माण तथा डीएम से मामले की जांच कर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई कराने की मांग की है। वहीं नगर पालिका बागपत के सभासदों द्वारा सड़क को उखड़ते का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

# रालोद नेताओं ने कार्यक्रम स्थल का भ्रमण कर तैयारियों का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रमाला।** किशनपुर बराल में 18 दिसंबर को आयोजित होने वाले भारत रत्न चौधरी चरण सिंह किसान सम्मान समारोह को लेकर तैयारियां लगभग पूरी होने वाली है। आज रालोद जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर छपरौली विधायक डा.अजय कुमार पूर्व विधायक वीरपाल राठी सहकारिता प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकुमार चैयरमेन, मंडल अध्यक्ष इंद्रवीर भाटी, पूर्व विधायक वीरपाल राठी, युवा जिला अध्यक्ष राहुल धामा, पुर्व जिला अध्यक्ष जगपाल सिंह तेवतिया, राजीव मान, योगेंद्र सिंह तालियान, सत्यव्रत आर्य सहकारी चीनी मिल रमाला के उपसभापति जयदेव सिंह आदि ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि बड़ी संख्या में किसानों और क्षेत्रवासियों की उपस्थिति को ध्यान में रखते हुए व्यापक स्तर पर व्यवस्था की जा रही है। 30बीघा भूमि खाली कर कार्यक्रम स्थल को सुव्यवस्थित रूप दिया जा रहा है, ताकि मंच, पंडाल और बैठने की व्यवस्था सुचारु रूप से की जा सके। जयदेव सिंह ने कहा कि कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोगों के लिए बैठने हेतु कुर्सियों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही, आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी संबंधित विभागों और कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इस भाव किसान सम्मान समारोह में मुख्य आकर्षण का केंद्र कार्यक्रम स्थल पर लगाए जाने वाले स्टॉल होंगे इंस्टॉल के माध्यम से बागपत जनपद के एफपीओ से जुड़े किसान अपने एफपीओ द्वारा तैयार किए गए प्रोडक्ट की प्रदर्शनी लगायेंगे। का मुख्य अतिथि के रूप में पहुंच रहे गुजरात एवं महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत बागपत जनपद के किसानों को प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए जागरूक करेंगे। 18 दिसंबर का यह कार्यक्रम इतना विशाल एवं भव्य जनपद के किसानों के सहयोग से होने जा रहा है, जिसका संदेश बागपत से लेकर गुजरात और महाराष्ट्र तक पहुंचेगा।



# भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा का कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा ने कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन दाद. बलराम संस्कृत महाविद्यालय, ग्वाली खेड़ा में कथित अनियमित. ताओं और वित्तीय गबन के आरोपों की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर किया गया। संगठन ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। संगठन ने कलेक्ट्रेट प्रभारी को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य साधुराम स्वामी ने छात्रों से पैसे लेकर फर्जी डिग्रियां बांटीं, जिससे उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ। इसके अतिरिक्त महिला छात्रावास के लिए यूजीसी के एनआरसीबी अनुभाग से प्राप्त 15 लाख रुपए के कथित गबन का भी आरोप है। संगठन ने ज्ञापन में साधुराम स्वामी को आपराधिक छवि का व्यक्ति बताया और आरोप लगाया कि वह अपनी दबंगई से लोगों को धमकाते हैं। भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा ने प्रशासन से इस पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराने तथा दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। उनका कहना है कि इससे शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा। भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने बताया कि कलेक्ट्रेट प्रभारी ने मामले में कार्रवाई के लिए सात दिन का समय दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सात दिनों के भीतर संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई, तो संगठन बागपत कलेक्ट्रेट पर दोबारा धरना प्रदर्शन करेगा।

# गन्ने से लदे ट्रक ने बकरियों को कुचला, चार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** चमरावल पिलाना मार्ग पर एक गन्ने से लदे ट्रक ने बकरियों को कुचल दिया जिसमे चार बकरिया घायल हो गयी। पशुपालक ने ट्रक चालक के खिलाफ तहरीर दी है। चमरावल निवासी मनीष पुत्र बिरजू ने बताया कि वह अपनी बकरियों को चारा खिलाने खेतो मे जा रहा था तभी चमनलाल पिलाना मार्ग पर एक तेज गति गन्ने से लदे ट्रक ने चार बकरियों को कुचल घायल कर दिया वही। उसकी बहन तन्नू बाल बाल बची पीड़ित नें थानें में तहरीर दी है।

# दो पक्षों मे मारपीट, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** पुरनपुर नवादा गांव में रास्ते मे बाईक को खड़ा करने को लेकर दो पक्षों मे मारपीट हो गयी। दोनो पक्षों ने एक दूसरे के खिलाक तहरीर दी है। पुरनपुर नवादा निवासी कुलदीप पुत्र प्रेम शर्मा व सुनील पुत्र प्रवेश के बीच रास्ते में बाईक को खड़ा करने को लेकर मारपीट हो गयी जिसमें एक पक्ष से कुलदीप, संदीप और दूसरे पक्ष से सुनील, प्रवेश के खिलाफ मुक. दमा दर्ज किया गया है।

# खुले में रखे ट्रांसफार्मरों को लेकर डीएम गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने सड़कों के किनारे खुले में रखे विद्युत ट्रांसफार्मरों को लेकर गंभीरता दिखाते हुए जनपद के समस्त अधिशासी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि ऐसे सभी ट्रांसफार्मरों के चारों ओर अनिवार्य रूप से बैरिकेडिंग की जाए, ताकि आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि बैरिकेडिंग केवल सुरक्षा की दृष्टि से ही नहीं, बल्कि आकर्षक, सुंदर एवं शासन की थीम व विजन को प्रदर्शित करने वाली हो। इसी क्रम में जनपद की विभिन्न नगर पालिका क्षेत्रों में अधिशासी अधिकारियों द्वारा ट्रांसफार्मरों के चारों ओर सीएनसी मशीन से निर्मित आकर्षक फेंसिंग लगाए जाने का कार्य कराया गया। इन फेंसिंग कार्यों से न केवल आवागमन में आमजन को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो रही है, बल्कि सड़कों की सुंदरता में भी वृद्धि हुई है। ट्रांसफार्मरों की इस नवीन एवं आकर्षक बैरिकेडिंग को देखकर राहगीर भी आश्चर्यचकित नजर आए और इसकी सराहना करते दिखे। इसी क्रम में आज अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद बागपत के के भड़ाना ने बताया कि ट्रांसफार्मर बैरिकेडिंग सौंहदर्य का कार्य कोर्ट रोड, ईद गाह, सोनीपत रॉड सहित प्रमुख स्थलों पर अभी लगाए गए है। ईओ वीराज त्रिपाठी, मनोज रस्तोगी, हरी लाल पटेल द्वारा भी अपने नगरीय क्षेत्र में ट्रांसफार्मरों की आकर्षक एवं सुरक्षित फेंसिंग कराए जाने का कार्य पूर्ण किया गया है और यह कार्य आगे भी जारी रहेगा जो अभी अपूर्ण रह गए हैं उन पर भी कार्य कराया जा रहा है। जिलाधिकारी की यह पहल जनसुरक्षा के साथ-साथ नगर के सौंदर्यीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।



# जनपद में स्कूल वाहनों के खिलाफ सघन अभियान जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए परिवहन विभाग द्वारा स्कूल वाहनों के विरुद्ध सघन अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज क्रिस्तु ज्योति स्कूल छपरौली, एवरग्रीन पब्लिक स्कूल ढिकाना, आईपीएस तथा देवकृष्णा पब्लिक स्कूल खेकड़ा के वाहन बिना वैध प्रपत्रों के संचालित पाए गए। ऐसे वाहनों को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में निरुद्ध किया गया।

कार्रवाई के दौरान सभी स्कूली बच्चों को पूर्णत: सुरक्षित उनके घरों तक पहुंचाया गया। यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। आज आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी अस्मिता लाल द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए कि जनपद में कोई भी वाहन बिना वैध प्रपत्रों के अथवा स्कूल वाहन के निर्धारित मानकों के विपरीत संचालित नहीं होना चाहिए। निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राघवेंद्र सिंह ने बताया कि अब तक अभियान के तहत 27 पंजीकृत स्कूल वाहनों तथा 72 अनाधिकृत रूप से संचालित वाहनों, जो स्कूली बच्चों का परिवहन कर रहे थे, के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। इस दौरान 12.54 लाख का जुर्माना तथा 68.68 हजार कर की वसूली की गई है। प्रशासन अभिभावकों एवं विद्यालय प्रबंधन से अपील है कि बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए केवल मानक अनुरूप एवं वैध प्रपत्रें वाले वाहनों का ही संचालन सुनिश्चित करें।



# 565 नेत्र रोगियों ने कराया नेत्र शिविर में पंजीकरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** श्याम स्टील मैन्युफैक्चरिग लि0, कोलकाता के सौजन्य से कल्याणं करोति नेत्र संस्थान द्वारा नेत्र रोगियों की सेवार्थ निःशुल्क नेत्र जॉच एवं परामर्श शिविर का आयोजन 15 से 25 दिसम्बर तक श्रीजी बाबा आश्रम, भूतेश्वर रोड, मथुरा में आयोजित किया जा रहा है। ऑपरेशन हेतु भर्ती 24 दिसम्बर तक प्रतिदिन प्रातः 09:00 बजे से की जा रही हैं। निःशुल्क नेत्र जाँच चिकित्सा शिविर के प्रथम व द्वितीय दिन दूर–दराज अंचलों से आये 565 नेत्र रोगियों ने पंजीकरण कराकर नेत्र परीक्षण कराया जिसमें से मोतियाबिन्द ऑपरेषन 347 नेत्र रोगियों को ऑपरेशन हेतु भर्ती किया गया है भर्ती किये गये नेत्र रोगियों के नेत्र ऑपरेषन कल्याणं करोति नेत्र संस्थान, गोवर्धन रोड, मथुरा पर जा रहे हैं। शिविर में ऑपरेशन के योग्य पाये गये नेत्र रोगियों को पलंग, बिस्तर, दवा एवं भोजन की व्यवस्था पूर्णतः निःशुल्क रूप से की गई हैं।

# फिल्म अभिनेता अली खान का आत्मीय स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में फिल्म अभिनेता अली खान नगर में वरिष्ठ समाजसेवी रालोद नेता इरफान मलिक के आवास पर पहुंचे वहां उनका फूलों की मालाओं के साथ स्वागत किया गया। इस मौके पर बॉलीवुड की चर्चित फिल्मो खुदा गवाह वह गदर 2 में अपनी पहचान बनाने वाले प्रसिद्ध अभिनेता अली खान ने कहा कि जनपद बागपत सामाजिक सौहार्द की परंपरा का जनपद है यहां हमेशा हिंदू मुस्लिम भाईचारा एकता की मिसाल कम रखता है। उन्होंने कहा कि बागपत जनपद एक ऐसा ऐतिहासिक जनपद है जहां हिंदू मुस्लिम अपनी एकता की मिसाल कायम रखते हैं। उन्होंने स्थानीय लोगों से भी मुलाकात की वरिष्ठ समाजसेवी रालोद नेता इरफान मलिक ने कहा कि अली खान मुंबई से चलकर बडोत धर्म नगरी में आए हैं यहां से वह हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल को लेकर मुंबई तक भाईचारे की एकता को जोड़ने का काम करेंगे।



# 6 अवैध बाउंड्री वॉल व 2 अवैध रूप से निर्मित मकानों पर चलाया बुलडोजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बागपत-बड़ौत-खेकड़ा विकास प्राधिकरण द्वारा मानचित्र स्वीकृत कराए बिना किए जा रहे निर्माण एवं अवैध कॉलोनी विकास को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सख्त रुख अपनाया गया है।

स्थानीय स्तर पर कुछ कॉलोनाइजरों द्वारा बिना मानचित्र स्वीकृति के प्लाटिंग एवं कॉलोनी निर्माण कराया जा रहा है, जिससे राज्य सरकार को निरंतर राजस्व क्षति हो रही है तथा अल्प सुविधाओं के साथ अव्यवस्थित बसावट विकसित हो रही है। इसके परिणामस्वरूप भविष्य में पेयजल, अशुद्ध जल निकासी एवं मार्गों से संबंधित गंभीर समस्याएं उत्पन्न होने की आशंका है। प्रकरण में यह भी संज्ञान में आया है कि रणवीर की भूमि पर कॉलोनाइजर नजाकत द्वारा सहमति के नाम पर अवैध रूप से प्लाटिंग की जा रही थी, तथा 10 रुपये के स्टांप पेपर पर धनराशि लेकर जमीन का लेनदेन किया जा रहा था। इस प्रकार का कृत्य पूर्णत: अवैध है और विकास प्राधिकरण के नियमों के साथ-साथ विधिक प्रावधानों का भी उल्लंघन है। उक्त अवैध गतिविधि को अंजाम देने वाले कॉलोनाइजर नजाकत को भी कार्रवाई की श्रेणी में सम्मिलित किया गया है। जिलाधिकारी अस्मिता लाल के निर्देशन में उपजिलाधिकारी बागपत अमरचंद वर्मा द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए 6 अवैध बाउंड्री वॉल एवं 2 अवैध रूप से निर्मित मकानों को ध्वस्त कराया गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जनपद में कोई भी कॉलोनी बागपत-बड़ौत-खेकड़ा विकास प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृति प्राप्त किए बिना विकसित नहीं की जाएगी। जो भी कॉलोनाइजर अवैध रूप से प्लाटिंग अथवा कटिंग कर रहे हैं, उनके विरुद्ध कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा जनसामान्य एवं बिल्डरों से अपील की गई है कि जनपद को सुव्यवस्थित, सुंदर एवं सुविधायुक्त शहर के रूप में विक. सित करने हेतु विकास प्राधिकरण के नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें, जिससे एक सुनियोजित और सुरक्षित शहरी विकास संभव हो सके।



**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र रिजवान व पुत्रवधू नगमा से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

नाजमा पत्नि ताहिर निवासी ग्राम कुर्डी थाना छपरौली तहसील बडौत जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2014 अनुक्रमांक 0646811 व इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2016 अनुक्रमांक 0535243 तथा बी.ए. फाईनल वर्ष 2019 अनुक्रमांक PA180003032329 के अंक पत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कही खो गए है।

रविकुमार पुत्र लालचन्द सिंह निवासी ग्राम लुम्ब तहसील बड़ौत जनपद बागपत।

# पुलिस मुठभेड़ में शातिर गोकश गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

**गढ़मुक्तेश्वर।** थाना गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के चलते एक शातिर गौकश बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस चेकिंग के दौरान बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी, जिसके जवाब में हुई कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लग गई। घायल अवस्था में पुलिस ने उसे मौके से दबोच लिया। पुलिस के कब्जे से एक अवैध तमंचा, जिंदा व खोखा कारतूस तथा एक बाइक बरामद की गई है। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। सीओ गढ़मुक्तेश्वर वरुण मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि गढ़मुक्तेश्वर पुलिस टीम द्वारा फूलढ़ी नहर पटरी पर नियमित चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान एक संदिग्ध बाइक सवार पुलिस टीम को आता दिखाई दिया। जब पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया तो वह पुलिस को देखकर बाइक मोड़कर तेजी से भागने लगा। पुलिस टीम द्वारा पीछा किए जाने पर बदमाश ने खुद को घिरता देख पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें बदमाश के पैर में गोली लग गई और वह मौके पर गिर पड़ा। इसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जांच में गिरफ्तार बदमाश की पहचान इरफान उर्फ अलकान पुत्र रहीसुद्दीन कुरैशी उर्फ छोटे, निवासी ग्राम दौताई, थाना गढ़मुक्तेश्वर, जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार बदमाश शातिर किस्म का गौकश है और उसके खिलाफ गौकशी, चोरी सहित अन्य संगीन धाराओं में आधे दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे पहले से दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस ने बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है और उसके आपराधिक इतिहास की विस्तृत जांच की जा रही है। पुलिस द्वारा आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस सतर्क है और ऐसे अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।



# दबंगों व राजस्व कर्मियों पर जबरन कब्जा कराने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** धौलाना थाना क्षेत्र के गांव समाना में दबंगों द्वारा एक परिवार की भूमि पर अवैध कब्जा कराने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार ने तहसील धौलाना के हल्का लेखपाल और कानूनगो पर दबंगों से मिलीभगत कर जबरन कब्जा कराने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है।

डीएम को दिए गए शिकायती पत्र में गांव समाना निवासी पीड़ित परिवार ने बताया कि उनकी भूमि खाता संख्या 418, खसरा संख्या 267, रकबा 0.0440 है, जो राजस्व रिकॉर्ड शिजरे के अनुसार सड़क से लगी हुई है। पीड़ितों के अनुसार उनकी भूमि के बराबर में गांव समाना निवासी जगवीर पुत्र सिपटदर की भूमि खाता संख्या 107, खसरा संख्या 268, रकबा 0.4560 स्थित है, जो पीड़ित परिवार की भूमि के पीछे की ओर है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि जगवीर दबंग प्रवृत्ति का व्यक्ति है और वह अपनी भूमि पर बारात घर/मैरिज होम का निर्माण करवा रहा है। निर्माण की आड़ में वह पीड़ित परिवार की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर सड़क की ओर रास्ता निकालना चाहता है। आरोप है कि इस कार्य में तहसील धौलाना के कानूनगो व हल्का लेखपाल प्रभात कुमार की मिलीभगत है। शिकायत में कहा गया है कि हल्का लेखपाल प्रभात कुमार मौके पर पहुंचकर जगवीर से मिलकर सड़क से सटी पीड़ित परिवार की भूमि पर अवैध निर्माण की नींव रखवाने का प्रयास कर चुके हैं। विरोध करने पर हल्का लेखपाल ने पीड़ित परिवार को जेल भेजने की धमकी दी, जबकि जगवीर ने उन्हें झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी। इतना ही नहीं, दबंगों द्वारा पीड़ित परिवार पर कोरे कागजों पर हस्ताक्षर कराने का भी दबाव बनाया जा रहा है। पीड़ित परिवार का कहना है कि हल्का लेखपाल, कानूनगो और विपक्षी जगवीर की हरकतों से वे मानसिक रूप से प्रताड़ित हैं। परिवार ने जिलाधिकारी अभिषेक पांडे को शिकायती पत्र सौंपते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कराने, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और उनकी भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराने की मांग की है।



# एसडीएम का दिनदहाड़े अवैध मिट्टी खनन पर छापा, माफियाओं में हलचल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहादुरगढ़।** थाना बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव गंदुनंगला में उस समय हड़कंप मच गया, जब एसडीएम श्रीराम यादव ने अवैध मिट्टी खनन की सूचना पर दिनदहाड़े छापा मार दिया। प्रशासन की इस अचानक कार्रवाई से खनन माफियाओं में अफरा-तफरी मच गई। छापेमारी के दौरान मौके पर अवैध रूप से मिट्टी का खनन करते हुए माफिया सक्रिय रूप से कार्य करते मिले। एसडीएम के निर्देश पर तत्काल कार्रवाई करते हुए टीम ने मौके से 5 ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक जेसीबी मशीन को जब्त कर लिया। कई खनन माफिया प्रशासन को आता देख मौके से फरार हो गए। एसडीएम श्रीराम यादव ने बताया कि लंबे समय से गांव गंदुनंगला में अवैध मिट्टी खनन की शिकायतें मिल रही थीं। शिकायतों की गंभीरता को देखते हुए राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम के साथ यह कार्रवाई की गई। मौके पर किसी भी प्रकार के वैध खनन दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके, जिसके चलते मशीनों और वाहनों को कब्जे में लिया गया। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध खनन करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि अवैध खनन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी ऐसे अभियानों को लगातार जारी रखा जाएगा। फिलहाल जब्त किए गए ट्रैक्टर-ट्रॉली और जेसीबी मशीन को थाना बहादुरगढ़ में खड़ा कराया गया है। संबंधित धाराओं में कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रशासन की सख्ती से क्षेत्र के ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है और अवैध खनन पर रोक लगाने की मांग दोहराई है।



# बैंक रिकॉर्ड में जिंदा महिला को बताया मृत, आधार कार्ड निरस्त होने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के रामगढ़ी मोहल्ले से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां बैंक से रुपये निकालने पहुंची एक महिला को बैंक कर्मियों ने रिकॉर्ड में मृत बताया। जीवित महिला को मृत घोषित किए जाने की इस घटना से न केवल पीड़ित परिवार, बल्कि क्षेत्र में भी हड़कंप मच गया है।

पीड़ित महिला का आरोप है कि बैंक पहुंचने पर कर्मचारियों ने बताया कि उसका खाता निष्क्रिय है, क्योंकि उसके आधार कार्ड को निरस्त दर्शाया गया है और बैंक रिकॉर्ड में उसकी मृत्यु दर्ज है। महिला ने बताया कि वह पूरी तरह जीवित है और करीब 15 दिन पूर्व इसी बैंक से लेनदेन भी कर चुकी है। ऐसे में अचानक उसे मृत बताया जाना समझ से परे है। महिला के अनुसार बैंक द्वारा रुपये निकालने से इनकार किए जाने के बाद परिवार की परेशानियां बढ़ गईं। दैनिक जरूरतों और घरेलू खर्च के लिए पैसे न मिलने से परिवार आर्थिक संकट में आ गया है।

पीड़िता का कहना है कि न तो उसकी मृत्यु से संबंधित कोई प्रमाण है और न ही उसके आधार कार्ड को निरस्त किए जाने की कोई जानकारी उसे कभी दी गई। इस पूरे मामले को लेकर पीड़ित महिला ने बैंक अधिकारियों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि बैंक कर्मचारियों की गलती या रिकॉर्ड में हुई चूक के कारण उसे मानसिक और आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। न्याय की गुहार लगाते हुए पीड़ित महिला ने मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से की है और मांग की है कि बैंक रिकॉर्ड की जांच कर जल्द से जल्द उसे उसके खाते से धनराशि निकालने की अनुमति दी जाए, साथ ही दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। फिलहाल मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं हुआ तो पीड़ित परिवार के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो सकता है। अब देखना यह है कि बैंक प्रशासन और संबंधित विभाग इस गंभीर लापरवाही पर क्या कदम उठाते हैं।



# 20 दिसंबर को होगा जेएमएस एनुअल एथलेटिक्स मीट का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** आगामी 20 दिसंबर को जेएमएस वर्ल्ड स्कूल के तत्वावधान में जेएमएस एनुअल एथलेटिक्स मीट का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित खेल प्रतियोगिता में अंडर 10 से अंडर 18 तक के बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर डा. आयुष सिंगल ने जानकारी देते हुए बताया कि एथलेटिक्स मीट को पाँच आयु वर्गों अंडर- 10, अंडर- 12, अंडर- 14, अंडर-16 और अंडर-18 में विभाजित किया गया है। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों की जन्मतिथि अंडर-10 के लिए वर्ष 2016, अंडर-12 के लिए 2014, अंडर-14 के लिए 2012, अंडर-16 के लिए 2010 तथा अंडर-18 के लिए 2008 तक निर्धारित की गई है। विद्यालय की प्रधानाचार्या डा. निधि मलिक ने बताया कि प्रत्येक आयु वर्ग के लिए विभिन्न ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धाओं का आयोजन किया जाएगा। विद्यालय के स्पोर्ट्स डायरेक्टर दीपांशु गर्ग ने बताया कि प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। इसके साथ ही सर्वाधिक पदक प्राप्त करने वाली टीमों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान की चैंपियनशिप ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा। विद्यालय प्रशासन ने आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली हैं। आयोजन को लेकर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में उत्साह का माहौल बना हुआ है।



# हाईवे किनारे अतिक्रमण पर चला बुलडोजर दुकानों के बाहर फैले अवैध कब्जे हटाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नेशनल हाईवे किनारे बढ़ते अतिक्रमण को लेकर एनएचएआई ने सख्त रुख अपनाते हुए बुलडोजर कार्रवाई की। यह कार्रवाई थाना हाफिजपुर क्षेत्र में की गई, जहां हाईवे के दोनों ओर दुकानों के बाहर अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को हटवाया गया। लंबे समय से हाईवे किनारे फैले अतिक्रमण के चलते आए दिन हादसों का खतरा बना हुआ था।

बताया जा रहा है कि दुकानदारों द्वारा हाईवे की पटरियों और सर्विस रोड तक सामान फैलाकर कब्जा कर लिया गया था, जिससे वाहनों की आवाजाही बाधित हो रही थी। कई बार चेतावनी दिए जाने के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया गया, जिसके बाद एनएचएआई ने प्रशासन व पुलिस बल की मौजूदगी में बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाया। कार्रवाई के दौरान एनएचएआई के अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि भविष्य में यदि दोबारा अतिक्रमण किया गया तो कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने भी कार्रवाई का समर्थन करते हुए कहा कि हाईवे किनारे अतिक्रमण के कारण आए दिन जाम और दुर्घटनाएं होती रहती थीं। बुलडोजर कार्रवाई के बाद हाईवे किनारे यातायात सुचारु हुआ और लोगों ने राहत की सांस ली। प्रशासन का कहना है कि जनपद में हाईवे और प्रमुख सड़कों के किनारे अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा, ताकि दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके और यातायात व्यवस्था को सुरक्षित बनाया जा सके।



**एक नजर**

## ऑपरेशन शस्त्र के तहत बड़ी कार्रवाई, पुलिस ने कार सवार तीन बदमाश दबोचे

**हापुड़।** ऑपरेशन शस्त्र अभियान के तहत गढ़मुक्तेश्वर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने चेकिंग के दौरान कार सवार तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो अवैध तमंचे, कारतूस और एक चाकू बरामद किया है। थाना प्रभारी मनोज बालियान ने बताया कि थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान गांव बदरखा फ्लाईओवर के पास एक संदिग्ध कार को रोका गया। तलाशी लेने पर कार सवार तीनों युवकों के कब्जे से अवैध हथियार बरामद हुए। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार बदमाशों की पहचान मोहम्मद वसीम पुत्र अब्दुल हकीम, मोहम्मद नईम पुत्र अब्दुल हकीम तथा इमरान पुत्र अब्दुल हकीम, निवासी मोहल्ला बाबू नगर, मुस्तफाबाद, दिल्ली के रूप में हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध थाना गढ़मुक्तेश्वर में आर्म्स एक्ट सहित अन्य सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## वायरल वीडियो पर अभद्र टिप्पणियों से बिगड़ने लगी साम्प्रदायिक स्थिति, पुलिस ने शुरू की कार्रवाई

**हापुड़।** धौलाना थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो के विरोध में की गई टिप्पणियों के चलते साम्प्रदायिक तनाव की आशंका उत्पन्न हो गई है। बताया गया है कि वायरल वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए युधिष्ठिर राणा पुत्र भागीरथ, निवासी ग्राम शिवाया, थाना धौलाना द्वारा भी उसी वीडियो पर अभद्र एवं साम्प्रदायिक भाषा में टिप्पणी की गई। दोनों पक्षों की ओर से की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों के कारण क्षेत्र में माहौल बिगड़ने लगा, जिससे पुलिस और प्रशासन की चिंता बढ़ गई। पुलिस के अनुसार, इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों का प्रयोग कर सार्वजनिक रूप से विद्वेषपूर्ण सामग्री प्रसारित की गई, जिससे लोगों के बीच आक्रोश व्याप्त हो गया। मामले को लेकर सीओ पिलखुवा अनीता चौहान ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो एवं टिप्पणियों का संज्ञान लिया गया है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:** एस.एन. राना

*कार्यकारी सम्पादक

**आनन्द बक्श 'सुमन'**

☎0121-4005303, 4007303

**मुख्यालय:** मोबाइल-9720007290

UPHIN/2007/20661

www.shahtimesnews.com

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# क्रिकेट खेल के दौरान हुई फायरिंग का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** थाना पुलिस ने गांव अठसैनी में क्रिकेट खेलने के दौरान दो पक्षों के बीच हुई मारपीट व फायरिंग की सनसनीखेज घटना में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस भी बरामद किया है।

थाना प्रभारी मनोज बालियान ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए गांव अठसैनी में हुई उक्त घटना के आरोपी की तलाश तेज की। उन्होंने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि घटना में शामिल आरोपी नसीम पुत्र अनीस, निवासी ग्राम अठसैनी, थाना गढ़मुक्तेश्वर, किसी स्थान से फरार होने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर फुलढ़ी नहर पुल के पास से आरोपी नसीम को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# प्राधिकरण की नाक के नीचे फल-फूल रहा अवैध प्लाटिंग का कारोबार





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शहर व आसपास के इलाकों में भू-माफियाओं का अवैध प्लाटिंग का खेल खुलेआम जारी है। नियम-कानून को ताक पर रखकर ये माफिया कृषि व सरकारी भूमि पर अवैध रूप से कॉलोनियां काटकर मोटी रकम वसूल रहे हैं। प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर कार्रवाई के दावों के बावजूद भू-माफियाओं के हौसले बुलंद हैं और वे बेखौफ होकर करोड़ों रुपये की ज़मीन पर कब्जा जमाए हुए हैं।

सूत्रों के अनुसार शहर के कई बाहरी क्षेत्रों में बिना नक्शा स्वीकृति, बिना विकास शुल्क और बिना बुनियादी सुविधाओं के प्लॉट बेचे जा रहे हैं। भोले-भाले लोग सस्ते प्लॉट के लालच में अपनी जीवनभर की कमाई लगा रहे हैं, जबकि बाद में उन्हें न तो रजिस्ट्री का भरोसा मिलता है और न ही बिजली-पानी, सड़क व सीवर जैसी सुविधाएं।

बताया जा रहा है कि अवैध प्लाटिंग का यह कारोबार प्राधिकरण की नाक के नीचे चल रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि भू-माफिया प्रभावशाली लोगों की शह पर अवैध कॉलोनियां विकसित कर रहे हैं। सरकारी भूमि, ग्राम समाज की ज़मीन और कृषि भूमि को प्लॉट में तब्दील कर करोड़ों रुपये की अवैध कमाई की जा रही है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध प्लाटिंग के खिलाफ सख्त और स्थायी कार्रवाई की जाए। अब देखना यह है कि प्रशासन कब तक भू-माफियाओं के इस अवैध खेल पर लगाम कस पाता है या फिर यह कारोबार यूं ही फलता-फूलता रहेगा।

# सभी सरकारी चिकित्सा संस्थाओं में मनाया गया निःक्षय दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक माह की 15 तारीख को मनाए जाने वाले निःक्षय दिवस के अंतर्गत जिले की सभी सरकारी चिकित्सा संस्थाओं, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में मेरिनो कंपनी द्वारा प्रायोजित प्रेमचंद लोहिया मेमोरियल ट्रस्ट तथा जिला क्षय रोग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में गांव नया गांव इनायतपुर, गढ़मुक्तेश्वर में क्षय रोगियों के लिए एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर के दौरान कुल 160 मरीजों ने स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ उठाया। शिविर में आने वाले मरीजों को टीबी रोग की पहचान, उपचार एवं सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला क्षय रोग अधिकारी डा. राजेश सिंह ने उपस्थित मरीजों को निःक्षय दिवस के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि टीबी मरीजों के लिए दवाओं का पूरा कोर्स करना अत्यंत आवश्यक है, बीच में दवा छोड़ने से बीमारी और गंभीर हो सकती है। उन्होंने लोगों से समय पर जांच कराने और नियमित उपचार अपनाने की अपील की। जिला पीपीएम कोऑर्डिनेटर सुशील चौधरी ने बताया कि वर्ष 2025 तक भारत को टीबी मुक्त बनाने के लक्ष्य में मेरिनो कंपनी एवं प्रेमचंद लोहिया मेमोरियल ट्रस्ट का योगदान सराहनीय है। शिविर में ट्रस्ट के चिकित्सा अधिकारी डा. पीएस अग्रवाल एवं डा. डीके अग्रवाल ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि प्रेमचंद लोहिया मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा अब तक निःक्षय दिवस के अवसर पर 32 चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि ऐसे प्रयासों से टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने में निश्चित रूप से सफलता मिलेगी।




# संस्कृति में महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत आपरेशन जागृति के पांचवें चरण में जागरुकता कार्यक्रम में महिलाओं से संबंधित अपराधों की रोकथाम और महिला सशक्तिकरण पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डा. श्रीमती पूजा ठाकुर सिकेरा ने विद्यार्थियों को बताया कि किस महिलाओं और लड़कियों को अपने हकों और अपने प्रति किए जाने वाले अपराधों को रोकने के लिए बनाए गए कानूनों को जानना चाहिए। डा. पूजा ठाकुर सिकेरा ने बड़े सरल ढंग से महिलाओं और लड़कियों के साथ होने वाले अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को सरकार द्वारा बनाई गई हेल्प लाइनों की जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं और युवतियों को बहुत से कानूनों की जानकारी न होने के कारण भी महिला उत्पीड़न का शिकार होना पड़ता है। इसलिए आप लोगों को तुरंत मदद के लिए इन सभी हेल्प लाइनों के बारे में पता होना चाहिए। उन्होंने आंकड़े प्रस्तुत करते हुए कहा कि यद्यपि समाज में जागरुकता आई है लेकिन हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की स्थिति आज भी बहुत अच्छी नहीं है। हमारे अभियान का बड़ा उद्देश्य महिलाओं और लड़कियों में जागरुकता लाकर उन्हें सशक्त और अपराध के प्रति चुप्पी तोड़ने वाला बनाना है। उन्होंने संस्कृति विवि के विद्यार्थियों से कहा कि आज आपने यहां जो कुछ जाना, सीखा है उसे अधिक से अधिक महिलाओं और युवतियों के बीच शेयर करें। इससे पूर्व क्षेत्राधिकारी छाता भूषण वर्मा ने आपरेशन शक्ति के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार ने हर थाने पर एक मिशन शक्ति केंद्र बनाया है। यह महिला पुलिस अधिकारियों द्वारा ही संचालित होता है। उनकी हर समस्या, शिकायत का यहां प्रारंभ से अंत तक समाधान किया जाता है। हर तरह की सहायता उपलब्ध कराई जाती है। इस मौके पर मौजूद संस्कृति विवि की सीईओ डा. श्रीमती मीनाक्षी शर्मा ने आपरेशन जागृति के अंतर्गत किए जा रहे महिला सशक्तिकरण वाले कार्यों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों से अपेक्षा की कि वे यहां मिली जानकारी का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वल से हुआ। कार्यक्रम का संचालन संस्कृति विवि की मिशन शक्ति कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डा. रीना रानी ने किया।

# घरेलू क्लेश में महिला ने फांसी लगाकर जान दी

### पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेजा शव



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** घरेलू कलह से परेशान 32 वर्षीय विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव भेड़ा भरतपुर की है। मंगलवार सुबह महिला का शव घर की पहली मंजिल की सीढ़ियों पर लगी लोहे की रेलिंग से रस्सी के सहारे झूलता मिला, जिससे परिवार में कोहराम मच गया।

सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। फोरेंसिक टीम को भी बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए गए। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। देर शाम तक पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार था। फिलहाल मायके पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। मृतका की पहचान गांव निवासी किसान अरविंद की पत्नी याचना के रूप में हुई है। दोनों की शादी वर्ष 2017 में हुई थी। याचना का मायका डिडौली क्षेत्र के गांव चौबारा में बताया गया है। दंपती का एक सात वर्षीय बेटा पर्व है। परिजनों के अनुसार, परिवार में किसी बात को लेकर कुछ समय से कलह चल रही थी। बताया गया कि सोमवार शाम अरविंद अपनी बहन के घर कैलसा क्षेत्र के गांव नारायण चला गया था और रात वहीं रुक गया। याचना पहली मंजिल पर रहती थी, जबकि सास-ससुर नीचे के हिस्से में रहते हैं। पति की गैरमौजूदगी में याचना ने देर रात किसी समय आत्मघाती कदम उठा लिया। मंगलवार सुबह ससुर महावीर जब कमरे से बाहर निकले तो बहू का शव रेलिंग से लटका देख उनके होश उड़ गए। शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण भी मौके पर जमा हो गए। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सीओ शक्ति सिंह ने बताया कि फिलहाल शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मायके पक्ष से तहरीर मिलने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कोहरे के चलते भिड़े वाहन, कई घायल

### अतरासी रोड पर ट्रक से टकराई स्विफ्ट, हाइवे पर कार ने बाइक में मारी टक्कर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जिले में घने कोहरे ने सड़कों को खतरनाक बना दिया है। दृश्यता बेहद कम होने से वाहन चालकों को सामने का अंदाजा नहीं लग पा रहा, जिससे हादसों की संख्या लगातार बढ़ रही है। मंगलवार को भी कोहरे के कारण अलग-अलग स्थानों पर सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें कई लोग घायल हो गए।

जिले में मंगलवार सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। सुबह करीब साढ़े सात बजे थाना अमरोहा देहात क्षेत्र में अतरासी मार्ग पर एआरटीओ कार्यालय के सामने मेहम्दी की मंढय्या के पास एक बड़ा हादसा हो गया। अमरोहा से हाईवे की ओर जा रही स्विफ्ट डिजायर कार सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई। हादसे में कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, हालांकि राहत की बात यह रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया। दुर्घटना में ट्रक चालक सलमान पुत्र खुर्शीद निवासी जिला शामली तथा कार सवार युवक हैदर अब्बास को मामूली चोटें आईं। पुलिस ने दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं, दूसरा हादसा डिडौली कस्बे में सोमवार देर शाम हुआ। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने एक बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दो महिलाओं समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को तत्काल जोया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार, बिजनौर जिले के चांदपुर निवासी अली शेर की पत्नी फहमीदा अपने बेटे मोहम्मद रिजवान और रिश्तेदार शबीना के साथ पाकबड़ा से दावत खाकर बाइक से घर लौट रही थीं। कस्बे से गुजरते समय मुरादाबाद की ओर से आए अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



## जहरीले कीड़े के काटने से महिला घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** रहरा थाना क्षेत्र के गांव मटीपुरा में मंगलवार को एक महिला के जहरीले कीड़े ने काट लिया। परिजन आनन-फानन में महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रहरा लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव मटीपुरा निवासी हेमलता (50) पत्नी नरेंद्र सिंह, दोपहर के समय अपने घर के बाथरूम में कुछ घरेलू कार्य कर रही थीं। इसी दौरान अचानक किसी जहरीले कीड़े ने उनके हाथ में काट लिया। शुरुआत में हल्का दर्द और जलन महसूस हुई, लेकिन कुछ ही समय में हाथ में सूजन आ गई और महिला की तबीयत बिगड़ने लगी। परिजनों ने स्थिति को गंभीर होते देख तुरंत उपचार के लिए सीएचसी रहरा पहुंचाया।

# रोडवेज से कुचलकर मां की दर्दनाक मौत, पति व बेटा घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** नूरपुर से दवाई लेने जा रहे बाइक सवार दंपति व बेटे को अमरोहा-बिजनौर मार्ग पर रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। बस का पहिया ऊपर से उतरने के कारण पत्नी की मौत हो गई जबकि सड़क के दूसरी तरफ जाकर गिरे पति और सात महीने का बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने मृतका को सुपुर्देखाक कर दिया है। मामले में मुकदमे से जुड़ी कार्रवाई बिजनौर पुलिस स्तर से की गई है। मृतका की शादी दो साल पूर्व हुई थी। हादसे में मौत से परिजनों का रोते-बिलखते बुरा हाल है।

सोमवार रात लगभग आठ बजे हादसा अमरोहा की सीमा से सटे बिजनौर जिले के कस्बा शिवाला कलां में हुआ। नौगावां सादात के मोहल्ला शिकरिया (नई बस्ती) निवासी इमरान की शादी लगभग दो साल पहले दिल्ली के मुस्तफाबाद में रहने वाली 22 वर्षीय सानिया के साथ हुई थी। दंपति के एक सात महीना का बेटा अफ्फान है। परिजनों के

**■ बाइक पर सवार होकर नूरपुर से दवाई लेने जा रही थी**

मुताबिक सोमवार रात लगभग आठ बजे इमरान सानिया को दवा दिलाने के लिए बाइक से नूरपुर लेकर जा रहा था। सात महीने का बेटा अफ्फान भी उनके साथ में था। बताया जा रहा है अमरोहा जिले की सीमा से बिजनौर में दाखिल होते ही शिवाला कलां में नूरपुर की ओर से आ रही रोडवेज बस ने बाइक को रौंद दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि हवा में उछलकर सड़क की तरफ गिरी सानिया के ऊपर से बस का पहिया उतर गया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई जबकि सड़क की दूसरी तरफ गिरने से इमरान और बेटा अफ्फान बाल-बाल बच गए। हादसे में सानिया की मौत की सूचना से परिजनों और रिश्तेदारों में मातम का माहौल बन गया। रोते-बिलखते परिजन तुरंत घटनास्थल की ओर रवाना हो गए। घायल इमरान और अफ्फान को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं, शिवाला कलां थाना पुलिस ने सानिया का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मंगलवार दोपहर पोस्टमार्टम होकर घर पहुंचे शव को परिजनों ने सुपुर्देखाक कर दिया है। सानिया की मौत पर पति व परिवार के अन्य लोगों का रोते-बिलखते बुरा हाल है।

# अमरोहा को स्वच्छ व सुंदर बनाने का संकल्प

### टाउन हॉल में नगर पालिका व आईटीसी की संयुक्त कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शहर को स्वच्छ, सुंदर व कचरा मुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका व आईटीसी मिशन द्वारा कार्यशाला एवं स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विकेंद्रीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया।

नगर पालिका के टाउन हॉल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था को प्रभावी बनाना, शहर को कचरा मुक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाना तथा स्रोत पर अपशिष्ट पृथक्करण और सामुदायिक कंपोस्टिंग को बढ़ावा देना रहा। इस दौरान नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में महत्वपूर्ण




भूमिका निभाने वाली मोहल्ला समितियों को सम्मानित करने के लिए विशेष सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें उनके योगदान की सराहना करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। कार्यक्रम में चेयरमैन श्रीमती शशि जैन ने नगर को स्वच्छ रखने के लिए जनभागीदारी को अत्यंत आवश्यक बताते हुए नागरिकों से इस अभियान में सक्रिय सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि समुदाय के सहयोग से ही स्वच्छता के लक्ष्यों को सफलतापूर्वक प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान आईटीसी टीम द्वारा अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार एवं चेयरमैन श्रीमती शशि जैन का शॉल एवं बुके भेंट कर स्वागत किया गया, वहीं समस्त वार्ड सभासदों, सफाई निरीक्षकों एवं सफाई नायकों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ईओ डॉ. बृजेश कुमार, डीपीएम नदीम अख्तर, कोऑर्डिनेटर मोहम्मद अर्श व सभासद एवं पालिका कर्मी मौजूद रहे।

## टावर से चोरी हुए बैटरे बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कोतवाली पुलिस ने जियो टावर से बैटरा चोरी करने के आरोप में कंपनी के ही दो टेक्नीशियन कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। चोरी के दो बैटरों के साथ उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया। जहाँ से उन्हें जेल भेज दिया गया। मंगलवार को पुलिस ने बताया कि जियो टावर के टेक्नीशियन आमिर खान उर्फ बबलू निवासी किरयारी लखीमपुर और चमन निवासी- निवौला, संभल ने हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के रामपुर भूड़ स्थित जियो टावर से दो बैटरे चुराये और उन्हें डगरपुरी स्थित टावर परिसर में छिपा दिया। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने 1 लाख 70 हजार रुपये कीमत के दोनों चोरी किये गये। बैटरे डगरपुरी से बरामद किये गये है।

# युवती को खोजने में सोशल मीडिया का लिया सहारा

### पिछले आठ दिनों से लापता है युवती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के अल्लीपुर गांव से पिछले 8 दिनों से लापता एक युवती को खोजने के लिए पीड़ित परिवार ने सोशल मीडिया का सहारा लिया है। युवती के गुमशुदा होने के बाद भी हसनपुर पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए पीड़ित परिवार ने एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया है। इस वीडियो में वे अपनी बेटी की तलाश में मदद की गुहार लगा रहे हैं। परिवार का आरोप है कि गांव के ही कुछ लोगों ने उनकी बेटी को गायब कर दिया है। लगातार गुहार लगाने के बावजूद पुलिस की ओर से कोई ठोस कदम न उठाए जाने से निराश होकर उन्होंने अब सोशल मीडिया के माध्यम से जनता और उच्चाधिकारियों का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया है। युवती के परिजन लगातार बेटी की सुरक्षित वापसी की मांग कर रहे हैं और हसनपुर पुलिस से मामले में तत्काल और प्रभावी कार्रवाई की अपेक्षा कर रहे हैं। वही इस मामले में कोतवाल प्रेमपाल सिंह ने बताया कि पिता की तहरीर पर आरोपी रूपचंद के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा लगातार युवती की तलाश की जा रही है।

# फोटो खींचने पर क्लीनिक संचालक को धुना

### मोबाइल तोड़ा, पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** कैंटीन पर चाय पीते समय फोटो खींचे जाने से नाराज युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक क्लीनिक संचालक पर बीच सड़क हमला कर दिया। आरोपियों ने न सिर्फ पीड़ित को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा, बल्कि उसका मोबाइल फोन भी तोड़ दिया। एक नामजद समेत तीन-चार अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की गयी है। घटना मोहल्ला सराय कोहना की है। यहां रहने वाले मोहम्मद जिलानी का मोहल्ले में ही क्लीनिक है, जिसके पास एक कैंटीन भी संचालित होती है। एफआईआर के अनुसार, नौ दिसंबर को मोहल्ले का ही रहने वाला युवक दिलनवाज कैंटीन पर चाय पी रहा था। इसी दौरान क्लीनिक के बाहर खड़े मोहम्मद जिलानी ने मजाक में उसका फोटो खींच लिया। इस बात से नाराज दिलनवाज ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विवाद बढ़ने पर मोहल्ले के लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया, जिसके बाद दिलनवाज वहां से चला गया। आरोप है कि अगले दिन दस दिसंबर की शाम करीब सात बजे दिलनवाज अपने तीन-चार साथियों के साथ क्लीनिक पर पहुंचा। कहासुनी के दौरान आरोपियों ने मोहम्मद जिलानी का मोबाइल फोन जमीन पर पटक कर तोड़ दिया और उसे दौड़ा-दौड़ा कर पीटा, जिससे वह घायल हो गया। मौके पर लोगों की भीड़ जुटने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

# ओटीएस योजना को और बेहतर करने की मांग

### भाकियू शंकर ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** भारतीय किसान यूनियन शंकर ने विद्युत विभाग से ओटीएस योजना को अधिक बेहतर बनाये जाने की मांग की है।

मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में भाकियू शंकर राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि विद्युत विभाग में ओटीएस योजना अव्यवहारिक है। ज्यादातर उपभोक्ता योजना से लाभान्वित नहीं हो पा रहे है। योजना को बेहतर बनाया जाये। किसानों की खतोनियों के अंश निर्धारण की त्रुटियों को यथा शीघ्र दूर किया जाये। क्रेडिट कार्ड पर मिलने वाली छूट को किसानों के खातों में पहुंचाया जाये। जंगली जानवर जैसे खूंखार बन्दर, कुत्ते, महे आदि को पड़कर नसबंदी करते हुए उनको संरक्षित किया जाये। गन्ना मूल्य भुगतान 14 दिन के अंदर किया जाये। गन्ना सहकारी समितियां करोड़ों टैक्स देती है। परंतु किसानों को लाभान्वित नहीं करती है। किसानों को एक प्रतिशत ब्याज अनुदान राज्य सरकार से अगस्त 25 तक का प्राप्त हो चुका है। परंतु सहकारी समितियां ने किसानों को नहीं दिया है। गन्ना सहकारी समितियां किसानों को नैनो यूरिया जबरदस्ती थोपा जा रहा है संगठन इसको बर्दाश्त नहीं करेगा। कार्यक्रम में बबीता रानी मंजू शर्मा अशोक चौधरी मंजू चौधरी विक्रम पवार धर्मवीर सिंह अमित कुमार सतवीर सिंह मनोज कुमार वीर सिंह नेपाल सिंह शिव स्वरूप सिंह प्रशांत चौहान भगवान दास राजवीर गुर्जर राकेश रतनपुर रामप्रसाद सिंह रामेश्वर सैनी आफताब अहमद मौजूद रहे।

# सहाबा-ए-किराम के नक्शे कदम पर गुजारें जिंदगी




### हजरत अबुबक्र की शान में मनकबती महफिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पहले खलीफा हजरत अबुबक्र सिद्दीक की शान में मनकबती मुशायरे का आयोजन किया गया। शायरों ने कलाम पेश कर दौरा-ए-खिलाफत की खूबियां और इस्लाम में मर्तबा बयां किया।

पैगाम-ए-अमन कमेटी अमरोहा के तत्वधान में सोमवार रात मुहल्ला कोट स्थित मंसूर अहमद एडवोकेट के आवास पर आयोजित इस मुशायरे की अध्यक्षता सरताज आलम मंसूरी ने की। कमेटी अध्यक्ष हाजी खुर्शीद अनवर ने हजरत अबुबक्र सिद्दीक की जिंदगी, उनके किरदार और इस्लाम के लिए दी गई क र्बानियों पर रोशनी डाली। कहा कि अबुबक्र सिद्दीक इस्लाम के पहले खलीफा थे। अपने पूरे जीवन में सादगी, सच्चाई और ईमानदारी की मिसाल पेश की। बताया कि अबुबक्र सिद्दीक का मरतबा नबियों के बाद सबसे बड़ा है। आपकी चार नस्लें सहाबी ए रसूल हैं। अध्यक्षता कर रहे सरताज आलम मंसूरी ने कहा कि अगर कामयाबी चाहिए तो हमें अपनी जिंदगी सहाबा-ए-किराम के नक्शे कदम पर गुजारनी होगी यह ही सच्ची खिराज-ए-अकीदत है। इसके बाद शेरो-शयरी का सिलसिला शुरू हुआ। हाफिज मकरिम अली सहित अन्य शायरों ने अपना कलाम पेश किया। मुल्क ओ मिल्लत की तरक्की व खुशहाली की दुआ के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम संयोजक कमेटी चेयरमैन मंसूर अहमद एडवोकेट ने सभी का शुक्रिया किया। इस मौके पर हाजी अब्दुल कय्यूम राईनी, फैज आलम राईनी, फहीम शाहनवाज, यासिर अंसारी एडवोकेट, सैयद इकराम हुसैन जैदी, सरकार आलम, आलम खां आदि मौजूद रहे।

# बिजली का निजीकरण बर्दाश्त नहीं करेंगे किसान

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा की पंचायत में पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार बिजली का निजीकरण करने जा रही है, जिससे किसान का खेती-बाड़ी करना बहुत

**■ भाकियू संयुक्त मोर्चा की पंचायत आयोजन**



मुश्किल हो जाएगा।

मंगलवार को ब्लॉक के निपनिया गांव में लकी चौधरी के आवास पर हुई पंचायत में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि बिजली का निजीकरण बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बिजली निजीकरण हो या एमएसपी गारंटी कानून जैसी मांगों पर संयुक्त मोर्चा सड़क पर उतरकर पर आंदोलन करने को तैयार है। कहा कि अमरोहा जिले में जमापुर के पास एक टोल प्लाजा अवैध तरीके से चलाया जा रहा है। इस टोल प्लाजा के द्वारा किसान के साथ आम आदमी की भी लूट हो रही है। ऐसे अवेध टॉल प्लाजा को संयुक्त मोर्चे के द्वारा चिन्हित किया जा रहा है। इन टोल प्लाजा को तुरंत बंद कराने का काम किया जाएगा। इस अवसर पर लकी चौधरी को छात्र प्रकोष्ठ और नबी चौधरी को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का ब्लॉकाध्यक्ष जबकि बीस लोगों को सदस्य बनाया गया। पंचायत में कैलाश नाथ, मलखान सिंह, यासीन चौधरी, सुमेर सिंह, अनस चौधरी, आशू यादव, पुनीत चौधरी,मनोज चौधरी, मनु चौधरी मौजूद रहे, जबकि संचालन अंसार मलिक ने किया।

# जानलेवा के है धूम्रपान, इसका परित्याग करें

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ज्ञान भारती इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा धूम्रपान निषेध कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवियो ने भाषण एवं कला प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। भाषण प्रतियोगिता में टीना जबकि कला प्रतियोगिता में रहनुमा का प्रथम स्थान रहा।

**■ ज्ञान भारती में भाषण एवं कला प्रतियोगिता आयोजित**




विद्यालय के प्रधानाचार्य पीजी गोस्वामी ने बच्चों को धूम्रपान निषेध के अंतर्गत सिगरेट, बीड़ी, गुटखा, तंबाकू के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि वे अपने घर, परिवार और आस पड़ोस के लोगों को भी धूम्रपान की आदत त्यागने के लिए प्रेरित करें। प्रतियोगिता में भाषण प्रतियोगिता में सिमरन कौर का द्वितीय व निशि और अलफिजा ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। कला प्रतियोगिता में निदा ने द्वितीय व माहिरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम अधिकारी प्रभाष कुमार ने कहा कि सिगरेट, बीड़ी आदि के सेवन से हमारे फैफड़े कमजोर हो जाते हैं, इतना ही नहीं कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी भी होने का खतरा होता है। इसलिए धूम्रपान त्यागने के लिए लोगों को प्रेरित करें। विद्यालय के शिक्षक उमेश कुमार, महेश कुमार ने भी धूम्रपान के दुष्परिणामों के बारे में बताया। कार्यक्रम में लोकेंद्र सिंह, नरेश सिंह, अनिल राणा, विनय प्रकाश सिंघल, पप्पू कुमार यादव, हरीश कुमार वर्मा, पूजा देवी, रुक्मणी तिवारी आदि मौजूद रहे।

## युवती को बहला फुसलाकर ले जाने में मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** थाना क्षेत्र के गांव से एक 17 वर्षीय किशोरी को एक युवक बहला फुसलाकर लेकर फरार हो गया। किशोरी के पिता ने आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार 13 दिसम्बर की रात को उसकी पुत्री घर पर सो रही थी कि गांव निवासी एक युवक फैजान आया और किशोरी को बहला फुसलाकर ले गया। फैजान के साथ आजम भी था। किशोरी के पिता ने घटना की तहरीर पुलिस को दी, जिस पर पुलिस ने आरोपी फैजान व आजम के विरूद्ध संबधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

# डीएम की अध्यक्षता में आईजीआरएस की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में आईजीआरएस की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसामान्य से प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्एक शिकायत के निस्तारण की पूरी जानकारी शिकायतकर्ता को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाए, ताकि शिकायतकर्ता पूर्ण रूप से संतुष्ट हो सके।



जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारियों को भूमि विवाद से संबंधित प्रकरणों में स्वयं स्थलीय निरीक्षण कर शिकायतकर्ता की उपस्थिति में आख्या तैयार कर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त सभी शिकायतों का निर्धारित समयसीमा में निस्तारण करते हुए उसकी रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड की जाए।

जिलाधिकारी ने जनपद की आईजीआरएस में प्राप्त 10वीं रैंकिंग को प्रथम स्थान पर लाने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए सभी अधिकारियों से समन्वय एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिला वना. धिकारी प्रणव जैन, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ। दीपा सिंह, अपर जिलाधिकारी द्धवित्त एवं राजस्वत्रृ संदीप कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी द्धप्रशासनत्रृ डा। नितिन मदान सहित समस्त विभागीय अधिक. ारीगण उपस्थित रहे।

# लघु उद्योग भारती के द्वारा भव्य समारोह मनाया गया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** लघु उद्योग भारती का एक भव्य समारोह होटल ओपल में संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि नगर विधायक आकाश सक्सेना, विशिष्ट अतिथि प्रदेश महासचिव अमित अग्रवाल द्वारा दीप प्रजलन किया गया। उसके पश्चात जिला अध्यक्ष दीपक गोयल द्वारा अभी तक किए गए उद्योगों की समस्याओं के समाधान के बारे में विस्तार से बताया व मंडल सचिव विपिन गुप्ता ने व्यापारियों से समस्याओं के बारे में सुझाव दिए। उसके बाद प्रदेश महासचिव अमित अग्रवाल ने प्रदेश स्तर व राष्ट्रीय स्तर की समस्याओं के समाधान के विषय में बताया। उसके पश्चात शहर विधायक आकाश सक्सेना ने भी अपने



विचार रखें। लघु उद्योग भारती द्वारा व्यापारियों की समस्याओं के कराए जा रहे समाधान की। सराहना की समारोह में उद्यमियों, उद्योग प्रतिनिधियों एवं गणमान्य व्यक्तियों के साथ संवाद हुआ और लघु उद्योगों से जुड़े विषयों, चुनौतियों एवं संभावनाओं पर सार्थक चर्चा की गई। जिला सचिव शलभ गोयल व जिला कोषाध्यक्ष हरीश गोयल द्वारा सभी का धन्यवाद दिया गया। मंच का संचालन बहुत सुंदर तरीके से विपुल गुप्ता द्वारा किया गया। सभा मे एसके गुप्ता, रमेश अग्रवाल, अरविंद नंदा, संजय गर्ग, हेमंत गर्ग, सोमेश अग्रवाल, निक्की जोली, संजय अग्रवाल, शलभ गुप्ता, अनीलेश अग्रवाल, सुनील भगत, शंकर केडिया, भास्कर अग्रवाल, अमित अग्रवाल, शगुन अग्रवाल, अवनीश गोयल, शैंकी गोयल आदि मौजूद रहे।

# नाबालिग युवती को भगाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग लड़की को भगाकर ले जाने का मामला सामने आया है।

युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस में दो युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी।

तहरीर में बताया कि उसकी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री को दिनांक 13 दिसंबर की रात्रि को धीरेन्द्र सिंह निवासी जीवाई थाना कैमरी व बाबू निवासी हड़पुरा स्वार, दोनो साथी बहला फुसलाकर अपने साथ ले गए।

पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने उपजिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** शाहबाद के गेस्ट हाउस में भाकियू टिकैत के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष सरदार जगजीत सिंह गिल के नेतृत्व में मासिक पंचायत की। मासिक पंचायत में क्षेत्र के किसानों की भिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। और एसडीएम के नाम सात सूत्री ज्ञापन नायब तहसीलदार राजेश कुमार को सौंपा गया।

ज्ञापन में मांग की गई है कि धान खरीद में भारी कमियां है उनको दूर करते हुए असल किसानों का ही धान खरीदा जाए और बिचौलियों को इससे दूर रखा जाए। ज्ञापन के माध्यम से चेतावनी दी कि अगर किसी अमीन द्वारा बिजली बिल को लेकर किसानों से अभद्रता की गई तो इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया



जाएगा और एक बड़ा आंदोलन होगा। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि राणा शुगर मिल बाहरी गन्ने की खरीद पर रोक लगाते हुए स्थानीय किसानों को पर्चियां उपलब्ध कराएं।

ज्ञापन सौंपने वाले में जिला अध्यक्ष सरदार जगजीत सिंह गिल, जिला प्रवक्ता विरेन्द्र सिंह, मंडल उपाध्यक्ष मीनू यादव, ब्लॉक अध्यक्ष खुशीराम यादव, तहसील अध्यक्ष चौधरी सुंदर सिंह, प्यारा सिंह, निशान सिंह, ठाकुर अजीत सिंह, अफसर अली, युवा ब्लॉक अध्यक्ष राजवीर सिंह, महावीर सिंह, जगतपाल लोधी, सोनू, गंगा दयाल, राम स्वरूप आदि रहे।

# सैफनी में छाया घना कोहरा वाहनों की रफ्तार हुई धीमी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** रामपुर नगर में घना कोहरा छाया रहा, जिससे पूरे क्षेत्र में वाहनों की गति धीमी हो गई और सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ।घने कोहरे के कारण .श्यता द्धविजिबिलिटीत्रृ घटकर मात्र 5 मीटर रह गई। सड़कों पर अत्यधिक धुंध के चलते वाहन चालकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।चालकों को अपनी गाड़ियों की गति धीमी करनी पड़ी और उन्हें हेडलाइट तथा फॉग लाइट का उपयोग करना पड़ा। इसके परिणामस्वरूप, कई मार्गों पर यातायात जाम की स्थिति भी बनी रही।घने कोहरे और कम .श्यता के कारण सड़कों पर बाइक सवारों की संख्या में कमी आई। आवश्यक कार्यों से बाहर निकलने वाले लोगों को भी धीमी गति से यात्रा करनी पड़ी।

# सभासद ने नगर पंचायत से जन सूचना अधिकार के तहत मांगी सूचनाएं

**शाहबेज अली**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** नगर पंचायत शाहबाद के वार्ड नंबर 16 के सभासद शराफत हुसैन ने नगर पंचायत शाहबाद से वर्ष 2023 के माह मई से वर्ष 2025 के दिसंबर तक का कुछ बिंदुओं पर समय सीमा के अनुसार सूचना मुहैया कराने के मांग की है। सभासद का कहना है कि इस अवधि में नगर पंचायत शाहबाद में जो कूड़ेदान एवं हत्थू ठेले खरीदे गए थे, उनके स्थान पर जो टूटे हुए कूड़ेदान एवं हत्थू ठेले हैं, वह नगर पंचायत शाहबाद के द्वारा नीलाम किए गए या नहीं। अगर नीलाम किए गए तो कितने रूपए के और किस ठेकेदार के द्वारा नीलामी की गई। नगर पंचायत शाहबाद के द्वारा इस अवधि में नगर में पथ प्रकाश की व्यवस्था के लिए



कितनी लाईटें खरीदी गईं और किन-किन कंपनियों की लाइटों को खरीदा गया। लाइट की गारंटी व लाइट की कीमत मुहैया कराने की मांग भी की गई है सभासद का कहना है कि नगर पंचायत शाहबाद में बोर्ड की जो भी मीटिंग हुई उसका रजिस्टर्ड लॉक है या नहीं।अगर लॉक है तो किस दिनांक को किया गया। नगर पंचायत शाहबाद में जो भी बैठकें हुई उनमें कितने कार्य हुए और कितने बाकी हैं। इसके साथ ही सभासद द्वारा इस बीच हुई बोर्ड की बैठक में होने वाला खर्च तथा खर्च का ब्यौरा भी मांगा गया है।

# अपनी मांगों को लेकर यूनाइटेड फार्म ऑफ बैंक यूनियन ने बैज लगा कर किया कार्य



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** यूनाइटेड फॉर्म ऑफ बैंक यूनियन के राष्ट्रीय आवाहन अपनी जायज मांगों को लेकर बैंक कर्मचारी अधिकारी आंदोलन की राह पर इसी क्रम में अपनी पुरानी मांगों को लेकर बैंकों में पांच दिवसीय बैंक 5 कंल इंदापदह आदि की मांगों को लेकर आज सभी बैंकों में बैंक कर्मचारी अधिकारी ने बैज लगाकर बैंक में कार्य किया स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ एसोसिएशन बरेली परिक्षेत्र के क्षेत्रीय सचिव रामपुर के कामरेड धनराज ने बताया की स्टेट बैंक की सभी शाखों में सभी बैंक कर्मचारी व अधिकारियों ने अपनी मांगों के संबंध में बैज लगाकर कार्य किया है रामपुर मुख्य शाखा सिटी शाखा तथा स्वार शाखा से अभी तक कुछ है छायाचित्र मिले हैं और सभी शाखों में सभी साथी अपनी मांगों के संबंध में बैज लगाकर कार्य कर रहे हैं।

# भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी, कोई भी बन सकता है प्रदेश और राष्ट्रीय अध्यक्षः हरीश

**■ भाजपा जिलाध्यक्ष पार्टी कार्यालय पर की पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। यहां कोई भी मेहनती बूथ अध्यक्ष कभी भी जिलाध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है। इसलिए, कार्यकर्ता कभी भी अपने आप को पद के लिहाज से छोटा न आंके। उन्होंने सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को मेहनत से काम करने की अपील की।

राम विहार स्थित पार्टी कार्यालय पर हुई बैठक में उन्होंने कहा कि एक तरफ



कांग्रेस, बसपा और समाजवादी पार्टी परिवारवाद का प्रतीक हैं। वहां कोई कार्यकर्ता कभी आगे नहीं बढ़ सकता। सिर्फ बड़े नेता से लेकर उसकी पीढ़ी दर पीढ़ियां ही वह जिम्मेदारी संभालती हैं। जबकि, भाजपा एक लोकतांत्रिक संगठन है, जिसमें मेहनती कार्यकर्ता को मेहनत और समर्पण के आधार पर बड़ी जिम्मेदारी मिलने की संभावना रहती है। कहा कि भाजपा संगठन में सभी स्तरों पर अभिव्यक्ति और भागीदारी का मौका मिलता है और पार्टी का ढांचा ऐसा है कि यदि कोई कार्यकर्ता पूरी लगन से संगठन से जुड़ा रहे, तो उसे बूथ अध्यक्ष से लेकर प्रदेश व राष्ट्रीय जिम्मेदारियों तक आगे बढ़ने के अवसर मिल सकते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आहवान करते हुए कहा कि आगामी पंचायत चुनाव की . ष्टि से अभी से तैयारी शुरू करनी होगी। पंचायत चुनाव में न सिर्फ जिला पंचायत व क्षेत्र पंचायत सदस्य अपने जिताने हैं, बल्कि क्षेत्र पंचायत अध्यक्षों से लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष तक अपना बनाना है। हमें अपने कार्यकर्ताओं की क्षमता और मेहनत पर पूरा विश्वास है। उन्होंने कहा कि जनता के बीच पहुंचकर उन्हें भाजपा की नीतियां, सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दें। इस अवसर पर जिला महामंत्री अशोक विश्नोई, रविंद्र सिंह रवि, सतनाम सिंह, मोहन कुमार लोधी, जगपाल यादव, रवि रूहेला, प्रमोद आहूजा, अर्जुन रस्तोगी, प्रदीप गुप्ता, विकास दीक्षित, मदन चौहान, जमुना प्रसाद लोधी, जेपी सिंह आदि उपस्थित रहे।

# ऑल आशा एवं आशासंगिनी कार्यकत्री सेवा समिति संगठन ने चिकित्सा अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** ऑल आशा एवं आशा संगिनी कार्यकत्री सेवा समिति संगठन की आशाओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पर पहुंचकर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आज 16 दिसंबर को धरना प्रदर्शन में दिल्ली के जंतर मंतर पर पहुंचने की अनुमति हेतु चिकित्सा अधिकारी रामपुर के नाम एक ज्ञापन चिकित्सा अधीक्षक शाहबाद पदम सिंह को सौंपा।

आपको बता दें कि संगठन राज्य कर्मचारी, सामान्य जनक एवं विभिन्न मांगों को लेकर दिल्ली के जनत मंत्र पर राष्ट्रीय स्तर का धरना प्रदर्शन हो रहा है जिसमें शाहबाद क्षेत्र से भी समस्त आशाओं और आशा संगनियों को पहुंचने का आहवान किया गया है।

# पीड़ित ने शिकायती पत्र देकर, पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** रामपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ललवारा निवासी छत्रपाल सिंह पुत्र पन्नू लाल ने पुलिस अधीक्षक को दिया शिकायती पत्र जिसमें बताया कि गाटा संख्या-432 रक्वा 2।0760 हे. स्थित ग्राम ललवारा का अन्य सह काश्तकारों के साथ काश्तकार है। उसके जमीन के सह काश्तकार तारावती व उसके पति हरपाल और इनके पुत्र मनवीर, रघुवीर व राकेश आदि ने मेंढ को तोड़कर अपने खेत में मिला लिया था, जिसका उपजिला. धिकारी शाहाबाद के न्यायालय में वाद दायर किया था, वाद संख्या-672/2023, धारा-116 उ.प्र. भू-राजस्व संहिता, कल्लू आदि बनाम तारावती में उपजिलाधिकारी शाहबाद द्वारा डिकी पारित कर दी गई, और 18 नवंबर को राजस्व विभाग के कर्मचारियों द्वारा पुलिस की मौजूदगी में मेडबंदी करा दी गई थी। तभी से उपरोक्त लोग पीड़ित से रंजिश मानने लगे । उपरोक्त लोगों द्वारा 25 नवंबर को भी राजस्व कर्मचारियों द्वारा बनवाई गई मेड़ों को तोड़ दिया गया था। जिसकी शिकायत राजस्व कर्मचारियों से की गई थी, जिन्होने पुन मेड बनवा दी थी।

14 दिसंबर को पीड़ित भूडा गेट सैफनी में फल के ठेले पर खड़ा हुआ था तभी हरपाल पुत्र गंगाराम, मनवीर व हरपाल का एक दूसरा लड़का निवास. ीगण ग्राम रायपुर का मझरा, लोधो वाला, सैफनी ने 01: 00 बजे दोपहर पीड़ित के पास आए और आकर पीड़ित का गिरेबान पकड़कर गन्दी गन्दी गालियां देकर जान से मारने की कोशिश करने लगे, मौके पर मौजूद लोगों ने बचाया तो उपरोक्त लोगों ने धमकी दी कि कभी अकेला दिख गया तो तुझे गोली मार देंगे, किसी भी हालात में जिन्दा नहीं छोड़ेंगे, कहते हुए चले गए उक्त घटना की शिकायत पीड़ित ने थाने में की है, किन्तु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। पीड़ित को उपरोक्त लोगों से अपनी व अपने परिवार की जान का सख्त खतरा है, खेत पर आते जाते समय कोई भी गम्भीर घटना कर सकते हैं। पीड़ित ने उक्त लोगों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही करने की मांग की है।

# सी-टेट परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा।** जूनियर हाईस्कूलद्धपूर्व माध्यमिकत्रृ शिक्षक संघ ने बीएसए को ज्ञापन सौंपकर आगामी 8 फरवरी को प्रस्तावित सी-टेट परीक्षा में शिक्षकों के सम्मिलित होने के लिए सामूहिक अनापत्ति प्रमाण पत्र आदेश निर्गत किए जाने की मांग की है।



बीएसए को दिए गए ज्ञापन में संघ के जिलाध्यक्ष डॉक्टर राजवीर सिंह और महामंत्री अंजुम स्नेही ने कहा कि 8 फरवरी को केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित होना प्रस्तावित है।प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की उक्त परीक्षा में में प्रतिभाग करने वाले शिक्षक, शिक्षिकाओं,शिक्षामित्रों और अनुदेशकों को सामूहिक अनापत्ति आदेश पत्र जारी किया जाना नितांत आवश्यक है,ताकि शिक्षक नियमानुसार बेझिझक परीक्षा में सम्मिलित हो सकें।ज्ञापन में कहा गया है कि मुरादाबाद सहित अन्य जनपदों में उक्त परीक्षा में प्रतिभाग करने के लिए सम्बन्धित जनपद के बेसिक शिक्षा अधिकारियों द्वारा सामूहिक अनापत्ति आदेश निर्गत कर दिया है।

# एक दुनिया एक हृदय ध्यान में एकता की धारा, विश्व ध्यान दिवस 21 दिसंबर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** ब्लॉक सभागार में पंचायत सचिव एवं पंचायत सहायकों के चार दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान ध्यान के महत्व एवं प्रकार की जानकारी दे रहे आयुर्वेद मनोचिकित्सक कुलदीप सिंह चौहान ने कहा कि एक दुनियाॅ एक हृदयॅ ध्यान में एकता की धारा हम बने शांति का सहारा इस संदेश के साथ संपूर्ण विश्व 21 दिसंबर शाम आठ बजे हार्टफुलनेस के आध्यात्मिक मार्गदर्शक कमलेश देसाई पटेल दाजी के साथ एक साथ ध्यान में बैठेगा। यह वो मौका है जिससे किसी को चूकना नहीं चाहिए।

वास्तव में जब संपूर्ण विश्व एक साथ हृदय में मौजूद ईश्वरीय प्रकाश की उपस्तिथि में डूबेगा उस समय ब्राइटर वर्ड से प्राणाहूति की पूरी धारा ध्यान मार्गदर्शक कमलेश देसाई के



ध्यान के लिंक से पंजीकरण कराते हार्टफुलनेस के डा.कुलदीप चौहान।

नेतृत्व में सभी प्रतिभागियों को आंत. रिक रूपांतरण का त्वरित आभास कराएगा।

यह वह क्षण होगा जिसकी अनुभव स्वयं को ही अनुभूत होगा। अत: आप सभी 21 दिसंबर को शाम आठ बजे होने वाले ध्यान के इस सत्र में इस लिंक पर अपना पंजीकरण करने के बाद सम्मिलित होकर साल के इस अंत में घटने वाली इस अद्धबुध घटना का गवाह बने।

क्योंकि प्रत्यक्ष का प्रमाण प्राप्त करने के लिए आपको यह प्रयास स्वयं से ही करना होगा। इसके बाद ध्यान में प्रतिभाग करने के लिंक पर 178 लोगों का पंजीकरण कराया गया।

# बढ़ती ठंड ने लोगो व निराश्रित गौ वंशियों की बढ़ाई मुश्किलें, जगह-जगह लोग अलाव जलाते दिखे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** नगर में सर्दी ने पकड़ी तेज रफ्तार लोगो ने नगर पंचायत से सर्दी से बचने के लिए अलाव जलाने की मांग की बताते चले लगभग तीन चार दिन से सर्दी ने तेजी पकड़े हुए है पूर्व में सुबह शाम ठंड पड़ रही थी लेकिन सोमवार को सुबह से आए कोहरे ने ठंड को बड़ा दिया है। जिससे लोग सर्दी से ठिठुरते नजर आए और बेजुबान जानवर भी ठंड में ठिठुरते नजर आए बही बाजारों में बढ़ती ठंड को देख गर्म कपड़ों की खरीददारी बढ़ने लगी बेजुबान निराश्रित गौ वंशियों पशुओं को शुरुआती ठंड ने जीना मुश्किल कर दिया है ए बेजुबान जानवर ठंड से बीमार भी पड़ सकते है



नगर में कुछ स्थानों पर लोग लकड़ी कंडे कागज आदि जलाकर जानवरों को आग से तपाते नजर आए छोटे छोटे बच्चे ठंड के बढ़ने और भयंकर कोहरे को देख स्कूल जाने से कतराते नजर आए लेकिन बढ़ती ठंड बच्चों को बीमार भी कर सकती है।

बच्चों के माता पिता बच्चों को भारी ऊनी वस्त्रों को पहनाकर स्कूलों में भेज रहे हैं अन्यथा बच्चों को सर्दी जुकाम बुखार आदि रोग लने का भय है।

लाला गंगा सहाय की बाजार में रात को बेचारे बेजुबान निराश्रित गौ वंश अपना आश्रय बनाते हैं जहां पर पूरे नगर के बेजुबान जानवर इक्ठे हो जाते है ऐसे में गौ वंश को जगह जगह खाली पड़ी रोड की किनारों की जगहों पर ठंड से बचाने के लिए अलाव जलाने की व्यवस्था की जानी चाहिए।

वहीं लोगों को सड़कों पर वाहन चलाते समय घनघोर कोहरे में यातायात के नियमों का पालन करते हुए सिर पर हेलमेट लगाकर ही वाहन को धीमी गति से चलाए जिससे वाहन ओर वाहन स्वामी की सुरक्षा बनी रहती हैं।

# यंग मैन क्रिकेट क्लब न्यू लाइट क्लब को हराकर बना विजेता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा।** मनसब अली स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेले जा रहे क्रिकेट लीग में फाइनल मैच न्यू लाइट क्रिकेट क्लब और यंग गोल्ड क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया।

टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए यंग गोल्ड क्लब में निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 124 रन ही बनाए। इसमें सबसे अधिक हाजी बशर ने 36 रन, मोहम्मद ने 20 रन, फैसल फैंसी ने 18 रन, और इफ्तिखार शेखू ने 15 रन का योगदान दिया न्यू लाइट की तरफ से बॉलर शफीक रहमान ने सबसे अच्छी बोलिंग करते हुए तीन विकेट लिए। सगीर माया ने दो विकेट, राहत अली और जावेद लालू ने



एक एक विकेट लिया।

एक खिलाड़ी रन आउट हुआ , 20 रन अतिरिक्त रहे। 125 रन का लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यू लाइट क्रिकेट क्लब ने यह मैच 18 ओवर में 127/ 3 विकेट के नुकसान पर बनाकर सात विकेट से मैच जीत कर चौंपियन बना। न्यू लाइट क्लब के बल्लेबाज सलीम खान सबसे ज्यादा 41 नाबाद रन की पारी खेली, मास्टर नफीस ने भी 21 रन नाबाद रहे।

जावेद उर्फ लालू ने 13 रन और कप्तान हफीज अजीम ने 11 रन बनाए, अतिरिक्त 33 रन रहे।

यंग गोल्ड क्लब के गेंदबाज मोहम्मद नावेद और फाइक ने एक-एक विकेट लिया। एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष पति हाजी सरफराज आलम द्वारा विजेता और उप विजेता को टीम को ट्रॉफी के साथ नकद धन राशि दे कर सम्मानित किया गया। स्कोरर आकिब गुल और शहाब रहे।कमेंटेटर मुहम्मद सईद सागर, जहीर जिया और अब्दुल रज्जाक रहे।

इस अवसर पर कमेटी अध्यक्ष जुबैर आलम, महफूज मुन्ना, नाजिम फरीदी, सभासद, मेराजुल इस्लाम, महमूद नायक, मेराज, अरशद अली, मकसूद नन्ना, मुनीर बादशाह, हाजी मुबीन, अलकमा अमान आदि मौजूद रहे।

# मुकेश हत्याकांड में पुलिस की भूमिका से परिवार असंतुष्ट



शाह टाइम्स संवाददाता

**सेंथल।** बीती पांच दिसंबर को हुए मुकेश मौर्य हत्याकांड के सभी अभियुक्त अभी तक गिरफ्तार न होने से परिवार के लोगों में भारी आक्रोश है। उन्होंने पुलिस से शीघ्र सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार किए जाने की थाना हाफिजगंज पुलिस से मांग की है। इधर आज विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष बाबूराम गंग. वार अपने अन्य पदाधिकारियों संग मृतक मुकेश के परिवार से मिले व उनकी व्यथा सुनी। बाद में यह लोग थाना हाफिजगंज भी गए, और थाना प्रभारी से मिलकर सभी नामजद छहों अभियुक्तों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग उठाई।

विश्व हिंदू परिषद की टीम ने मृतक परिवार को आश्वासन दिया कि यदि पुलिस शीघ्र गिरफ्तारी नहीं करती है तो वह आंदोलन भी करेंगे। यहां यह बताते चलें कि मृतक कस्बा के मोहल्ला चौधरी निवासी रामप्रसाद मौर्य का पुत्र था, वह पांच दिसंबर की शाम घर से मेला देखने की बात कहकर निकला था, और सुबह गेहूं के खेत में उसकी लाश पाई गई।

परिवार के लोगों ने हत्याकांड में छह लोगों को नामजद किया था। मुकेश की पीट पीटकर बेरहमी से हत्या की गई थी। पुलिस नामजद दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। शेष चार अभियुक्त अभी भी फरार हैं।

# बरेली बवाल: दंगाइयों की उलटी गिनती शुरू, सात चार्जशीट ठोंकीं

**मौलाना समेत 90 नामजद, अब सलाखें ही ठिकाना**

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** शहर की सड़कों पर 26 सितंबर को जिन हाथों ने आग लगाई थी, अब उन्हीं हाथों की हथकड़ियों की आवाज गूंजने लगी है। पुलिस ने दंगे का ऐसा कच्चा-चिट्ठा खोला है कि उपद्रवियों की नींद उड़ गई है। पथराव, आगजनी और पुलिस पर जानलेवा हमलों का हिसाब अब ब्याज समेत वसूला जा रहा है और इस बार बच निकलने का कोई शॉर्टकट नहीं।

दंगे के कथित सूत्रधार मौलाना तौकीर रजा के लिए हालात अब "तकरीर" से नहीं, तारीख पर तारीखः से तय होंगे। पुलिस ने सात संगीन मुक. दमों में चार्जशीट दाखिल कर मौलाना समेत 90 आरोपियों को नामजद कर दिया है। चार्जशीट अदालत पहुंच चुकी है, मतलब साफ है, अब कानून का शिकंजा ढीला नहीं, और कसा ही जाएगा। एसएसपी अनुराग आर्य के मुताबिक, 26 सितंबर को इस्लामिया ग्राउंड में भीड़ जुटाने का



प्लान बनाया गया था। इसके बाद जिला पंचायत रोड पर हालात को जानबूझकर विस्फोटक बनाया गया। जिला पंचायत गेट के सामने प्रदर्शन ने दंगे का रूप ले लिया और भीड़ ने पुलिस पर पत्थरों की बारिश कर दी। मजबूरन पुलिस को लाठीचार्ज कर हालात संभालने पड़े। लेकिन "शांतिपूर्ण प्रदर्शन" का नकाब यहीं उतर गया। दंगाइयों ने पुलिसकर्मियों से हथियार छीने, वायरलेस सेट उड़ाए, एंटी-राइट गन तक नहीं छोड़ी। सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया और कानून को खुलेआम चुनौती दी गई। जवाब में पुलिस ने भी नरमी नहीं दिखाई। दंगा, सरकारी काम में बाधा, सरकारी संपत्ति को नुकसान और जानलेवा हमले जैसी सख्त धाराओं में 12 मुकदमे दर्ज किए गए। अब तक 100 से ज्यादा आरोपी जेल की सलाखों के पीछे भेजे जा चुके हैं, 18 को नोटिस थमाया गया है। सात मामलों में चार्जशीट ठोंक दी गई है और बाकी पांच केसों की जांच फुल स्पीड पर है। यानी आने वाले दिनों में और नामों की एंट्री तय है। सीधे जेल रजिस्टर में।

एसएसपी बरेली अनुराग आर्य ने दो टूक संदेश दिया है, सबूत पुख्ता हैं, गवाह तैयार हैं और चार्जशीट में मौलाना तौकीर रजा व उनके करीबियों की भूमिका दर्ज है। पुलिस का साफ एलान है कि दंगा अब "घटना" नहीं, "अपराध" की मिसाल बनेगा। बरेली पुलिस का संदेश बिल्कुल साफ हैख्रअब न रहम होगा, न राहत। जो शहर की शांति से खेलेगा, वह सालों-साल जेल की दीवारें गिनेगा। बरेली में अराजकता फैलाने वालों के लिए अब सिर्फ एक ही रास्ता बचा है, सीधा जेल, बिना किसी यू-टर्न के।

## एक नजर

### विधायक एमपी आर्या के जन्म दिन पर केक काटा और तोहफे भेंट किए

**सेंथल।** नवाबगंज विधायक डॉक्टर एमपी आर्या का जन्म दिवस कार्यकर्ताओं ने उनके कैंप कार्यालय पहुंचकर मनाया। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के जिला महासचिव नीतीश उपाध्याय व भाजपा नेता विनय चौधरी ने अपने संयुक्त वक्तव्य में कहा कि विधायक श्री आर्या बाल्य अवस्था से ही स्वयंसेवक और गरीबों के हितैषी के रूप में जाने जाते हैं, और भाजपा के ध्वजवाहक रहे हैं, बाद में इस दल ने उन्हें जन्म दिन की शुभकामनाएं दीं, और केक खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया। साथ ही स्मृति चिन्ह भी भेंट किया। बधाई देने वालों में मुकेश शर्मा, हरपाल मौर्य, नाथूलाल आर्य, अतुल गंगवार, जितिन गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

### सोने का नकली सिक्का देकर ठगों ने युवक से ढाई लाख रुपये हड़पे

**बहेड़ी।** दो ठगों ने एक युवक को झांसे में लेकर सोने का नकली सिक्का थमाकार उससे ढाई लाख रूपये हड़प लिये। सिक्का नकली निकलने पर युवक के होश उड़ गए। इसके बाद वह थाने पहुंच गया और मामले की तहरीर पुलिस को दी, जिसपर पुलिस ने दो ठगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक फूलबाग छावनी बरेली निवासी आक. ाश पुत्र सतीश कुमार का कहना है कि बीती 10 दिसम्बर को बहेडी बाईपास पर उसके जानने वाले तसलीम और भूरा निवासीगण ग्राम घन्तीया थाना फतेहगंज ने फोन करके बुलाया। जब वह बहेड़ी बाईपास पर पहुंचा तो युवक ने उससे कहा कि उसका बच्चा अस्पताल में भर्ती है और उसे ढाई लाख रूपये की आवश्यकता है। युवक ने उससे कहा कि तुम बदले में मेरा तीन सौ ग्राम का सोने का सिक्का रख लो और मुझे पैसे दे दो। इसपर उसने सिक्का लेकर युवक को ढाई लाख रूपये दे दिये। जब वह सिक्का चौक कराने के लिये सुनार के पास पहुंचा तो पैसा सिक्का पीतल का निकला। इसपर उसने युवकों को फोन किया तो उन्होंने उसका फोन नहीं उठाया। घटना के बाद युवक ने मामले की तहरीर पुलिस को दी, जिसपर पुलिस ने दोनों ठगों तसलीम और भूरा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### कानपुर में क्रिकेट का महायुद्ध बरेली जोन बना चैंपियन

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** कमिश्नरेट-कानपुर में 09 से 12 दिसम्बर 2025 तक आयोजित 26वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक क्रिकेट प्रतियोगिता-2025 रोमांच, अनुशासन और खेल भावना का शानदार संगम बनकर सामने आई। प्रदेश के 12 जोनों की टीमों ने मैदान पर जबरदस्त प्रदर्शन किया और दर्शकों को एक से बढ़कर एक मुकाबले देखने को मिले। ग्रीन पार्क स्टेडियम, 37वीं वाहिनी पीएसी एवं डीएवी कॉलेज ग्राउंड पर खेले गए कुल 11 मुकाबलों के बाद फाइनल में बरेली जोन और मेरठ जोन आमनेख्रसामने आए।

# डीएम ने की छात्रवृत्ति डाटा की समीक्षा



**सीएम डैशबोर्ड पर जनपद की रैंक प्रभावित होने पर जताई नाराजगी**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह ने मंगलवार को सीएम डैशबोर्ड पर समाज कल्याण और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के पूर्वदशम व दशमोत्तर छात्रवृत्ति से संबंधित पैरामीटर की समीक्षा की। उन्होंने पाया कि छात्रवृत्ति का डाटा फॉरवर्ड न होने के कारण जनपद की रैंक प्रभावित हो रही है।

डीएम ने बताया कि डाटा फॉरवर्ड न होने से ऐसे छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति नहीं मिल पाएगी, जिससे उनका भविष्य भी प्रभावित हो रहा है। उन्होंने इस स्थिति पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने सभी विद्यालयों को निर्देश दिए कि वे शिफ्टवार ड्यूटी लगाकर छात्रवृत्ति डाटा फॉरवर्डिंग और फीडिंग का काम तेजी से पूरा करें। पोर्टल पर लोड कम होने के कारण सुबह और देर रात में विशेष रूप से काम करने पर जोर दिया गया। समीक्षा के दौरान डीएम ने बरेली कॉलेज में छात्रवृत्ति डाटा फीडिंग की खराब स्थिति पर नाराजगी जताई। उन्होंने कॉलेज प्रशासन को कार्य में गति लाने के सख्त निर्देश दिए। समस्त विद्यालयवार लंबित डाटा की समीक्षा करते हुए विद्यालयों को 24 तारीख की रात तक सभी आवेदनों का निस्तारण हर हाल में करने का आदेश दिया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# प्रदेश सरकार के गन्ना मंत्री का पुतला फूंकने के दो घंटे बाद धरना हुआ समाप्त

**पिछले एक सप्ताह से चल रहा था धरना**

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** पिछले दो सालों के गन्ना भुगतान की मांग को लेकर सामाजिक संस्था पैनी नजर द्वारा तहसील में चलाए जा रहे धरना प्रदर्शन में मंगलवार को जहां आंदोलनकारियों ने प्रदेश सरकार के गन्ना मंत्री का पुतला फूंका, वहीं पुतला फूंकने के दो घंटे बाद ही धरना समाप्त करने की घोषणा कर दी गई। बताया जाता है कि अधिकारियों ने मार्च तक भुगतान किए जाने का भरोसा दिया है।

गौरतलब हो पिछली 8 दिसंबर से सामाजिक संस्था पैनी नजर की अध्यक्ष सुनीता गंगवार एडव द्वारा 70 करोड़ 34 लाख रुपए गन्ना भुगतान की मांग को लेकर तहसील परिसर में अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया था। जोर शोर से चल रहे धरना प्रदर्शन में क्षेत्र के गन्ना किसान सर्द रात धरने में गुजार रहे थे। सोमवार



को किसानों ने धरना स्थल पर जहां गन्ने की होली जलाई थी, वहीं मंगलवार को आंदोलनकारियों ने प्रदेश सरकार के गन्ना मंत्री का पुतला फूंका और उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

# उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों संग की बैठक

**मतदाता सूची सत्यापन, गणना प्रपत्रों पर हुई चर्चा**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** अपर जिलाधिकारी (वि/रा) एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों और निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) ने भाग लिया।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 12 और 13 दिसंबर को जनपद के सभी मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) और राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए) की बैठकें आयोजित



की गई थीं। इन बैठकों में बीएलओ द्वारा बीएलए को एएसडी (अनुपस्थित, स्थानांतरित या मृत) मतदाताओं की सूची उपलब्ध कराई गई थी। उनसे अनुरोध किया गया है कि यदि इस सूची में किसी मतदाता का गणना प्रपत्र भरना रह गया है, तो उसे 20 दिसंबर तक भरकर उपलब्ध करा दें। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि एएसडी की सूची बरेली की एनआईसी वेबसाइट पर डीईओ पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है। आवश्यकता पड़ने पर इसे वहां से डाउनलोड किया जा सकता है। जनपद में कुल 34,05,820 मतदाताओं के सापेक्ष अब तक 26,82,507 मतदाताओं के गणना प्रपत्र प्राप्त हुए हैं, जिन्हें बीएलओ द्वारा ऐप पर डिजिटाइज्ड किया जा चुका है। प्राप्त गणना प्रपत्रों में से 3,47,988 मतदाता 2003 की मतदाता सूची से किन्हीं कारणों से मैप नहीं हो पाए हैं। बीएलओ द्वारा इन्हें मैप करने की कार्यवाही जारी है। सभी राजनैतिक दलों से अनुरोध किया गया कि वे अपने नियुक्त बीएलए को निर्देशित करें कि वे 2003 की मतदाता सूची से मतदाताओं को मैप करने में बीएलओ का सहयोग करें।

जनपद में 7,23,353 मतदाताओं को एएसडी सूची में शामिल किया गया है। बीएलओ द्वारा इस एएसडी सूची का पुन: सत्यापन किया जा रहा है। राजनैतिक दलों से पुन: अनुरोध किया गया कि वे अपने बीएलए को इस सत्यापन कार्य में बीएलओ का सहयोग करने का निर्देश दें।

इसके अतिरिक्त यदि कोई 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहा है और मतदाता सूची में अपना नाम शामिल करना चाहता है तो फार्म 6 वांछित प्रपत्रों सहित बीएलओ को भर कर दे सकते हैं। बैठक में समस्त ईआरओ सहित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# आयुष्मान कार्ड अभियान: बरेली प्रदेश में पहले स्थान पर

**25 नवंबर से 25 दिसंबर तक विशेष अभियान, प्रतिदिन बन रहे 3000 कार्ड**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत चल रहे विशेष अभियान में आयुष्मान कार्ड बनाने में जनपद बरेली पूरे प्रदेश में पहले स्थान पर है। जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव ने बताया कि 25 नवंबर 2025 से 25 दिसंबर 2025 तक एक महीने का यह अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत ब्लॉक स्तर पर पंचायत सहायक, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से प्रतिदिन लगभग 3000 आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। अभियान का उद्देश्य पात्र लाभार्थियों तक योजना का लाभ पहुंचाना है। पूरे प्रदेश में ग्राम सचिवालयों पर पंचायत सहायकों के अथक प्रयासों से जनपद बरेली में प्रतिदिन सबसे अधिक आयुष्मान कार्ड जारी किए जा रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप बरेली ने राज्य में शीर्ष स्थान हासिल किया है। आयुष्मान योजना के तहत एसईसीसी (2011) परिवार के लाभार्थी, पात्र गृहस्थी राशन कार्ड धारक (जिनमें 6 या 6 से अधिक सदस्य हैं), अंत्योदय राशन कार्ड धारक, वरिष्ठ नागरिक, आशा, आंगनबाड़ी और श्रम विभाग से भवन एवं सन्निर्माण के लाभार्थी शामिल हैं। जिला विकास अधिकारी ने आगे बताया कि मुख्य विकास अधिकारी, बरेली के निर्देशों के अनुसार, जनपद बरेली की 1188 ग्राम पंचायतों में से 1102 ग्राम पंचायतों में कार्ड बनाने हेतु बायोमेट्रिक मशीनें खरीदी जा चुकी हैं। कार्ड बनाने का कार्य तीव्र गति से जारी है।

# दबंग ने महिला को दबोचकर किया दुराचार का प्रयास रिपोर्ट दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** एक दबंग ने क्षेत्र की एक महिला को उसके घर में दबा. चकर उससे दुराचार का प्रयास किया। महिला के शोर मचाने पर वह उससे गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। जब महिला का पति आरोपी के घर शिकायत करने के लिए गया तो दबंग और उसे साथियों ने घर में घुसकर उसकी और महिला की पिटाई की। उन्होंने महिला के कपड़े भी फाड़ डाले। घटना की रिपोर्ट महिला की ओर से दबंग और उसके साथियों के खिलाफ थाना नवाबगंज में दर्ज करायी गयी है।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली महिला का आरोप है कि 13 दिसम्बर की शाम वह घर पर अकेली थी। उसका पति दुकान से सामान लेने गया था। उसे अकेला देख गांव का ही संजू उसके घर में घुस आया और उससे दुराचार का प्रयास किया। उसने विरोध कर शोर मचाया तो वह उसे जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया।

# ईको चालक पर गायिका ने लिखाई रिपोर्ट, आरोपी पकड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** क्षेत्र के हाइवे किनारे एक गांव की रहने वाली एक गायिका से दूसरे समुदाय के ईको चालक ने दो माह पहले 50 हजार रुपए उधार लिए थे। आरोप है जब उसने अपने रुपये मांगे तो ईको चालक ने उसे टरका दिया। आरोप है कि जब उसने रुपए देने के लिए जोर दिया तो उसके साथ गाली गलौज की गई थी।

क्षेत्र के एक गांव की गायिका जागरण आदि में जाने के लिए ग्राम गरगैया के दूसरे समुदाय के आरिफ की ईको गाड़ी से आती जाती थी जिसके चलते उससे जान पहचान होने के बाद उसे पहले गाड़ी की मरम्मत के लिए 20 हजार रुपए उसके बाद 30 हजार रुपए भतीजे की शादी में उधार दे दिए थे। जब उसने अपने रुपए मांगे तो उसके साथ गाली गलौज की गई। घटना की रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के बाद पुलिस ने आरोपी आरिफ को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि रिपोर्ट दर्ज होने के बाद इस मामले में समझौता होने की चर्चा है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक गायिका को 30 हजार रुपए दिए जाने की बात हुई है।

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी मवाना (मेरठ )

पत्र संख्या: 1707 /लेखा/रा0वि0/के0वि0/क्षेत्र पं0 निधि/2025–26 दिनांक : 16.12.2025

### अल्प कालीन निविदा सूचना


महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से खण्ड विकास अधिकारी मवाना–जनपद मेरठ के द्वारा पन्द्रहवां वित/राज्य वित्त से निम्न निर्माण कार्य के लिए सील बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदायें खण्ड विकास अधिकारी मवाना के कार्यालय दिनांक 17.12.2025 से दिनांक 29.12.2025. तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 2.00 बजे तक क्रय की जा सकती है तथा खण्ड विकास अधिकारी मवाना के कार्यालय में रखे निविदा बाक्स में दिनांक 29.12.2025 अपरान्ह 2 बजे तक डाली जायेगी और उसी दिन अपरान्ह 3 बजे सम्बन्धित ठेकेदारों के सम्मुख (यदि कोई उपस्थित हुए) खोली जायेगी। सषर्त निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा। कोई भी निविदा बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा। कार्य सम्बन्धी एवं अन्य जानकारी कार्यालय से प्राप्त की सकती है।

| कमांक | मद | कार्य का नाम | कार्य की लम्बाई (मी0 में) | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर राशि 2 प्रतिशत | निविदा प्रपत्र का मूल्य हेज व स्टे शनरी 500रू0 प्रति कार्य (रूपयों में ) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 15वां वित्त | ग्राम अकबरपुर सादात मे पार्ट–1 शमशान वाले तालाब का सौन्दर्यकरण का कार्य। | 01 सं0 | 9.99 | 20000 | 820+180+.600 | 3 माह |
| 2 | 15वां वित्त | ग्राम अकबरपुर सादात मे पार्ट–2 शमशान वाले तालाब का सौन्दर्यकरण का कार्य। | 01 सं0 | 9.98 | 20000 | 820+180+.500 | 3 माह |
| 3 | राज्य वित्त | विकास खण्ड भवन का रेनोवेषन का कार्य | 01 सं0 | 9.99 | 20000 | 820+180+.500 | 3 गाह |
| 4 | रा0वि0/ के0वि0 | ग्राम दान्दुपुर मे भोपाल सिंह के मकान से पानी की टंकी नेडू रोड की ओर सी0सी0 टाईलस सी0सी0रोड का निर्माण कार्य। | 80 मी0 | 9.98 | 20000 | 820+180+.500 | 3 माह |
| 5 | रा0वि0/ के0वि0 | ग्राम बिराना मे गुल के पुल से शमशान की ओर सी0सी0रोड निर्माण कार्य। | 85 मी0 | 9.98 | 20000 | 820+180+.500 | 3 माह |
| 6 | रा0वि0/ के0वि0 | ग्राम फिटकरी मे जयप्रकाश के मकान से तुफैल के मकान की ओर सी0सी0 टाईल्स निर्माण कार्य। | 80 मी0 | 8.00 | 16000 | 574+126+500 | 3 माह |
| 7 | रा0वि0/ के0वि0 | ग्राम नैडू मे जगमल के मकान से सोमेडा भूमिहार के मकान की ओर सी0सी0 टाईल्स निर्माण कार्य। | 75मी0 | 9.98 | 20000 | 820+180+.500 | 3 माह |
| 8 | रा0वि0/ के0वि0 | ग्राम खेडकी जदीद मे बाल्मीकिओ वाले कुऐ से होली चौक गाजीपुर मवाना तिराहे की ओर सी0सी0 टाईल्स सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 95 मी0 | 9.98 | 20000 | 820+180+.500 | 3 माह |
| 9 | रा0वि0/ के0वि0 | ग्राम ततीना मे रजवाहे के पुल से बुढे बाबू सठला की ओर सी0सी0रोड निर्माण कार्य। | 90 मी0 | 9.98 | 20000 | 820+180+.500 | 3 माह |
| 10 | रा0वि0/ के0वि0 | ग्राम बडागावं मे छपार वाली मस्जिद से शंकर के मकान पहलडा रोड की ओर सी0सी0 टाईल्स निर्माण कार्य। | 120 मी0 | 9.98 | 20000 | 820+180+.500 | 3 माह |
| 11 | रा0वि0/ के0वि0 | ग्राम बडागावं मे साबू के कोने से पहलडा रोड की ओर सी0सी0 टाईल्स निर्माण कार्य। | 110 मी0 | 9.98 | 20000 | 820+180+.500 | 3 माह |
| 12 | केन्द्रीय वित्त टाईड | ग्राम बिसौला मे मामचन्द के प्लाट से दूबे वाले तालाब की ओर नाला निर्माण कार्य। | 95 मी0 | 9.99 | 20000 | 820+180+.500 | 3 माह |
| 13 | केन्द्रीय वित्त टाईड | ग्राम किशनपुर बिराना मे करतार के मकान से तालाब तक नाला निर्गाण कार्य। | 50 गी0 | 6.00 | 12000 | 410+90+.500 | 3 माह |
| 14 | केन्द्रीय वित्त टाईड | ग्राम मन्दवाडी मे छोटे वाले तालाब से सतपाल के मकान की ओर नाला निर्माण कार्य। | 100 मी0 | 9.97 | 20000 | 820+180+.500 | 3 माह |
| 15 | केन्द्रीय वित्त टाईड | ग्राम मन्दवाडी मे सुरेश के मकान से पंचायत घर की ओर नाला निर्माण कार्य। | 90 मी0 | 9.98 | 20000 | 676+144+500 | 3 माह |
| 16 | केन्द्रीय वित्त टाईड | ग्राम नैडू मे जूनियर हाई स्कूल से तालाब तक नाला निर्माण कार्य। | 100 मी0 | 9.99 | 20000 | 820+180+.500 | 3 माह |

अमित अनिल
अवर अभियन्ता
मवाना– मेरठ।

सतीश कुमार
खण्ड विकास अधिकारी
गवाना– गेरठ।

# आईपीएल ऑक्शनः प्रशांत-कार्तिक क्रमशः 14.20 करोड़ में बिके





● दोनों को सीएसके ने बेस प्राइस से 47 गुणा ज्यादा कीमत में खरीदा, ग्रीन सबसे महंगे विदेशी, ग्रीन को 18 रुपये ही मिलेंगे

**अबू धाबी, वार्ता।** आस्ट्रेलिया के आलराउंडर कैमरन ग्रीन आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बन गए हैं। उन्हें मंगलवार को अबु धाबी में चल रहे मिनी ऑक्शन में कोलक. ाता नाइट राइडर्स ने 25.20 करोड़ रुपए में खरीदा। ग्रीन ने अपने ही देश के मिचेल स्टार्क का रिकॉर्ड तोड़ा। उन्हें 2024 में केकेआर ने ही 24.75 करोड़ रुपए में खरीदा था। ऋषभ पंत (27 करोड़) इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। 20 साल के प्रशांत वीर और 19 साल के कार्तिक शर्मा एक समान 14.20-14.20 करोड़ में बिके हैं। दोनों को सीएसके ने 30 लाख की बेस प्राइस से 47 गुना ज्यादा कीमत देकर खरीदा। प्रशांत उत्तर प्रदेश के हैं, जबकि कार्तिक राजस्थान के हैं। इनके अलावा, जम्मू एंड कश्मीर के आकिब नबी डार को 8.40 करोड़ रुपए में में दिल्ली कैपिटल्स ने खरीदा। तेज गेंदबाजों के सेट में कोलकाता ने श्रीलंकाई तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना (18 करोड़) को अपने साथ जोड़ा न्यूजीलैंड के जैकब डफी को आरसीबी और एनरिक नार्त्या को एलएसजी ने 2-2 करोड़ में खरीदा। स्पिनर्स रवि बिश्नोई को त्त ने 7.20 करोड़ में खरीदा। वेंकटेश अय्यर को आरसीबी ने महज 7 करोड़ रुपए में खरीद लिया। उन्हें 2024 के मेगा ऑक्शन में केकेआर ने 23.75 करोड़ में खरीदा था। कोलक. ाता ने भले ही कैमरन ग्रीन को 25.2 करोड़ में खरीदा है, ग्रीन को 18 करोड़ रुपए ही मिलेंगे। 7.2 करोड़ रुपए बीसीसीआई के वेलफेयर फंड में जमा करा दिए जाएंगे। बीसीसीआई ने पिछले साल ही विदेशी खिलाड़ियों के लिए मिनी ऑक्शन में 18 करोड़ रुपए की अपर लिमिट तय कर दी थी। ताकि विदेशी खिलाड़ी ज्यादा डिमांड का अनुचित फायदा न उठा पाएं। 10वें सेट में यश राज पुंजा पर राजस्थान रॉयल्स ने 30 लाख की बेस प्राइस पर भरोसा जताया। विग्नेश पुथुर भी 30 लाख में राजस्थान रॉयल्स के खाते में गए। प्रशांत सोलंकी को 30 लाख में केकेआर ने खरीदा। कर्ण शर्मा, शिवम शुक्ला, कुमार कार्तिकेय सिंह और वहीदुल्लाह जदरान अनसोल्ड रहे। सुशांत मिश्रा को आरआर ने 90 लाख में खरीदा,नमन तिवारी को एलएसजी ने एक करोड़ रुपए में खरीदा, अशोक शर्मा को जीटी ने 90 लाख में खरीदा, आठवें सेट (विकेटकीपर) में सबसे बड़ा नाम कार्तिक शर्मा रहे। ऑक्शन की शुरुआत में रुचित अहीर और वंश बेदी 30 लाख की बेस प्राइस पर अनसोल्ड रहे, जबकि तुषार रहेजा भी खरीदार नहीं जुटा सके। 30 लाख की बेस प्राइस के साथ उतरे कार्तिक पर टीमों के बीच जबरदस्त बिडिंग हुई और आखिरकार चेन्नई सुपर किंग्स ने उन्हें 14.20 करोड़ रुपए में खरीद लिया। मुकुल चौधरी को लखनऊ सुपर जायंट्स ने 2.60 करोड़ रुपए में अपने साथ जोड़ा, जबकि तेजस्वी सिंह को कोलकाता नाइट राइडर्स ने 3 करोड़ रुपए में खरीदा। राजस्थान के मुकुल चौधरी को एलएसजी ने 2.60 करोड़ में खरीदा कार्तिक शर्मा भी 14.20 करोड़ में बिके, सीएसके ने खरीदा। 7वां सेट अनकैप्ड आलराउंडर्स का रहा। इसमें 10 प्लेयर्स थे। इनमें से 3 को खरीदा गया। जबकि 7 अनसोल्ड रहे। आकिब नबी डार को 8.40 करोड़ में डीसी ने, प्रशांत वीर को 14.20 करोड़ सीएसके और शिवांग कुमार को 30 लाख एसआरएच ने खरीदा। राजवर्धन हंगरगेकर (40 लाख), तनुष कोटियान (30 लाख), महिपाल लोमरोर (50 लाख), कमलेश नागरकोटी (30 लाख), विजय शंकर (30 लाख), सनवीर सिंह (30 लाख) और एडेन टाम (30 लाख) अनसोल्ड रहे। उत्तर प्रदेश के प्रशांत वीर को सीएसके ने 14.20 करोड़ रुपए में खरीदा है। उन्होंने वे यूपी टी-20 लीग के एमर्जिंग प्लेयर रहे थे। 20 साल के प्रशांत ने 10 मैच में 155.34 के स्ट्राइक रेट से 320 रन बनाए थे। इतना ही नहीं, गेंदबाजी में 8 विकेट भी झटके। 30 लाख रुपए की ब्रस प्राइस वाले आकिब नबी डार को 8.40 करोड़ रुपए में में दिल्ली कैपिटल्स ने खरीदा है। पेस बालिंग आलराउंडर ने पिछले रणजी सीजन के 8 मैचों में 44 विकेट झटके थे। छठा सेट अनकैप्ड बैटर्स का था। ऐसे प्लेयर जो एक भी इंटरनेशनल मैच नहीं खेल सके हैं। इसमें 6 प्लेयर्स के नाम ऑक्शन पूल में लाए गए।



### संक्षिप्त खेल समाचार

## मारिया केरी 2026 विटर ओलंपिक्स के उद्घाटन समारोह में शिरकत करेगी

**मिलान, वार्ता।** अमेरिकी गायिकां और पॉप स्टार मारिया केरी मिलानो-कोर्टिना छह फरवरी को इटली की राजधानी मिलान के सैन सीरो स्टेडियम में होने वाले 2026 विटर आलंपिक के उद्घाटन समारोह में मुख्य आकर्षण का केन्द्र होंगी। केरी यहां उद्घाटन समारोह में मौजूद लोगों के लिए खास पेशकश करेंगी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर इसकी पुष्टि करते हुए कहा, ष्चाओ। मिलानो कोर्टिना 2026 के लिए तैयार हो जाइए। छह फरवरी को ओलंपिक उद्घाटन समारोह के लिए स्टेडियम सैन सिरो में मिलते हैं। मिलते हैं मिलान में। यह पहली बार होगा जब पांच बार की ग्रैमी अवॉर्ड विजेता केरी किसी ओलंपिक उद्घाटन समारोह में गाएंगी।

## पाकिस्तान भी अंडर-19 एशिया कप सेमीफाइनल में

**दुबई, वार्ता।** पाकिस्तान ने मंगलवार को अंडर-19 एशिया कप में यूएई को 70 रन से हराकर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए यूएई को 242 रन का लक्ष्य दिया। इसके जवाब में यूएई की टीम 37-5 ओवर में 171 रन पर ढेर हो गयी। यूएई के लिये इयान मिस्बाह की 77 रन की पारी बेकार गई। पृथ्वी मत्तु 27 रन बनाकर आउट हुए, जबकि कप्तान किरण रॉय ने 13 रन देकर अब्दुल सुबहान का विकेट लिया। यूएई के सात खिलाड़ी 10 रन का आंकड़ा भी नहीं छू सके। पाकिस्तान के लिए अब्दुल सुबहान ने 7.5 ओवर में 31 रन देकर चार खिलाड़ियों को आउट किया। मोमिन कमर और अहमद हुसैन ने एक-एक विकेट लिया। पाकिस्तान के लिए अहमद हुसैन ने 65 रनों की पारी खेली।




# एकाना में सीरीज पर जीत की मुहर लगाने उतरेगी भारतीय टीम

**पांच मैचों की सीरीज में 2-1 के बढ़त हासिल कर चुकी मेजबान टीम आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरेगी**

**लखनऊ, वार्ता।** भारतीय टीम जब बुधवार को यहां एकाना स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चौथे टी-20 मुकाबले में जीत की मुहर लगाने के इरादे से मैदान में उतरना चाहेगी, लेकिन कुछ खिलाड़ियों के व्यक्तिगत प्रदर्शन पर भी दर्शकों की निगाहें टिकी होंगी। पांच मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त हासिल कर चुकी मेजबान टीम आत्म-विश्वास के साथ मैदान पर उतरेगी, खासकर पिछले मैच की जीत के बाद। तीसरे टी-20 मुक. ाबले में भारत ने पहले गेंदबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका को 117 रन पर ऑलआउट कर दिया। उसके बाद भारतीय टीम ने तीन विकेट गंवाकर यह लक्ष्य 15-5 ओवर में बेहद आसानी से हासिल कर लिया।

तीसरे मैच में एक बार फिर साबित हुआ कि अभिषेक शर्मा भारत की विस्फोटक शुरुआत के लिए कितने अहम हैं। अभिषेक के जोड़ीदार शुभमन गिल ने जहां 28 गेंदों पर 28 रन बनाए, वहीं खुद अभिषेक ने 18 गेंद पर तीन चौकों और तीन छक्कों के साथ 35 रन बनाकर भारत को धुआंधार शुरुआत दी। गिल के अलावा भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव भी पिच पर संघर्ष करते नजर आए हैं। दोनों ही बल्लेबाज अतीत में खुद को साबित कर चुके हैं और इस मैच में रन बनाकर अपने रंग में लौटना चाहेंगे।

गेंदबाजी की बात करें तो अक्षर पटेल के चले जाने से पश्चिम बंगाल के ऑलराउंडर शाहबाज अहमद को अपना लोहा मनवाने का मौका मिला है। वह इस मौके को दोनों हाथों से लपकना चाहेंगे। अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा की जोड़ी भारत को गेंद से शुरुआती सफलताएं दिलाने में सफल रही है, वहीं वरुण चक्रवर्ती की फिरकी भी दक्षिण अफ्रीका के लिए एक अबूझ पहेली साबित हुई है। बुम. राह के टीम में होने पर अब भी संशय है लेकिन उनकी गैर-मौजूदगी में भी भारतीय गें. दबाजी अजेय प्रतीत हुई है। इस बीच, दक्षिण अफ्रीका खुद के हालात ढाक के तीन पात की तरह हैं। तीसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में उनकी चिर परिचित खामियां सामने आईं। पिच पर गेंद की हरकत और भारतीय गेंदबाजों के अनुशासन के सामने केवल एडन मार्करम ही पिच पर टिके रहे। अगर मेहमान टीम को सीरीज को जिन्दा रखना है तो मार्करम और क्विटन डी कॉक को अब मजबूती के साथ पारी की शुरुआत देनी होगी।

# एडिलेड एशेज टेस्ट में बॉन्डी बीच पीड़ितों को दी जाएगी श्रद्धांजलि

● **मैच शुरू होने से पहले एक मिनट का मौ न रखा जाएगा, झंडे आधे झुके रहेंगे, खिलाड़ी काली आर्म बैंड बाधेंगे**

**एडिलेड, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के लोकप्रिय गायक जॉन विलियमसन बुधवार से शुरू होने वाले तीसरे एशेज टेस्ट से पहले यहां बॉन्डी बीच आतंकी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए एडिलेड ओवल में अपना प्रसि( गाना 'ट्रू ब्लू' गाएंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इस पिक बॉल टेस्ट से पहले कई यादगार कार्यक्रमों की घोषणा की है। यह मैच रविवार के आतंकवादी हमले के बाद देश का पहला बड़ा खेल आयोजन होगा। मैच शुरू होने से पहले एक मिनट का मौन रखा जाएगा। झंडे आधे झुके रहेंगे, खिलाड़ी काली आर्मबैंड पहनेंगे और मुकाबले के लिए सुरक्षा भी बढ़ा दी जाएगी। इसके साथ ही स्टेडियम में खास तौर पर पुलिस तैनात की जाएगी। इस बीच, ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने माना कि रविवार की घटना ने उन्हें और उनके परिवार को बहुत प्रभावित किया। उन्होंने इस हमले को बहुत गहरा सदमा करार दिया। कमिस ने कहा कि ज्यादातर दूसरे ऑस्ट्रेलियाई लोगों की तरह, मैं भी इसे देखकर डर गया था। मैंने बस बच्चों को सुला दिया और न्यूज चालू कर दी। मैं और मेरी पत्नी हैरानी से देख रहे थे। उन्होंने कहा कि यह (बॉन्डी बीच) हमारे घर के पास ही है, और हम बच्चों को अक्सर वहां ले जाते हैं। इसने मेरे दिल को बहुत छुआ। मुझे सच में बॉन्डी के लोगों और खासकर यहूदी समुदाय के लिए बहुत बुरा लग रहा है।

# कमिंस, लॉयन की हुई टीम में वापसी

● **कमिंस और लॉयन ने आलरांउर माइकल नेसर और तेज गेंदबाज ब्रेडन की जगह ली**

एडीलेड, वार्ता। एडिलेड ओवल में इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाले तीसरे एशेज टेस्ट में कप्तान पैट कमिस और अनुभवी ऑफ-स्पिनर नेथन लायन की वापसी हो गई है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को पिक बॉल टेस्ट के लिए टीम का ऐलान करते हुए यह जानकारी दी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बताया कि कमिस और लायन ने ऑलराउंडर माइकल नेसर और तेज गेंदबाज ब्रेंडन डॉगेट की जगह ली है, जबकि 39 वर्षीय सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा पीठ की चोट के कारण अब भी टीम से बाहर हैं। ऑस्ट्रेलिया फिलहाल पांच टेस्ट मैचों की एशेज सीरीज में 2-0 से आगे है। जोश इंग्लिस एकादश में बरकरार हैं और नंबर सात पर बल्लेबाजी करते रहेंगे। इस बीच, कप्तान कमिस ने



ख्वाजा की निराशा को समझते हुए सीरीज में ऑस्ट्रेलिया की मजबूत स्थिति के बावजूद टीम से बाहर होने के बाद उनके रवैए की तारीफ की। कमिस ने कहा कि वह एक सच्चे 'टीम मैन' हैं। टींम को जो भी चाहिए, वह करेंगे। और यह सिर्फ उजी (उस्मान) ही नहीं, बल्कि बो वेबस्टर भी हैं जो इन तीन टेस्ट मैचों में टीम से बाहर रहे हैं। नेसर ने पांच विकेट लिए हैं, और डॉगेट ने पहले दो टेस्ट खेले हैं और बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। हमें एशेज सीरीज जीतने के लिए एक स्क्वाड की जरूरत है, और वे सभी शानदार प्रदर्शन करते हैं। इस साल की शुरुआत में वेस्टइंडीज के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की सीरीज के बाद कमिस पहली बार टेस्ट में वापसी कर रहे हैं। उन्होंने पुष्टि की है कि वह पूरी तरह से फिट हैं और वर्कलोड के मामले में उन पर कोई पाबंदी नहीं होगी। कमिस ने कहा कि हां, मैं खेलने के लिए तैयार हूं। मैं कुछ समय से 100 प्रतिशत स्तर पर गेंदबाजी कर रहा हूं। अगर मैंने ब्रिस्बेन में खेला होता, तो शायद मैं सीमित संख्या में ही ओवर फेंक पाता, लेकिन यह मैच किसी भी दूसरे टेस्ट की तरह ही है। उल्लेखनीय है कि इंग्लैंड ने तीसरे टेस्ट के लिए अपनी एकादश की घोषणा सोमवार को की।

इसमें तेज गेंदबाजी आक्रमण में गस एटकिसन की जगह जोश टंग को शामिल किया गया है। ऑस्ट्रेलिया की सीरीज में बढ़त के बावजूद, कमिस को मेहमान टीम से मजबूत वापसी की उम्मीद है। कमिंस ने कहा कि मुझे नहीं लगंता कि यह पहले दो टेस्ट मैचों से कुछ अलग होगा। आपके पास कुछ ऐसे खिलाड़ी हैं जो किसी भी समय मैच जिता सकते हैं, आपको बस प्लान ए, प्लान बी रखना होगा, जैसा कि आप ज्यादातर टीमों के साथ करते हैं। लेकिन उनके पास जाहिर तौर पर कुछ बहुत मजबूत खिलाड़ी हैं, और आप उन्हें खुलने के लिए थोड़ी सी भी जगह नहीं दे सकते।

## श्रीगंगानगर अंडर-14 क्रिकेट टीम घोषित

**श्रीगंगानगर, वार्ता।** राजस्थान में श्रीगंगानगर जिला क्रिकेट संघ ने राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता 2025-26 के लिए जिला टीम की घोषणा कर दी है। संघ के सचिव विनोद सहारण ने मंगलवार को बताया कि टीम का चयन जिला स्तर पर आयोजित प्रशिक्षण शिविर और अभ्यास मैचों में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर किया गया है।उन्होंने बताया कि विनय को कप्तान और आरव प्रताप बाना को उपकप्तान बनाया गया है।

**टीमः** विनय (कप्तान), आरव प्रताप बाना (उपकप्तान), अनमोल, हर्ष, निर्भय, गुरसांत, गुरशरणसिंह, देवकुमार, अरनव , अविरल, भव्यजीतसिंह, लक्ष्य, रोबिनसिंह, रणवीर व शुभम।

स्टैंडबाय खिलाड़ियों में पीयूष, एकमजीतसिंह, जसकि. रतसिंह, अथर्व गोयल और पार्थ गेरा शामिल हैं।

# इंटर मियामी में शामिल हुए सर्जियो



**वाशिंगटन, वार्ता।** मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) के क्लब इंटर मियामी ने रियल मैड्रिड के पूर्व डिफेंडर सर्जियो रेगुइलोन को फ्री ट्रांसफर के तहत अपने क्लब में शामिल कर लिया है। रेगुइलोन ने 12 महीने के एक्सटेंशन के विकल्प के साथ दो साल के करार पर सहमति जताई है। स्पेन के इस फुटबॉलर ने जून में टोटेनहम हॉटस्पर से अलग होने के बाद से किसी क्लब का दामन नहीं थामा था। उन्होंने लंदन क्लब के लिए कुल 73 मैच खेले और दो गोल भी किए। रेगुइलोन ने कहा, ष्यह एक बहुत ही महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है। एक चैंपियन क्लब जो बहुत अच्छा कर रहा है, वहां आकर खेलना और जीतना, यही मुझे आकर्षित करता है। मेरा लक्ष्य जीतते रहना है, उन ट्रॉफियों को हासिल करना है जो हमारे पास नहीं हैं। इंटर मियामी ने यह घोषणा वैंकूवर व्हाइटकैप्स पर 3-1 की जीत के साथ अपना पहला एमएलएस खिताब हासिल करने के नौ दिन बाद की है। इंटरमियामी इससे पहले 2023 में अर्जेंटीना के दिग्गज लियोनेल मेसी, सर्जियो बुस्केट्स, जॉर्डी अल्बा और लुइस सुआरेज जैसे ला लिगा के दिग्गजों को भी क्लब में शामिल कर चुका है।

## संतोष ट्रॉफी में दिल्ली टीम की कप्तानी हिमांशु राय को

**नई दिल्ली, वार्ता।** बिहार के बिरसा मुंडा फुटबाल स्टेडियम में 19 दिसंबर से होने वाली संतोष ट्रॉफी राष्ट्रीय फुटबाल चैंपियनशिप के लिये दिल्ली टीम की कप्तानी हिमांशु राय को सौंपी गयी है। टीम मैनेजर (बैंक ऑफ इंडिया) सुनील दत्त ने मंगलवार को यह जानकारी दी। श्री दत्त ने बताया कि शिखर शाव टीम के उपकप्तान होंगे। दिल्ली 19 दिसंबर को रेलवे के विरुद्ध खेल कर अभियान की शुरुआत करेगी। ग्रुप की अन्य टीमें मेजबान झारखण्ड और बिहार हैं। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के नये नियमों के अनुसार, टीमें दूसरे राज्यों के खिलाड़ियों को मैदान पर नहीं उतार सकतीं। इस बार राष्ट्रीय चैंपियनशिप एक नये ढांचे और स्थानीय प्रतिभाओं को मंच देने पर ज़्यादा ज़ोर के साथ शुरू होने वाली है।

# कुंडू का दोहरा शतक, भारत ने मलेशिया को हराया



● **अंडर-19 एशिया कप के मुकाबले में भारत ने मलेशिया को 315 रन से मात दी**

**दुबई, वार्ता।** अभिज्ञान कुंडू के दो. हरे शतक (209) और दीपेश देवेंद्रन (22/5) के पांच विकेटों की बदौलत मंगलवार को यहां अंडर-19 एशिया कप 2025 के मुकाबले में भारत ने मलेशिया को 315 रन से मात दी। भारतीय युवाओं ने मलेशिया के सामने 50 ओवर में 409 रन का लक्ष्य रखा। इसके जवाब में मलेशियाई टीम 32.1 ओवर में 93 रन पर ऑलआउट हो गई। मलेशिया की ओर से हमजा पंगी ने सर्वाधिक 35 रन बनाए। मलेशिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए कप्तान और सलामी बल्लेबाज आयुष म्हात्रे को 14 रन पर पवेलियन लौटा दिया। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे विहान मल्होत्रा भी कोई खास कमाल नहीं दिखा पाए और सात रन बनाकर पवेलियन लौट गए, लेकिन वैभव सूर्यवंशी ने वेदांत त्रिवेदी के साथ मिलकर पारी को संभाल लिया। त्रिवेदी ने पहले सूर्यवंशी के साथ मिलकर 40 रन जोड़े। इसके बाद उन्हें कुंडू का साथ मिला और दोनों ने चौथे विकेट के लिए 181 गेंदों पर 209 रन जोड़कर मलेशियाई गेंदबाजी की कमर तोड़ दी। त्रिवेदी 106 गेंदों पर सात चौकों के साथ 90 रन बनाकर अपने शतक से चूक गए, जबकि कुंडू ने 80 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। मैच के अंतिम ओवरों में कुंडू ने आक्रामक बल्लेबाजी कर न सिर्फ भारत को 400 रन के पार पहुंचाया, बल्कि यूथ एकदिवसीय क्रिकेट में दो. हरा शतक जड़ने वाले पहले भारतीय भी बन गए। इस 17 वर्षीय खब्बू बल्लेबाज ने 125 गेंद पर 17 चौकों और नौ छक्कों के साथ 209 रन बनाए। इससे पहले यूथ वनडे में सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले भारतीय वैभव सूर्यवंशी थे, जिन्होंने इसी टूर्नामेंट में यूएई के खिलाफ पिछले मैच में 171 रन बनाए थे। कुंडू ने 44 गेंदों में अपनी फिफ्टी पूरा किया और सिर्फ 80 गेंदों में शतक जड़ डाला। वह 46वें ओवर में 150 रन तक पहुंचे और फिर रफ्तार पकड़कर 49वें ओवर में 121 गें. दों में दोहरा शतक पूरा किया। उन्होंने कनिष्क चौहान के साथ 36 गेंदों में 87 रनों की तूफानी साझेदारी करके भारत को 50 ओवर में सात विकेट पर 408 रन बनाने में मदद की। कुंडू का स्कोर अंडर-19 क्रिकेट में द. अफ्रीका के जो. रिक वैन शाल्कविक के 215 रनों के बाद दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है।

## यूथ वनडे में दोहरा शतक लगाने वाले पहले भारतीय बने अभिज्ञान कुंडू

**दुबई, वार्ता।** अभिज्ञान कुंडू मंगलवार को यहां मलेशिया के खिलाफ अंडर-19 एशिया कप 2025 मैच के दौरान यूथ वनडे में दोहरा शतक बनाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए। इस 17 वर्षीय खब्बू बल्लेबाज ने 125 गेंद पर 17 चौकों और नौ छक्कों के साथ 209 रन बनाए।

इससे पहले यूथ वनडे में सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले भारतीय वैभव सूर्यवंशी थे, जिन्होंने इसी टूर्नामेंट में यूएई के खिलाफ पिछले मैच में 171 रन बनाए थे। यहां दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में मंगलवार को खेले गए मुकाबले में कुंडू वैभव सूर्यवंशी के आउट होने के बाद क्रीज पर आए और आते ही तेजी से रन बनाने लगे। उन्होंने 44 गेंदों में अपना अर्द्धशतक पूरा किया और सिर्फ 80 गेंदों में शतक जड़ डाला। वह 46वें ओवर में 150 रन तक पहुंचे और फिर रफ्तार पकड़कर 49वें ओवर में 121 गेंदों में दोहरा शतक बना डाला। उन्होंने वेदांत त्रिवेदी के साथ 209 रन और कनिष्क चौहान के साथ 36 गेंदों में 87 रनों की तूफानी साझेदारी करके भारत को 50 ओवर में सात विकेट पर 408 रन बनाने में मदद की।

## सम्पादकीय

**बुधवार, 17 दिसम्बर 2025**

# गिरता रुपया

मंगलवार को आखिरकार रुपया अब तक की सबसे बड़ी गिरावट के द्वार पर पहुंच ही गया। अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपये की कीमत डॉलर के मुकाबले बराबर नीचे गिरते हुए 91 रुपये से ऊपर पहुंच गई है। दोपहर से पहले तो यह 91.14 रुपये प्रति डॉलर तक उतर गया। निश्चित रूप से यह किसी भी देश की अर्थव्यवस्था के लिए कोई अच्छे संकेत नहीं हैं। हालांकि कुछ अर्थशास्त्री ऐसा भी मानते हैं कि कई बार पैसों की गिरावट अर्थव्यवस्था को मजबूत भी करती है, लेकिन ऐसा कम ही देखने को मिलता है। अक्सर देखने में आता है कि देश की साख ही वहां की मुद्रा की साख तय करती है और यह सबकुछ अर्थव्यवस्था पर ही टिका होता है। इस मायने से अगर देखें, तो भारत की अर्थव्यवस्था काफी दबाव में दिखाई देती है। ऐसा विपक्षी दल भी बराबर आरोप लगाते रहते हैं कि भारत का रुपया गर्त में जा रहा है और यह सब इसलिए हो रहा है कि विकास को गति नहीं मिल रही है और हमारा निर्यात नहीं बढ़ पा रहा है। हाल के महीनों में जिस तरह अमेरिका का रवैया भारत के प्रति रहा है वह भी निराश करने वाला है। ऐसे लोगों की कमी नहीं है जो यह मानकर चल रहे हैं कि जिस तरह अमेरिका व्यापार के मामले में भारत के साथ अड़ियल रवैया अपना रहा है, भारत की मुद्रा का नीचे जाना उसका भी एक परिणाम है। भले ही भारत सरकार खुलकर स्वीकार न करे, लेकिन हकीकत यही है कि जिस तरह के प्रतिबंध टैरिफ के रूप में अमेरिका ने लगाए हैं, उनका असर अब दिखाई दे रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति पीएम मोदी से कुछ अधिक ही नाराज दिखाई दे रहे हैं। यह अलग बात है कि वह विभिन्न मौकों पर पीएम मोदी की प्रशंसा करते नहीं थकते और अपना मित्र बताते हैं, लेकिन इसके साथ ही वह ऑपरेशन सिंदूर के मामले में बार-बार यह कहकर कि भारत-पाक के बीच युद्ध उन्होंने ही रुकवाया था, पीएम मोदी के सामने असहज स्थिति पैदा करते रहते हैं, क्योंकि जहां तक बात भारत की है भारत स्पष्ट कर चुका है कि भारत-पाक के बीच युद्ध रुकवाने में किसी तीसरे देश का कोई लेना-देना नहीं है। इसके साथ ही ट्रम्प इस बात को लेकर भी भारत से नाराज नजर आते हैं कि भारत रूस से तेल व अन्य सामान ले रहा है। अमेरिका की नजर में भारत का यह फैसला एक तरह से रूस द्वारा यूक्रेन में नरसंहार करने जैसा है। जहां तक बात भारत की है, उसने साफ कर दिया है कि वह अपनी व्यापार या अन्य कोई विदेश नीति किसी के कहने पर नहीं बनाएगा। अगर भारत के स्वाभिमान के रूप में जोकि बेहद जरूरी भी है देखें, तो हमें पैसे की गिरावट की ज्यादा परवाह नहीं करनी चाहिए, क्योंकि जब टकराव होता है और स्वाभिमान की बात आती है, तो छोटे-मोटे नुकसान की परवाह नहीं होती। अच्छी बात यही है कि अभी भी भारत-अमेरिका के बीच व्यापा. रिक मसलों को सुलझाने की बातचीत जारी है।

## मनरेगा का नाम बदलना सनक



महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना(मनरेगा) का नाम बदलना मोदी सरकार की सनक का परिणाम है और ऐसा कर वह गरीबों के हक मार रही है, मनरेगा का नाम बदलने के पीछे की सच्चाई यह है कि मोदी सरकार रोजगार के कानूनी अधिकार को खत्म करना चाहती है, इस योजना से देश के गरीब से गरीब मजदूरों को रोजगार की गारंटी मिलती है, लेकिन मोदी सरकार को योजनाओं के नाम बदलने की सनक है, नाम बदलना इनकी सनक है और हर नाम को वह बदल रही है, सरकार जब भी नाम भी बदलती है तो सरकार का खर्च होता है। महात्मा गांधी देश के राष्ट्रपिता हैं और उनके नाम पर मनरेगा कानून में बड़ा बदलाव किया जा रहा है और इस योजना को कमजोर कर खत्म करने की योजना चल रही है।

**-प्रियंका गांधी वाड्रा, कांग्रेस महासचिव**

# प्रकृति ने कैंसर वापस करना शुरू कर दिया





**पवन सिंह**

मैं हमेशा अध्ययनों, रिसर्च रिपोर्ट, आंकड़ों, विश्लेषणों के आधार पर तथ्यात्मक लिखने का प्रयास करता हूं। विगत कुछ सालों में प्राकृतिक संसाधनों को लूट लेने की जो भयावह हवस मची है, वह खतरनाक हो चली है। दूसरी ओर, आम जनता ने भी चंद रुपयों के लिए अपनी आवाज, अपनी सोच को गिरवी रख दिया है और वह खामोश है। मीडिया पर संसाधनों को लूटने वाले गिरोह का कब्जा है। इन सबका समग्र परिणाम मानव जीवन का समय से पूर्व अंत हो जाना है। प्राकृतिक संसाधनों के डकैतों और उनके कुछ हजार आका, तो इस देश को एक दिन प्राकृतिक रूप से विकलांग बनाकर सभ्य देशों की ओर ठिकाना बना चुके होंगे और इधर बचेगी भयावह बीमारियों, बूंद-बूंद पानी को तरसती व भूख से लड़ती 95 प्रतिशत आबादी। आइए आज सच दिखाते हैं दिल्ली का। जहां कुछ हजार लाख सक्षम लोग एयर प्योरीफायर लगाकर अपने फेफड़े कुछ हद तक बचाए हुए हैं लेकिन शेष जनता एयर प्योरीफायर भी आखिर कब तक और कहां-कहां दिल्ली को आखिरकार कुछ ही सालों में कैंसर ने घेर लिया है और यह मैं नहीं कह रहा, जो रिपोर्ट्स मैंनै जुटाई हैं, वह कह रही हैं। दिल्ली पर कैंसर लगातार अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है। दिल्ली के एयर क्वालिटी इंडेक्स यानी AQI की विगत कुछ सालों की रिपोर्ट्स को आप देखें तो पाएंगे कि अक्टूबर के अंतिम सप्ताह से इस वायु गुणवत्ता की खराब क्वालिटी की गिरावट आरंभ होती है वह दीपावली के अगले ही दिन से सीधे 400 का खतरनाक स्तर छू लेती है और यह लगातार भयावह स्तर तक बढ़ता रहता है और बना रहता है। यह हालात लगभग चार माह तक बने रहते हैं। सुप्रीम कोर्ट के ग्रीन दीपावली के एक सुझाव आदेश को दिल्ली के लोगों ने अपने फेफड़ों की ताकत से मसल दिया और सुप्रीम कोर्ट के बाहर जाकर जबरदस्त आतिशबाजी कर आए। बहुत अच्छा किया आपने लेकिन जो गैसें आपने खुद अपने, अपने बच्चों व बूढ़े मां-बाप की नाकों व फेफड़ों के सामने पैदा की हैं, वह सबसे पहले किसकी सांसों में प्रवेश करेंगी? जब आप आतिशबाजी करते हैं तो आप हवा में सल्फर डाइऑक्साइड SO2 छोड़ रहे होते हैं। यह फेफड़ों पर सीधा अटैक करता है और सांस की बीमारियों को बढ़ाता है। आप नाइट्रोजन ऑक्साइड यानी NO2 पैदा कर रहे होते हैं जो श्वसन संबंधी समस्याओं को बढ़ाता है। आप कार्बन मोनोऑक्साइड यानी CO पैदा कर रहे होते हैं जो रंगहीन, गंधहीन व एक बेहद जहरीली गैस है। यह गैस शरीर में ऑक्सीजन की कमी पैदा करती है।

आप पार्टिकुलेट मैटर यानी PM 2.5 - PM 10 पैदा कर रहे होते है। यह हवा में मौजूद सूक्ष्म कण होते हैं जो फेफड़ों में गहराई तक जाकर सूजन पैदा करते हैं व गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकते हैं। आप पटाखे जला कर यहीं नहीं रुकते, आप भारी धातुएं जैसे- कैडमियम, सीसा, क्रोमियम व सबसे डरावनी धातु पारा, जैसी भारी धातुएं धुएं के साथ हवा में भर रहे होते हैं और वो अपने भीतर उतार रहे होते हैं। बेशक आप यह कह कर तसल्ली कर सकते हैं दो तीन दिनों में क्या होता है, लेकिन होता तो बहुत कुछ है, बस चूंकि तात्कालिक प्रसाद नहीं मिलता है, इसलिए हम सब हर फ्रिक को धुंए में उड़ाता चला गया, टाइप्स ले लेते हैं। आखिरकार इस साल दिल्ली के तमाम बड़े चिकित्सकों को चेतावनी जारी करनी पड़ी कि गर्भवती महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग। कुछ महीनों के लिए दिल्ली छोड़ दें। यह अच्छे संकेत नहीं हैं। दिल्ली पर कैंसर जबरदस्त हमला कर चुका है। दिल्ली और एनसीआर रीजन के आंकड़ों के मुताबिक दिल्ली में 0.74 वर्ष आयु वर्ग में हर 6 पुरुषों में एक को और हर 7 महिलाओं में एक को उसके जीवनकाल में कैंसर होने की आशंका है। यह राजधानी के वातावरण और प्रदूषण स्तर की भयावह तस्वीर पेश करती। फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हार्ट इंस्टिट्यूट के कार्यकारी निदेशक और इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर अतुल माथुर ने एक न्यूज चैनल को इंटरव्यू दिया था। बकौल डाक्टर माथुर आप प्रदूषण को दो तरह से बांट सकते हैं। एक है नाइट्रोजन ऑक्साइड जिसमें जैसी हानिकारक गैसें हैं और दूसरा कण पदार्थ यानी पार्टिकुलेट मैटर। ऑक्साइड जैसी हानिकारक गैसें, और दूसरा है कण पदार्थ। जब यह कण शरीर में प्रवेश करते हैं, तो यह शरीर की धमनियों में सूजन पैदा करते हैं।

यह वह मौसम है, जब कई तरह के वायरस फैलते हैं। उन्होंने आगे चेतावनी दी कि व्यापक वायरल गतिविधि से ग्रस्त मौजूदा मौसम स्वास्थ्य जोखिमों को बढ़ा सकता है। सलाह यह है कि बाहर कम निकलें और हल्के मास्क पहनें। दिसम्बर, 25 के अंतिम सप्ताह में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सीपीसीबी की एक और भी डरावनी रिपोर्ट आई जिसके अनुसार दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक एक्यूआई बढ़कर 497 हो गया। दिल्ली में वायु प्रदूषण, खासकर PM 2.5 कणों के कारण, फेफड़ों के कैंसर का एक बड़ा जोखिम है, जो धूम्रपान न करने वालों को भी डस रहा है। यह डीएनए तक को नुकसान पहुंचा रहा है और कोशिकाओं में उत्परिवर्तन कर रहा है। इससे कैंसर का खतरा बढ़ रहा है और श्वसन व हृदय रोग बढ़ रहे हैं। PM 2.5 के बेहद छोटे कण फेफड़ों में गहराई तक जाते हैं और खून में मिल जाते हैं। यह कण कोशिकाओं के डीएनए को नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे कोशिकाओं में बदलाव आता है, जो कैंसर का कारण बन जाता है। प्रदूषण से शरीर में सूजन बढ़ती है, जो इन उत्परिवर्तित कोशिकाओं को जागृत कर ट्यूमर बनाने में मदद कर सकती है। यही कारण है कि प्रदूषण के कारण फेफड़ों के कैंसर का खतरा धूम्रपान न करने वालों के लिए भी बढ़ गया है। अस्थमा और COPD क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज अब दिल्ली में एक बड़ी बीमारी हो चुकी है। आपको AQI का स्तर भी बता दूं 0-50 सबसे अच्छी वायु, 51-100 मध्यम वायु गुणवत्ता, 101-150 संवेदनशील और हानिक. ारक स्तर, 151-200 खतरनाक स्तर, 201-300 बहुत ही ज्यादा खतरनाक, 301-500 भयावह व जानलेवा स्तर और हम इसी स्तर को जी रहे हैं।

चूंकि ऐसा कोई पैमाना नहीं है कि मृत्यु का कारण प्रदूषण लिख सकें, इसलिए हम सब खामोश रहते हैं। जबकि मृत्यु के मुख्य कारकों में प्रदूषण है। दिल्ली और दिल्ली जैसे बड़े शहरों में 2015 से 2024 के बीच 10 साल में कैंसर के मामले 10 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ गए हैं जबकि अकेले दिल्ली में कैंसर के मामलों में 50 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हो गई है। यह सारी जानकारी केंद्र सरकार की ओर से संसद में दिए गए डेटा में सामने आई है। भारत में प्रति एक लाख आबादी पर कैंसर की दर 98.5 है। यानी, भारत में एक लाख लोगों में से हर साल औसतन 98 या 99 नए कैंसर मरीज सामने आ रहे हैं। इस हिसाब से भारत में हर साल कैंसर के 14.13 लाख नए मामले सामने आ रहे हैं। हालांकि, सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, 2024 में कैंसर के 15.33 लाख से ज्यादा नए मामले सामने आए हैं। 2015 में 13.88 लाख मामले सामने आए थे। वर्ष, 2015 में दिल्ली में कैंसर के 19,168 मामले सामने आए थे, जिनकी संख्या 2024 में बढ़कर 28,387 हो गई। दीपावली के दौरान दिल्ली में विगत कुछ सालों से प्रदूषण साक्षात मौत जैसा बढ़ रहा है चूंकि वह फौरी तौर पर नुकसान नहीं पहुंचा रहा लेकिन कुछ ही सालों में वह शरीर पर हमला कर रहा है। दीपावली के दौरान AQI श्रेणी 300-500 तक पहुंच जाता है, जिसमें PM2.5 के स्तर में भारी उछाल यहां तक कि कभी-कभी 675 $-g/m^3$ या उससे भी ऊपर चला जाता है जो सामान्य स्तर से कई गुना ज्यादा होता है। पटाखों के इस्तेमाल और स्थिर मौसम के कारण लाखों टन जहरीली गैसें वापस फेफड़ों में चली जाती हैं। दिल्ली तो कैंसर की सेज पर बैठ चुकी है और अन्य राज्य भी कम पीछे नहीं हैं। दूसरी ओर जंगल और पहाड़ों की लूट इस देश का चेहरा सोमालिया जैसा बना कर रख देंगे। लाखों-करोड़ों लोग मारे जाएगे और औसत आयु 60-65 तक या और उससे नीचे चली जाएगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सांपों ने अपनी टांगें कैसे गंवाई

**नए विश्लेषण से पता चलता है कि उनमें यह जीन अभी भी उपस्थित है, बस यह निष्क्रिय है और शायद सांपों के विकास के आरंभ में ही निष्क्रिय हो गया था - संभवतः उन सांपों में जो भूमिगत रहते थे। हो सकता है इस तरह के उत्परिवर्तन उच्च आवृत्तियों को सुनने की क्षमता से सम्बंधित जीन में भी हुए होंगे। लेकिन इस आनुवंशिक परिवर्तन से सरीसृपों के कान की हड्डियों का पुनर्गठन हुआ जो उन्हें कंपन के प्रति अत्यधिक संवेदनशील बनाता है। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि इतने पतले शरीर में सभी अंगों को फिट करने के लिए सांपों में दो जीन नदारद हुए हैं जो आम तौर पर शरीर को सममित रखने का निर्देश देते हैं, जैसे दोनों बाजू एक-एक फेफड़ा।**

सांप बड़े विचित्र कशेरुकी जीव होते हैं। इनका शरीर इतना पतला होता है कि इसमें दूसरे फेफड़े के लिए जगह नहीं होती। यह अपनी जीभ से सूंघते हैं और सबसे खास बात तो यह कि इनकी टांगें नहीं होती। अब एक दर्जन से अधिक सांप प्रजातियों के जीनोम को अनुक्रमित कर उन उत्परिवर्तनों का पता लगाया गया है जिनके कारण टांगें लुप्त हुई थीं। कई अन्य लक्षणों से सम्बंधित डीएनए भी पता चले हैं। चाइनीज एकेडमी ऑफ साइंसेज में चेंग्दू इंस्टिट्यूट ऑफ बायोलॉजी के सरीसृपविज्ञानी जिया-तांग ली और उनके सहयोगियों ने सांपों के 12 कुलों की 14 प्रजातियों के जीनोम का अनुक्रमण किया। सैंपल में शामिल सांप जैव विकास की 15 करोड़ वर्षों की अवधि का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने उन 11 सांप प्रजातियों के जीनोम भी शामिल कर लिए जिन्हें पहले अनुक्रमित किया जा चुका था। सेल में प्रकाशित इस अध्ययन में टीम ने बताया है कि भुजाओं के विकास को नियंत्रित करने वाले जीन द्धपीटीसीएच1ऋ में तीन स्थानों से डीएनए खंड गायब थे। पूर्व शोधकर्ताओं का ख्याल था कि पीटीसीएच1 की गतिविधि को नियंत्रित करने वाले डीएनए खंड में उत्परिवर्तन कुछ हद तक टांगों के गायब होने के लिए जिम्मेदार हैं। लेकिन अब लग रहा है कि स्वयं जीन में हुए उत्परिवर्तन भुजाओं के ]ास के लिए जिम्मेदार है। सभी सांपों में पीटीसीएच1 में एक जैसे उत्परिवर्तन पाए गए और इस आधार पर यह टांगों के लोप का कारण लगता है। और तो और, जब ली की टीम ने चूहों में एक समकक्ष जीन में वही उत्परिवर्तन किए तो चूहों के पैर की उंगलियों की हड्डियां बहुत छोटी हो गई थीं।



इसके अलावा उन्होंने सांपों की अन्य आनुवंशिक विशेषताओं को भी देखा है। पूर्व में किए गए अधूरे जीनोम के विश्लेषण के आधार पर वैज्ञानिकों का मानना था कि सरीसृपों ने दृष्टि के मुख्य जीन को खो दिया है। लेकिन नए विश्लेषण से पता चलता है कि उनमें यह जीन अभी भी उपस्थित है, बस यह निष्क्रिय है और शायद सांपों के विकास के आरंभ में ही निष्क्रिय हो गया था - संभवतः उन सांपों में जो भूमिगत रहते थे। हो सकता है इस तरह के उत्परिवर्तन उच्च आवृत्तियों को सुनने की क्षमता से सम्बंधित जीन में भी हुए होंगे। लेकिन इस आनुवंशिक परिवर्तन से सरीसृपों के कान की हड्डियों का पुनर्गठन हुआ जो उन्हें कंपन के प्रति अत्यधिक संवेदनशील बनाता है। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि इतने पतले शरीर में सभी अंगों को फिट करने के लिए सांपों में दो जीन नदारद हुए हैं जो आम तौर पर शरीर को सममित रखने का निर्देश देते हैं, जैसे दोनों बाजू एक-एक फेफड़ा। लेकिन इन जीन्स के अभाव में यदि सांप का बायां फेफड़ा बनता भी है तो उसका आकार बहुत छोटा होता है।

# गुदगुदी कहां से नियंत्रित होती है



हम में, और खासकर छोटे बच्चों को, गुदगुदी का खेल पसंद आता है। लेकिन गुदगुदी, खेल-मनोरंजन या स्तनधारियों के ऐसे ही सकारात्मक व्यवहारों को बहुत कम समझा गया है। इसके विपरीत आक्रामकता या डर जैसे व्यवहारों को समझने के लिए काफी अध्ययन हुए हैं। हम्बोल्ट विश्वविद्यालय के तंत्रिका विज्ञानी माइकल ब्रेख्त की रुचि यह समझने में थी कि खेल के सुखद अहसास कहां से आते हैं। पूर्व में देखा जा चुका था कि कुछ कृंतकों को मनोरंजन पसंद होता है। और यदि वे अच्छे मूड और अनुकूल महौल में हैं तो गुदगुदी का आनंद लेते हैं, और इंसानों की हंसी के समान उच्च आवृत्ति की आवाजें निकालते हैं। न्यूरॉन में प्रकाशित हालिया अध्ययन के मुताबिक शोधकर्ताओं ने चूहों के मस्तिष्क में इस आनंद के लिए जिम्मेदार क्षेत्र की पहचान कर ली है।

पूर्व अध्ययन बताते हैं कि चूहों में चेतना और अन्य उच्च श्रेणि के व्यवहार के लिए जिम्मेदार मस्तिष्क का क्षेत्र (कॉर्टेक्स) पूरा नष्ट हो जाने के बाद भी वे खेलकूद जारी रखते हैं। इससे पता चलता है कि डर की तरह खेल द्धया मनोरंजनऋ भी नैसर्गिक है। कुछ अध्ययन बताते हैं कि पेरिएक्वाडक्टल ग्रे (पीएजी) नामक एक संरचना की भी इसमें भूमिका हो सकती है जो ध्वनि, 'लड़ो-या-भागो' प्रतिक्रिया और अन्य व्यवहारों में भूमिका निभाती है। जब चूहे एक-दूसरे के साथ लड़ाई-लड़ाई खेलते हैं तो वे भय और आक्रामकता जैसा व्यवहार प्रदर्शित करते हैं। इसलिए ब्रेख्त को लगा कि पीएजी या मस्तिष्क का ऐसा ही कोई क्षेत्र मनोरंजन में भागीदार हो सकता है। वे अपने पूर्व अध्ययन में देख चुके थे कि चूहे इंसानों की तरह पेचीदा खेल खेल सकते हैं। उनकी टीम कृंतकों को लुका-छिपी खेलना भी सिखा चुकी थी। खेल के शुरू में चूहे को एक बक्से में बंद कर शोधकर्ता कमरे में कहीं छिप गए। फिर रिमोट कंट्रोल की मदद से बक्सा खोलने पर चूहे ने बाहर आकर शोधकर्ता को 'ढूंढना' शुरू किया। जब चूहे ने छुपे हुए शोधकर्ता को ढूंढ लिया तो उसे गुदगुदी के रूप में पुरस्कार मिला। चूहों को भी छिपने का अवसर दिया गया था, और देखा गया कि चूहे छिपने की काफी नई-नई जगहें ढूंढ लेते हैं। अपने अनुमान-खेल में पीएजी की भूमिका-की जांच के लिए ब्रेख्त की टीम ने पहले तो यह सुनिश्चित किया कि चूहे अपने अनुकूल और सहज माहौल में रहें। चूहों को मद्धम रोशनी वाली जगह सुहाती हैं, तेज रोशनी वाली और ऊंची जगहों पर वे परेशान होते हैं। इसके बाद शोधकर्ताओं ने उनके साथ 'हाथ पकड़ो' खेल खेला। जब चूहे उनके हाथ तक पहुंच जाते थे तो शोधकर्ता उनकी पीठ और पेट पर गुदगुदी करते थे। गुदगुदी करने पर चूहे खुश होते थे और 'खिलखिलाते' थे। शोधकर्ताओं ने चूहों के मस्तिष्क में इलेक्ट्रोड लगाकर उनके मस्तिष्क की गतिविधि की निगरानी की और अल्ट्रासोनिक माइक्रोफोन से उनकी हंसी भी रिकॉर्ड की। पाया गया कि चूहे मनुष्यों के सुनने की क्षमता से बहुत अधिक आवृति पर 'हंसते' हैं। और, जब चूहे हंस रहे थे और खेल में व्यस्त थे तो उनके पीएजी के एक विशिष्ट क्षेत्र में हलचल देखी गई। इसके विपरीत जब चूहों को असहज जगह पर बैठाकर गुदगुदी की तो उन्होंने हंसना बंद कर दिया व उनके पीएजी का सक्रिय हिस्सा शांत हो गया। इससे लगता है कि विनोदभाव के लिए चूहों में पीएजी जिम्मेदार है। इसकी पुष्टि के लिए शोधकर्ताओं ने पीएजी के उस हिस्से की तंत्रिकाओं को एक रसायन की मदद से शांत कर दिया। इसके बाद गुगगुदी करने पर चूहे नहीं हंसे और उनकी इंसानों और खेल में रूचि भी जाती रही। इससे लगता है कि गुदगुदी और खेल में पीएजी की महत्वपूर्ण भूमिका है। ये नतीजे और भी महत्वपूर्ण इसलिए लगते हैं क्योंकि यह देखा जा चुका है कि जब कुछ चूहों को खेलने से वंचित कर दिया जाए तो वे मायूस हो जाते हैं, रिश्ते बनाने में असफल रहते हैं और तनावपूर्ण स्थितियों में कम लचीले हो जाते हैं। यह भी देखा गया है कि खेल की कमी से मस्तिष्क का विकास भी रुक जाता है। आगे ब्रेख्त यह देखना चाहते हैं कि पीएजी की खेल के अन्य पहलुओं, जैसे नियमों का पालन करने के व्यवहार में क्या भूमिका है। उनका अवलोकन था कि लुका-छिपी खेल में यदि मनुष्य बार-बार एक ही जगह छिपें या ठीक से छिपने में विफल रहें तो चूहों ने खेल में रुचि खो दी थी। उम्मीद है कि इस काम से सकारात्मक भावनाओं को समझने की दिशा में अधिक काम होगा और चिंता व अवसाद से पीड़ित रोगियों के लिए प्रभावी उपचार विकसित करने में मदद मिलेगी।

स्रोत फीचर्स

**चूहों को भी छिपने का अवसर दिया गया था, और देखा गया कि चूहे छिपने की काफी नई-नई जगहें ढूंढ लेते हैं। अपने अनुमान-खेल में पीएजी की भूमिका-की जांच के लिए ब्रेख्त की टीम ने पहले तो यह सुनिश्चित किया कि चूहे अपने अनुकूल और सहज माहौल में रहें। चूहों को मद्धम रोशनी वाली जगह सुहाती हैं, तेज रोशनी वाली और ऊंची जगहों पर वे परेशान होते हैं। इसके बाद शोधकर्ताओं ने उनके साथ 'हाथ पकड़ो' खेल खेला। जब चूहे उनके हाथ तक पहुंच जाते थे तो शोधकर्ता उनकी पीठ और पेट पर गुदगुदी करते थे। गुदगुदी करने पर चूहे खुश होते थे और 'खिलखिलाते' थे। शोधकर्ताओं ने चूहों के मस्तिष्क में इलेक्ट्रोड लगाकर उनके मस्तिष्क की गतिविधि की निगरानी की और अल्ट्रासोनिक माइक्रोफोन से उनकी हंसी भी रिकॉर्ड की। पाया गया कि चूहे मनुष्यों के सुनने की क्षमता से बहुत अधिक आवृति पर 'हंसते' हैं। और, जब चूहे हंस रहे थे और खेल में व्यस्त थे तो उनके पीएजी के एक विशिष्ट क्षेत्र में हलचल देखी गई। इसके विपरीत जब चूहों को असहज जगह पर बैठाकर गुदगुदी की तो उन्होंने हंसना बंद कर दिया व उनके पीएजी का सक्रिय हिस्सा शांत हो गया।**




नई दिल्ली। 'मनरेगा' योजना का नाम बदलने के विरोध में संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान संसद भवन के बाहर प्रदर्शन करते विपक्षी सांसद।

## हडसन को मिलेगा कॉस्ट्यूम डिजाइनर्स गिल्ड का स्पॉटलाइट अवॉर्ड

**वॉशिंगटन।** अभिनेत्री केट हडसन को प्रतिष्ठित कास्ट्यूम डिजाइनर्स गिल्ड (सीडीसी) स्पॉटलाइट अवॉर्ड से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई है। वेरायटी ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि यह पुरस्कारं उन कलाकारों को दिया जाता है, जिन्होंने अपने करियर में प्रतिबद्धता के साथ लगातार बेहतरीन काम किया हो और जिन्हें कहानी कहने में कॉस्ट्यूम डिजाइन की अहम भूमिका की गहरी समझ हों। स्पॉटलाइट अवॉर्ड उन कलाकारों को सम्मानित करता है, जो पर्दे पर किरदारों को यादगार बनाने और जीवंत करने में कॉस्ट्यूम डिजाइनरों को आवश्यक सहयोगी मानते हैं।

# मोदी ने भारत और जॉर्डन सहयोग की सराहना की

## भारत-जॉर्डन साझेदारी को 'सार्थक विस्तार' बताया, पांच प्रमुख समझौते पर हुए हस्ताक्षर

**अम्मान।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को जॉर्डन की अपनी राजकीय यात्रा के दौरान पांच समझौतों पर हस्ताक्षर होने पर इनकी सराहना करते हुए इसे भारत-जॉर्डन साझेदारी का 'सार्थक विस्तार' बताया।

दोनों देशों के बीच जिन पांच समझौतों पर हस्ताक्षर हुए हैं, उनमें नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा में तकनीकी सहयोग, जल संसाधन प्रबंधन और विकास में सहयोग, विरासत संरक्षण और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पेट्रा और एलोरा के बीच एक समझौता 2025-2029 के लिए सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के नवीनीकरण से संबंधित समझौते शामिल हैं। जिससे लोगों के आपसी संपर्क को और बढ़ावा किया जाएगा और डिजिटल परिवर्तन के लिए भारत के सफल डिजिटल समाधानों को बड़े पैमाने पर



ये समझौते भारत-जॉर्डन संबंधों की बढ़ती गहराई और व्यापकता को दर्शाते हैं

साझा करने से संबंधित समझौता किया गया है। प्रधानमंत्री ने इस दौरे के महत्व पर कहा कि ये समझौते भारत-जॉर्डन संबंधों की बढ़ती गहराई और व्यापकता को दर्शाते हैं। मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा में सहयोग स्वच्छ विकास, ऊर्जा सुरक्षा और जलवायु जिम्मेदारी के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि जल संसाधन प्रबंधन में सहयोग से हमें संरक्षण, दक्षता और प्रौद्योगिकी से जुड़ी सर्वोत्तम प्रक्रियाओं को साझा करने का अवसर मिलेगा, जिससे दोनों देशों के लिए दीर्घकालिक जल सुरक्षा सुनिश्चित होगी। मोदी ने कहा कि पेट्रा और एलोरा के बीच समझौता शैक्षणिक आदान-प्रदान, विरासत संरक्षण और पर्यटन संवर्धन के नए अवसर खोलेगा, जबकि सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम का नवीनीकरण भारत और जॉर्डन के लोगों के बीच गहरे संबंधों को बढ़ावा देगा। भारत के डिजिटल नवाचारों को साझा करने से जॉर्डन के डिजिटल परिवर्तन को समर्थन मिलेगा और समावेशी शासन को प्रोत्साहन मिलेगा।

### जॉर्डन दौरे पर मोदी के लिए खास सम्मान, क्राउन प्रिंस खुद ड्राइव कर म्यूजियम ले गए

**अम्मान।** जार्डन की आधिकारिक यात्रा के दौरान मंगलवार को पीएम मोदी को खास सम्मान दिया गया। क्राउन प्रिंस अल हुसैन बिन अब्दुल्ला ने खुद गाड़ी चलाकर प्रधानमंत्री मोदी को जार्डन म्यूजियम तक ले गए। इससे पहले मोदी भारत-जार्डन बिजनेस फोरम की बैठक में शामिल हुए। इसमें उन्होंने कहा कि भारत की विकास दर 8 प्रतिशत से ज्यादा है। यह बेहतर शासन और इनोवेशन पर आधारित नीतियों का नतीजा है। मोदी कल शाम जार्डन पहुंचे थे।

# तेलंगाना से जुड़े ऑस्ट्रेलिया हमले के तार

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया में 14 दिसम्बर को सिडनी के बान्डी बीच पर यहूदी लोगों पर हमला करने वाला आतंकी साजिद अकरम भारत का था। 50 साल का साजिद मूल रूप से तेलंगाना के हैदराबाद का रहने वाला था। उसने हैदराबाद से बीकॉम किया और स्टूडेंट वीजा पर नौकरी की तलाश में नवम्बर 1998 में आस्ट्रेलिया चला गया। बाद में उसने यूरोपीय मूल की महिला वेनेरा ग्रोसो से शादी की और वहीं स्थायी रूप से बस गया। साजिद के पास अब भी भारतीय पासपोर्ट था।

आतंकी हमले में शामिल साजिद का बेटा नवीद अकरम (24 वर्षीय) आस्ट्रेलियाई नागरिक हैं। साजिद की एक बेटी भी है। तेलंगाना पुलिस के मुताबिक 1998 से पहले भारत में साजिद के खिलाफ कोई आपराधिक रिकॉर्ड भी नहीं है। आतंकी हमले में 16 लोगों की मौत हुई है, वहीं 40 से ज्यादा लोग घायल हैं। आतंकी साजिद भी पुलिस की फायरिंग में मारा गया, जबकि उसका बेटा घायल है। हमलावर बाप-बेटों ने आस्ट्रेलिया के बान्डी बीच पर हनुक्का त्योहार के दौरान यहूदियों पर गोलीबारी की थी।

भारत में मौजूद साजिद के रिश्तेदारों के मुताबिक, पिछले 27 सालों में साजिद का परिवार से संपर्क बहुत कम रहा। वह आस्ट्रेलिया जाने के बाद छह बार भारत आया। इसके पीछे संपत्ति और बुजुर्ग माता-पिता से जुड़े पारिवारिक कारण थे। एक रिपोर्ट के मुताबिक साजिद आखिरी बार 2022 में भारत आया था। बताया गया है कि वह अपने पिता के निधन के समय भी भारत नहीं आया। परिवार का कहना है कि उन्हें साजिद या नवीद के कटरपंथी विचारों या गतिविधियों की कोई जानकारी नहीं थी। इससे पहले सीएनएन ने फिलीपींस के अधिकारियों के हवाले से बताया था कि साजिद अकरम अपने बेटे नवीद के साथ पिछले महीने 1 नवम्बर को फिलीपींस गया था। इस दौरान साजिद ने इंडियन जबकि उसके बेटे ने आस्ट्रेलियन पासपोर्ट का इस्तेमाल किया था। वो लोग एक महीने से हमले की तैयारी कर रहे थे। अधिकारियों के मुताबिक दोनों फिलीपींस के दावो शहर गए थे। दावो फिलीपींस के दक्षिण हिस्से में मिंडानाओ द्वीप पर है। मिंडानाओ में फिलीपींस की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी रहती है। यह इस्लामी उग्रवादी और विद्रोही संगठन का गढ़ माना जाता है। ये समुदाय अलग देश बनाने की मांग करते हैं। इसके अलावा आतंकियों की गाड़ी से इस्लामिक स्टेट के दो झंडे बरामद

## बान्डी बीच पर अटैक का आरोपी साजिद हैदराबाद का था निवासी



तेलंगाना पुलिस बोली: 27 साल पहले देश छोड़ा, आखिरी बार 2022 में भारत आया

### आईएस से प्रेरित थी बान्डी बीच पर हुई यहूदी विरोधी सामूहिक गोलीबारी: अल्बनीज

**सिडनी।** सिडनी के बान्डी बीच पर सामूहिक गोलीबारी में 16 लोगों की मौत के बाद आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा है कि यह हमला आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) की विचारधारा से प्रेरित था। समाचार एजेंसी एएफपी और बीबीसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अल्बनीज ने कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि यह हमला इस्लामिक स्टेट की विचारधारा से प्रेरित था। यह बात उन्होंने आस्ट्रेलियन ब्राडकास्टिंग कारपोरेशन (एबीसी) के सिडनी चौनल को दिए गए एक रेडियो इंटरव्यू में कही, जिसके अंश उनके कार्यालय ने समाचार एजेंसियों के साथ साझा किए। उन्होंने इस हमले को 'सुनियोजित, योजनाबद्ध और बेहद बर्बर' बताया। अल्बनीज ने कहा कि अब तक की जांच से संकेत मिलता है कि दो हमलावरों (जो पिता और बेटे की जोड़ी थे) ने अकेले ही इस वारदात को अंजाम दिया। एएफपी की रिपोर्ट के मुताबिक, अल्बनीज ने कहा कि यह वह विचारधारा है जो एक दशक से ज्यादा समय से मौजूद है, जिसने नफरत की सोच को जन्म दिया और इसने बड़े पैमाने पर हत्या करने की मानसिकता पैदा की।

हुए थे, जिससे उनके आईएसआईएस से जुड़े होने का अनुमान लगाया जा रहा है। आस्ट्रेलिया में हजारों लोग श्रद्धांजलि अर्पित करने स्मारकों पर पहुंच रहे हैं। सिडनी आतंकी हमले में 3 भारतीय छात्र भी घायल हो गए हैं।

शुरुआती रिपोर्ट्स के मुताबिक, कम से कम दो छात्र इस समय अस्पताल में भर्ती हैं। पुलिस के मुताबिक, 50 साल के हमलावर साजिद अकरम के पास लाइसेंसी बंदूक थी, जिसका इस्तेमाल वह शिकार के लिए करता था। एनएसडब्ल्यू पुलिस कमिश्नर मल लैनयन ने कहा कि साजिद अकरम एक गन क्लब का सदस्य था और राज्य के कानून के तहत उसके पास लाइसेंस था। साजिद अकरम के पास कानूनी रूप से 6 बंदूकें थीं। गोलीबारी के लिए निकलने से पहले बाप-बेटे ने अपने परिवार को कहा था कि वह मछलियां पकड़ने जा रहे हैं। अकरम अपने परिवार के साथ एक किराए के घर में रहता था। हमले के बाद पुलिस ने इस मकान पर छापेमारी की। रिपोर्ट के मुताबिक साजिद अकरम फलों की दुकान चलाता था। प्रधानमंत्री ने अस्पताल में आस्ट्रेलियाई हीरो कहे जाने वाले अहमद अल अहमद से मुलाकात की और कहा कि उस व्यक्ति से मिलना बहुत बड़ा सम्मान था जिसने बोंडी के हमलावरों में से एक पर घात लगाकर हमला किया और उससे राइफल छीन ली।

## भारत-चीन शिपकी-ला दर्रे से फिर शुरू करेंगे व्यापार

**नई दिल्ली/शिमला।** भारत और चीन शिपकी-ला दर्रे के माध्यम से सीमा-पार व्यापार फिर से शुरू करने के लिए तैयार हैं। विदेश मंत्रलय ने हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में स्थित शिपकी-ला के माध्यम से व्यापार को फिर से शुरू करने के लिए औपचारिक मंजूरी दे दी है। अगले साल जून से इस व्यापार के शुरू होने की उम्मीद है।

इस कदम को दोनों एशियाई अर्थव्यवस्थाओं के बीच एक महत्वपूर्ण विश्वास-निर्माण उपाय के रूप में देखा जा रहा है, जिनकी लंबी और संवेदनशील सीमा 20वीं सदी के मध्य से व्यावसायिक आदान-प्रदान के लिए अधिकांश बंद ही रही है। केंद्र सरकार की मंजूरी के बाद, किन्नौर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। उपायुक्त डा. अमित कुमार शर्मा ने सोमवार को शिपकी-ला व्यापार प्राधिकरण से जुड़े विभागों और हितधारकों की एक उच्च-स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में 'शिपकी-ला-नामगिया सेक्टर' में सड़क संपर्क, सीमा शुल्क बुनियादी ढांचा, सुरक्षा प्रोटोकॉल, चिकित्सा और आपातकालीन सेवाएं तथा अंतर-विभागीय समन्वय सहित महत्वपूर्ण पहलुओं पर ध्यान कें.

विदेश मंत्रालय ने औपचारिक मंजूरी दी शुरुआत अगले साल जून से होने की उम्मीद

द्रित किया गया। अधिकारियों के अनुसार, व्यापारी पंजीकरण पूह के तहसीलदार द्वारा किया जाएगा और व्यापार पास केवल गहन सत्यापन के बाद ही जारी किए जाएंगे।

आवेदकों को पहचान प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, पिछले व्यावसायिक रिकॉर्ड और पासपोर्ट आकार के फोटो जमा करने होंगे। व्यापार सख्ती से भारत सरकार द्वारा अधिसूचित वस्तुओं तक सीमित रहेगा, जिसमें किसी भी विचलन की अनुमति नहीं होगी। दर्रे पर सुरक्षा व्यवस्था की संयुक्त रूप से भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और स्थानीय पुलिस द्वारा निंगरानी की जाएगी, जबकि सीमा शुल्क विभाग शिपकी-ला सीमा शुल्क स्टेशन पर आवश्यक कर्मचारियों को तैनात करेगा। निर्यात और आयात वाले दोनों खेपों के लिए माल का व्यापक निरीक्षण अनिवार्य होगा। भारत और चीन हजारों किलोमीटर की सीमा साझा करते हैं, जिसका अधिकांश हिस्सा तिब्बती पठार के साथ-साथ है।

## मैक्सिको में इमरजेंसी लैंडिंग के दौरन प्लेन क्रैश, 7 लोगों की मौत

**मैक्सिको।** मेक्सिको में मंगलवार को इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान एक प्राइवेट जेट दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई और 3 लापता हैं। हादसे का शिकार हुआ प्राइवेट प्लेन सोमवार को अकापुल्को से तोलुका एयरपोर्ट जा रहा था। इसी दौरान प्लेन में तकनीकी खराबी आ गई और इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान सैन मातेओ एटेंको इलाके में एक फैक्ट्री से टकरा गया। फैक्ट्री की मेटल छत से टकराया विमान ने एक फुटबाल ग्राउंड पर लैंडिंग की कोशिश की, लेकिन पास की एक फैक्ट्री की मेटल छत से टकरा गया, जिससे आग लग गई। आग बुझाने के लिए इलाके के करीब 130 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। शुरुआती रिपोर्ट्स में इंजन में खराबी होने की बात कही जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि प्लेन में 8 पैसेंजर्स और 2 क्रू मेंबर सवार थे। अब तक 7 लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं। अन्य तीन की तलाश जारी है। मेक्सिको के सिविल प्रोटेक्शन कोआर्डिनेटर एड्रियन हर्नांडेज ने दुर्घटना के बारे में जानकारी दी। हादसा मेक्सिको सिटी से लगभग 50 किलोमीटर पश्चिम में स्थित सैन माटेओ एटेंको में हुआ, जो एक इंडस्ट्रियल एरिया है।

## चीन ने तैयार किया 55 टन वजनी हाईटेक बैटल टैंक

**बीजिंग।** चीन ने अपने पुराने बैटल टैंक 99 का अपग्रेडेड और मॉडर्न वर्जन टाइप-99बी तैयार किया है। यह खास तौर पर ऊंचाई वाले इलाकों और बेहद ठंडे मौसम में लड़ाई के लिए तैयार किया गया है।

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, यह टैंक भारत के हिमालय से लगने वाले बॉर्डर पर तैनात किया जा सकता है। टाइप-99बी, चीन के पुराने टाइप-99 टैंकों का नया वर्जन है। इसे सितंबर 2025 में बीजिंग में हुई विक्ट्री डे परेड में पहली बार दिखाया गया था। 99-बी को विभिन्न इलाकों में परीक्षण के दौरान इसकी ड्राइविंग क्षमता, इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम और लाइव-फायर अभ्यास के जरिए परखा गया। टैंक की

ऊंचाई वाले इलाकों और बेहद ठंडे मौसम में लड़ाई में सक्षम भारत से लगी सीमा पर होगी तैनाती


सबसे बड़ी खासियत इसकी आधुनिक कमांड, कंट्रोल और कम्युनिकेशन क्षमता है। इसके फायरपावर और इन्फॉर्मेशन बेस्ड सिस्टम पहले से कहीं ज्यादा उन्नत हैं। यह टैंक कठिन और खतरनाक परिस्थितियों में भी युद्ध कर सकता है। चीन का दावा है कि टाइप-99बी तेज और लंबे समय तक लड़ाई करने में सक्षम है और इसे खास तौर पर तिब्बत के पठार और भारत-चीन सीमा के लिए डिजाइन किया गया है। टाइप-99बी तीसरी पीढ़ी का मेन बैटल टैंक है।

## ट्रम्प ने बीबीसी के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

### अमेरीकी राष्ट्रपति ने 10 अरब डॉलर का हर्जाना मांगा, मानहानि का लगाया आरोप

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को बीबीसी के खिलाफ 10 अरब अमेरिकी डालर के हर्जाने की मांग करते हुए मुकदमा दायर किया। उन्होंने ब्रिटिश प्रसारक पर मानहानि करने के साथ-साथ भ्रामक और अनुचित व्यापार प्रथाओं का आरोप लगाया है।

बीबीसी पर 33 पन्नों के इस मुकदमे में राष्ट्रपति ट्रम्प की झूठी, मानहानिकारक, भ्रामक, अपमानजनक, भड़काऊ और दुर्भावनापूर्ण तस्वीर प्रसारित करने का आरोप लगाया गया है। इसमें इसे 2024 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में दखल देने और उसे प्रभावित करने की खुली को. शिश बताया गया है। ट्रम्प का कहना है कि बीबीसी ने छह



ट्रम्प ने यह भाषण उस समय दिया था, जब उनके समर्थकों ने यूएस कैपिटल पर धावा बोला था

जनवरी 2021 को दिए गए उनके भाषण के दो पूरी तरह से अलग-अलग हिस्सों को जोड़कर प्रसारित किया, ताकि उनकी कही बातों का अर्थ जानबूझकर गलत तरीके से पेश किया जा सके। अमेरिकी राष्ट्रपति ने पहले भी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी थी। जिसके बाद पिछले महीने बीबीसी ने छह जनवरी के भाषण से छेड़छाड़ (एडिटिंग) को लेकर ट्रम्प से माफी मांगी थी। हालांकि, सार्वजनिक रूप से वित्तपोषित इस प्रसारक ने मानहा. नि के आरोपों को खारिज कर दिया था। बीबीसी के अध्यक्ष समीर शाह ने इसे 'निर्णय लेने में गलती' बताया था, जिसके बाद बीबीसी के शीर्ष कार्यकारी अधिकारी और समाचार प्रमुख ने इस्तीफा दे दिया था। ट्रम्प ने यह भाषण उस समय दिया था, जब उनके समर्थकों ने यूएस कैपिटल पर धावा बोला था। उस समय कांग्रेस 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों को आधिकारिक रूप से मंजूरी देने वाली थी, जिसमें जो बाइडन को विजेता घोषित किया जाना था, लेकिन ट्रम्प ने उस चुनाव को गलत और चोरी हुआ बताया था। बीबीसी ने 2024 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से कुछ दिन पहले 'ट्रम्प: ए सेकेंड चांस?' शीर्षक से एक घंटे की डाक्यूमेंट्री प्रसारित की थी। इसमें 2021 के भाषण के दो अलग-अलग हिस्सों से लिए गए तीन बयानों को जोड़कर एक ही बयान की तरह दिखाया गया, जबकि ये बयान लगभग एक घंटे के अंतर से बोले गए थे। इसमें ऐसा प्रतीत हुआ कि ट्रम्प ने समर्थकों से उनके साथ मार्च करने और 'जी जान से' लड़ने का आह्वान किया था।

## भारत ने यूएन में पाकिस्तान को फटकार लगाई

**न्यूयार्क।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान को कड़ी फटकार लगाई है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के राजदूत हरिश पर्वतनेनी ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान की अंदरूनी राजनीति में जो उथल-पुथल चल रही है, उसका सीधा रिश्ता उसके सीमा-पार आतंकवाद से है।

राजदूत ने कहा कि पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को जेल में डाल दिया गया, उनकी पार्टी पर रोक लगा दी गई, और 27वें संशोधन के जरिए सेना ने संविधान को अपने हिसाब से मोड़ दिया। भारत ने इसे 'संवैधानिक तख्तापलट' बताया। राजदूत ने कहा कि पाकिस्तान जिस तरह लोकतंत्र और कानून के साथ व्यवहार कर रहा है, वह उसकी गंभीर हालत को दिखाता

इमरान खान को जेल, आसिम मुनीर को खुली छूट राजदूत बोले: PAK आतंकवाद का सेंटर

है और उसी सोच के तहत वह लंबे समय से आतंकवाद को भी बढ़ावा देता रहा है। राजदूत ने पाकिस्तान को आतंकवाद का सेंटर बताया। यूएनएससी में 'लीडरशिप फार पीस' विषय पर हुई डिबेट में राजदूत पर्वतनेनी ने कहा कि इमरान खान अगस्त 2023 से भ्रष्टाचार मामले में जेल में बंद हैं। विरोध प्रदर्शनों से जुड़े मामलों में उन पर आतंकवाद निरोधक कानून के तहत मुकदमे चलाए जा रहे हैं। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र की यातना पर विशेष रिपोर्टर एलिस जिल एडवर्ड्स की उस चिंता का भी जिक्र किया।






## पाकिस्तान-रूस तेल समझौते पर कर रहे चर्चा: वित्त मंत्री


**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब ने कहा है कि रूस और पाकिस्तान के ऊर्जा मंत्रालय एक तेल समझौते पर चर्चा कर रहे हैं और पाकिस्तान इसे साकार होते देखना चाहता है। जब पाकिस्तानी वित्त मंत्री से पूछा गया कि क्या पाकिस्तान तेल क्षेत्र में रूस के साथ सहयोग बढ़ाने का अवसर देखता है, जिसमें अन्वेषण, उत्पादन एवं शोधन शामिल हैं, तो उन्होंने कहा कि ये सभी ऐसे क्षेत्र हैं जो रूस की शक्ति को दर्शाते हैं। हम चाहेंगे कि वे आएं और पाकिस्तान के साथ इस समीकरण को आगे बढ़ाएं। इस संबंध में दोनों पक्षों के ऊर्जा मंत्रालयों के बीच बातचीत चल रही है।

# रूस और ब्रिटेन के बीच छिड़ेगा युद्ध!

### ब्रिटिश चीफ ऑफ डिफेंस व खुफिया एजेंसी एआई-6 के प्रमुख के बयान से अटकलों को मिला बल

**लंदन।** रूस के खिलाफ अब ब्रिटेन ने मोर्चा खोल दिया है। ब्रिटिश चीफ ऑफ डिफेंस एवं खुफिया एजेंसी एमआई 6 के प्रमुख का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा, ब्रिटेन के बेटे और बेटियों जंग के लिए तैयार रहे। ब्रिटेन की संसद की इंटेलिजेंस एंड सिक्योरिटी कमिटी ने एक रिपोर्ट जारी की है।

इस रिपोर्ट के मुताबिक, रूस को सबसे बड़ा खतरा बताया गया, साथ ही चीन और ईरान पर भी निशाना साधा गया है। रिपोर्ट के मुताबिक यूक्रेन युद्ध के बीच रूस ने यूरोप में तोड़फोड़ और अस्थिरता फैलाने की मुहिम तेज कर दी है। ब्रिटेन में एक्टिव रूसी जासूसी नेटवर्क का खुलासा हुआ है, जिसमें विदेशी नागरिकों को प्रॉक्सी के तौर पर इस्तेमाल किया गया। मार्च 2025 में यूके में एक` सदस्यों को सजा सुनाई गई। रूस पर आरोप है कि वो अपराधी गिरोहों और प्रॉक्सी एजेंट्स



के जरिए गुप्त ऑपरेशन चला रहा है। मई 2024 में ब्रिटेन ने रूसी डिफेंस अताशे को निष्कासित कर दिया था। ब्रिटेन सरकार का कहना है कि यह कदम रूस की बढ़ती हानिकारक गतिविधियां के जवाब में उठाया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि रूस पश्चिमी देशों के यूक्रेन समर्थन को कमजोर करना चाहता है। इसी के चलते ब्रिटेन ने रूस को **Foreign Influence Registration Scheme ds Enhanced Tier** में डाला है। आईएससी की चेतावनी है कि रूस की गतिविधियां अब सिर्फ जासूसी नहीं, बल्कि सीधे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा हैं। ब्रिटेन की सशस्त्र सेनाओं के प्रमुख ने कहा है कि रूस की ओर से ब्रिटेन पर हमले का खतरा बढ़ता जा रहा है और देश के बेटों और बेटियों को लड़ने के लिए तैयार रहना चाहिए।

ब्रिटेन के एयर चीफ मार्शल सर रिचर्ड नाइटन ने चेतावनी दी कि रूस की सैन्य ताकत बढ़ रही है और यह डर पैदा करने वाली है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन में लगभग चार साल से चल रहे युद्ध की वजह से रूसी सैनिक अब युद्ध में पूरी तरह तपे हुए और अनुभवी हो चुके हैं। इसी के साथएयर चीफ मार्शल नाइटन ने कहा कि वो अपने फ्रांसीसी समकक्ष जनरल फैबियन मांडों से सहमत हैं, जिन्होंने पिछले महीने कहा था कि फ्रांस को रूस के साथ संभावित युद्ध में अपने बच्चों को खोने की आशंका के लिए तैयार रहना चाहिए।